फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 149 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 30 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com


ARBIT



**When a Japanese poster was worth a thousand words!** Language and imagery in these posters, lured the common man with the prospect of a better life free from the Empire.

**Vegetarian Indian Bash**

**Biggest Scientific Breakthroughs of 2022** Discoveries and achievements



*ईस्टर्न पापुआ न्युगिनी के फर्ग्युसन आईलैंड्स में कबूतर की एक उपप्रजाति 140 साल बाद देखी गई है। एक रिमोट कैमरा ट्रैप के जरिए वैज्ञानिकों ने ब्लैक नेप्ड फैज़ैंट पिजन की तस्वीरें ली हैं। बड़े आकार के और जमीन पर विचरण करने वाले इस पक्षी का पहली बार सन् 1883 में ब्यौरा दिया गया था। अमेरिकन बर्ड कंजर्वैन्सी में लॉस्ट बर्ड प्रोग्राम के डायरैक्टर और खोज अभियान के सहनेता जॉन सी मिटरमियर ने कहा, ''एक माह के सर्च अभियान के बाद इस फैज़ैंट पिजन की तस्वीरें देखना ऐसा था मानो हमें यूनीकॉर्न मिल गया हो।'' दिसम्बर 2022 में खोज दल, जिसमें पापुआ न्युगिनी और वहां के नैशनल म्यूज़ियम के लोग, कॉर्नैल लैब ऑफ ऑर्निथॉलजी तथा अमेरिकन बर्ड कंज़र्वैन्सी के विशेषज्ञ शामिल थे, ने फर्ग्यूसन आइलैंड पर स्थानीय लोगों से बात कर ऐसी जगहों का पता लगाया, जहां इनके मिलने की संभावना थी। उन्होंने घने जंगल में उन स्थानों पर गुप्त कैमरा ट्रैप लगाए, जो कदापि आसान नहीं था। कंज़र्वेशन बायॉलजिस्ट और खोजी दल के सहनेता जेसन ग्रैग ने कहा, ''हम माउन्ट किलकेरान केवैस्टर्न स्लोप के गांवों में गए, वहाँ हमें वो शिकारी मिले जिन्होंने यह फैज़ैंट पिजन देखा था। उसके बाद इस पक्षी के बारे में, जिसका लोकल नाम ''औवो'' है, हमारा यकीन और बढ़ गया और हमें लगा कि हम इस पक्षी के आवास के और करीब हैं।'' एक स्थानीय शिकारी ऑगस्टिन ग्रैगरी ने बताया कि, उसने पक्षी की आवाज़ भी सुनी है और इसे देखा भी है। उसकी टिप पर ये लोग क्वामा नदी के पास एक रिज पर पहुंचे जो समुद्र की सतह से 1000 मीटर ऊपर थी। खोज अभियान खत्म होने के मात्र दो दिन पहले कैमरा ने जंगल की जमीन पर चलते एक ब्लैक नेप्ड फीजैंट पिजन की तस्वीर ली। कॉर्नैल लैब ऑफ ऑर्निथॉलजी के शोधकर्ता और खोज टीम के सह नेता, जॉर्डन बोर्स्मा ने कहा, ''जब हमने कैमरा ट्रैप्स एकत्रित किए तो मेरा अनुमान था, कि ब्लैक नेप्ड फैज़ैंट पिजन की तस्वीर मिलने की संभावना एक प्रतिशत से भी कम है। फिर जब मैं तस्वीरों को स्क्रोल कर रहा था तो स्तब्ध रह गया, क्योंकि एक तस्वीर में यह पक्षी हमारे कैमरे के एकदम पास चल रहा था। यह खोज ''सर्च फॉर लॉस्ट बर्ड'' प्रोजैक्ट का हिस्सा है, जिसमें बर्ड लाइफ इंटरनैशनल, अमेरिकन बर्ड कंज़र्वैन्सी और रीःवाइल्ड शामिल हैं। पक्षी विज्ञानी मानते हैं कि फैज़ैंट पिजन बेहद दुर्लभ हैं और फर्ग्युसन आईलैंड के जंगल ही हैं, जहां ये मिल सकते हैं।*

# तमिलनाडू सरकार अपना स्वयं का आधार कार्ड जारी करेगी

## तमिलनाडू सरकार का तर्क है, यह ''मक्कल आई.डी.'' तमिलनाडू के नागरिकों को प्रदेश की सरकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ की व्याख्या करेगी और उन योजनाओं की ''एफिशिएन्सी'' नापने में मदद करेगी

- **भाजपा ने इस मुद्दे पर कहा कि, आधार कार्ड जारी होने से सरकार की ''वैलफेयर स्कीम्स'' में लीकेज़ और भ्रष्टाचार काफी रुका है। अतः डी.एम.के. नेता, भ्रष्टाचार को पनपाना चाहते हैं, क्योंकि वे इस भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, अतः वे अपना स्वयं का आधार कार्ड जारी कर, केन्द्रीय आधार कार्ड को कमज़ोर करना चाहते हैं।**
- **बहरहाल तमिलनाडू सरकार ने ये नई ''मक्कल आई.डी.'' उपलब्ध कराने के लिये सर्विस प्रोवाइडर्स के चयन के लिये टैंडर भी जारी कर दिया है।**

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर। क्या तमिलनाडु अपने अपने अधिकारों का दावा प्रस्तुत करने के मामले किन्ही अनूठे तथा बिल्कुल अलग तरीकों पर विचार कर रहा है, तथा स्वयं को केन्द्र को चुनौती देने के लिये तैयार कर रहा है? क्या इस बार उसने यूनिक आइडैन्टिफिकेशन नम्बर अर्थात आधार नम्बर का मुद्दा उठाया है? आधार, जो पहले से ही पूरे देश में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज के रूप में अस्तित्व में है, के बावजूद, तमिलनाडु अपना स्वयं का यूनिक आई.डी. नम्बर लाने जा रहा है जिसे उसने ''मक्कल आईडेन्टिटी (व्यक्ति की पहचान) नाम दिया है। तमिलनाडु ने, अपने इस प्रचंड राजनैतिक तूफान की शुरूआत करने के लिये, आई.टी. सेवा प्रदाताओं की तलाश के लिये टेंडर अधिसूचना जारी कर दी है।

जहाँ विपक्षी दल भाजपा ने तमिलनाडु सरकार की इस अनूठी पहल का उद्देश्य एंव समय के बारे में प्रश्न किये तथा इसे ''आधार'' को चुनौती देने तथा आधार को निरर्थक कर देने वाली एक खतरनाक मुहिम बताया है, वहीं एक भाजपा नेता ने तमिलनाडु सरकार के इस पहल पर हमला बोलते हुये कहा है कि, ''यह राष्ट्र-विरोधी भी है।'' दूसरी तरफ, डी.एम.के. (द्रमुक) नेताओं ने इसका बचाव करते हुये, इसे राज्य सरकार को एक वैध एवं सार्थक पहल बताया है जिसके जरिये, सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं को अभीष्ट लाभार्थियों तक पहुँचाने की प्रभावोत्पादकता में सुधार ला सकेगी।

तमिलनाडु सरकार का प्रस्तावित ''मक्कल आई डी'' राज्य के निवासियों के लिये एक यूनिक इन्डिविजुअल आइडैंटिफिकेशन सिस्टम है। द्रमुक के प्रवक्ता टी.के.एस. एलनगोवन ने इस बात का खंडन किया है कि टी.एन. आइडैन्टिफिकेशन नम्बर किसी भी रूप में आधार को चुनौती देगा। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल का भाजपा द्वारा किया गया विरोध निराधार है। उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा अभीष्ट लाभार्थियों तक उनकी पहुँच की प्रभावोत्पादकता को सुधारने में सरकार की मदद करना ही, इस पहल का विशिष्ट प्रयोजन है।''

उन्होंने कहा कि कुछ अन्य राज्यों में इसी प्रकार के पृथक आइडेन्टिफिकेशन नम्बर की प्रक्रिया चल रही है तथा सरकार की इस पहल को किसी अन्य एवं विशेष अर्थ में नहीं लिया जाना चाहिये। दर असल, इसे पूर्व, इस विचार पर चिन्तन ए.आई.ए.डी.एम.के. ने किया था लेकिन किन्हीं कारणों से वह इस दिशा में आगे नहीं बढ़ सकी। डी.एम.के. प्रवक्ता टी.के.एस. एलनगोवन ने भाजपा के आरोपों तथा सन्देहों को खारिज कर दिया और कहा कि आधार से भ्रष्टाचार किसी भी रूप में कम नहीं हुआ है। उन्होंने प्रश्न किया, ''केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा विधायकों'' को खरीदती रहती है तथा सरकारे बनाती रहती हैं तो क्या वे सारे लेन-देन आधार के जरिये रिकॉर्ड काये जाते हैं?'' इस प्रकार, उन्होंने भाजपा को आईना दिखा दिया, जो सरकार की ऐसी पहल के निर्णय का राजनीतिकरण कर रही है, जिसका उद्देश्य अभीष्ट लोगों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुँचने की प्रभावोत्पादकता को बढ़ाना है।

''मक्कल आई डी'', जो राज्य में डेटा-केन्द्रित प्रशासन को मजबूत बनाने की इस सरकारी पहल का हिस्सा है, के डेटाबेस के प्रबन्धन के लिये तमिलनाडु सरकार निविदाएं आमन्त्रित कर चुकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मुख्यमंत्री समकक्ष नेता को नकारा- निकम्मा कहें और भाषण दें कि, पार्टी के खिलाफ दुष्प्रचार मत करो'

## पूर्व विधायक भीमराज भाटी बोले- जो चुनावों में तीसरे नंबर पर रहे, लोकसभा में 5- 5 लाख से हारे, उनसे फीडबैक लेकर क्या हासिल होगा

- **प्रभारी रंधावा के सामने पूर्व विधायक भाटी यह भी बोले कि, 2018 में 23 विधानसभा क्षेत्रों में जीते गैर कांग्रेसी प्रत्याशियों को तवज्जो देकर पार्टी को गर्त में डाला। इन निर्दलियों और दूसरे दलों से आए नेताओं ने भ्रष्टाचार फैलाया तथा कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया।**

जयपुर, 29 दिसम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा राज्य में कांग्रेस के हालातों पर दो दिन से फीडबैक ले रहे हैं और जानना चाह रहे हैं कि किस तरह से सरकार रिपीट हो सकती है। इस फीडबैक में सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आई है कि कांग्रेस के राज्य नेतृत्व ने निर्दलीयों, बसपा से आए विधायकों, बीटीपी विधायकों, माकपा विधायकों तथा रालोद विधायक को तवज्जो दी, लेकिन उन सीटों पर चुनाव लड़ चुके कांग्रेस उम्मीदवारों को ना सिर्फ कमजोर किया, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं को भी बेहद निराश किया है।

रंधावा से मिलने आए पूर्व विधायक भीमराज भाटी ने कहा कि पार्टी टिकट प्राप्त करने के बाद जो लोग चुनाव में तीसरे नंबर पर आए हैं, जो लोग सांसद का चुनाव चार- पांच या छह लाख से हारे हैं, और जो लोग सरपंच का चुनाव नहीं जीत सकते, उन लोगों को बुलाकर बात करने से कांग्रेस को क्या मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अधिवेशन में कहा गया कि कांग्रेस के खिलाफ कोई बात नहीं करनी चाहिए, लेकिन जब मुख्यमंत्री ही अपने समकक्ष नेता को नाकारा निकम्मा कहे, तो फिर इस बारे में क्या कहा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि विधायकों और विधायक उम्मीदवारों ने भ्रष्टाचार फैला रखा है। उनकी डिजाइर पर ही काम होते हैं। ऐसे में कांग्रेस के बाकी नेता और कार्यकर्ता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक की तो फिर भी जिम्मेदारी है, लेकिन जो लोग हारे हुए हैं उनकी डिजाइर पर काम हो रहा है, वह भ्रष्टाचार फैला रहे हैं। उनकी कोई जिम्मेदारी भी नहीं है। ऐसे में पार्टी के फिर से सत्ता में लौटने की बातें हो रही है जो समझ नहीं आ रही। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में हम जैसे पूर्व विधायकों को नहीं जाने दिया गया जबकि नेता अपने चमचों को अंदर जाने दे रहे थे।

रंधावा जब सभी नेताओं से मिल रहे थे, तो वहीं 2018 में निर्दलीय प्रत्याशियों से चुनाव हारने वाले प्रत्याशियों ने हंगामा कर दिया। शाहपुरा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनीष यादव, बहरोड़ से आरसी यादव, नदबई से हिमांशु कटारा और खंडेला से सुभाष मील, दौलत मीणा समेत 7-8 उन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राज्यपाल ने विधानसभा सत्र आहूत करने की स्वीकृति दी

- **मुख्यमंत्री ने पेपर लीक प्रकरण और कोटा में आत्महत्याओं पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की आवश्यकता जताई।**

जयपुर, 29 दिसम्बर (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान की पन्द्रहवी विधानसभा का सत्र आगामी 23 जनवरी से आहूत करने की स्वीकृति प्रदान की है ।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को राजभवन पहुंच कर राज्यपाल से मुलाकात की। गहलोत ने राष्ट्रपति की राजस्थान यात्रा तथा प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कौशल विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन किए जाने पर भी चर्चा की।

राज्यपाल ने कोटा में कोचिंग संस्थानों में छात्र-छात्राओं द्वारा लगातार की आत्महत्या किए जाने के समाचारों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यू.पी. के क्षेत्रीय दलों के नकारात्मक रुख से नीतीश को भी झटका लगा!

## नीतीश सभी गैर भाजपा दलों का, जिनमें कांग्रेस भी शामिल है, गठबंधन तैयार करके, राष्ट्रीय नेता बनने के सपने देख रहे थे

- **अब ये सपने चकनाचूर हो गये से लगते हैं, सपा, बसपा व आर.एल.डी. नेताओं के रुख से।**
- **अखिलेश ने भारत जोड़ो यात्रा से न जुड़ने के अपने इरादे को उजागर करते हुए, आगामी विधानसभा, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन करने की संभावना से पूर्णतया इंकार किया।**

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर। कांग्रेस को भाजपा के साथ जोड़ते हुये, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने जहाँ इस बात की पुनः पुष्टि कर दी कि वे 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश में प्रविष्ट हो रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं होगें, वही 2024 के लोकसभा चुनावों के लिये कांग्रेस के साथ चुनाव से पहले या बाद में किसी प्रकार के गठबन्धन की सम्भावनाओं को भी खारिज कर दिया।

भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश वाले हिस्से के दौरान, सभी भाजपा-विरोधी ताकतों को एक मंच पर साथ ले आने की उम्मीद में, कांग्रेस ने विभिन्न पार्टियों, जिनमें सपा, आर.एल.डी., (राष्ट्रीय लोक दल) बसपा, सी.पी.आई., सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एस.बी.एस.पी.) के नेताओं के साथ, भाजपा को भी आमन्त्रित किया था। जहाँ अखिलेश यादव तथा आर.एल.डी. के जयन्त चौधरी अपनी अनुपलब्धता पहले ही व्यक्त कर दी थी, वहीं यह भी असम्भाव्य ही लग रहा है कि एस.बी.एस.पी. के ओम प्रकाश राजभर जैसे छोटे-मोटे दलों के नेता भी यात्रा में शामिल होंगे।

कांग्रेस को दिये गये अखिलेश के इस दो टूक जवाब को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उन योजनाओं के लिये भी एक धक्के के रूप में देखा जा रहा है, जिनके अन्तर्गत, 2024 के संसदीय चुनावों से पहले, वे राज्यों के अलग-अलग दलों को भाजपा के विरूद्ध एकजुट करना चाहते थे। नीतीश कुमार तथा जे.डी.यू. महासचिव के.सी. त्यागी ने अभी हाल ही में लखनऊ में अखिलेश के साथ मीटिंग की थी तथा मैनपुरी सीट के लिये सपा उम्मीदवार डिम्पल यादउव को जे.डी.यू. का समर्थन दिया था। बिहार के मुख्यमंत्री विपक्षी दलों, जिनमें कांग्रेस भी शामिल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश में 8 नए करोना संक्रमित मिले गुरुवार को

- **गुरुवार को जयपुर में 5, जालौर में दो और जैसलमेर में एक नया करोना संक्रमित मिला, अब एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 91 हो गई है।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 29 दिसम्बर (का.सं)। प्रदेश में गुरूवार को 8 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस दौरान 5 मरीज ही रिकवर हुए हैं, जिससे एक्टिव केस बढ़कर 91 हो गए हैं। हालांकि इस बीच करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में गुरूवार को 3 जिलों में 8 नए संक्रमित मिले। इससे पहले राज्य में 7 रोगी पाए गए थे। आज राजधानी जयपुर में 5, जालोर में 2 और जैसलमेर में 1 नया संक्रमित मिला है। आज राजधानी जयपुर में, बस्सी में 2 और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्षेत्रीय राजनीतिक दल यू.पी. में अपना प्रभाव व वोट, शेयर करने को तैयार नहीं

## इसीलिये अखिलेश यादव, मायावती व जयन्त चौधरी, भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ना नहीं चाहते

- **इन क्षेत्रीय पार्टियों को अंदेशा है कि, उनके यात्रा में जुड़ने से कांग्रेस की छोटी-छोटी पार्टियों में पैठ जम सकती है, जिसका नुकसान अखिलेश आदि को होगा।**
- **मायावती व अखिलेश ने सकारात्मक जवाब देने से बचने के लिये, यह भी कहा कि, उन्हें यात्रा से जुड़ने के लिये कोई आमंत्रण अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।**
- **इन लोगों ने इस बात पर यह औपचारिक नाराज़गी भी जतायी कि, कांग्रेस के प्रमुख जयराम रमेश ने देश की राजनीति में क्षेत्रीय दलों की भूमिका को काफी कम आंका। कांग्रेस इसी कारण यू.पी. में तो सीटें मांगती है क्षेत्रीय दलों से, पर, मध्य प्रदेश, राजस्थान व कर्नाटक में, जहाँ कांग्रेस की स्थिति कुछ बेहतर है, सपा, बसपा आदि को सीटें देने में आनाकानी करती है।**

**-डा. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर। कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश अब भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है क्योंकि राज्य की प्रमुख गैर भाजपा पार्टियों यथा बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी के नेता क्रमशः मायावती और अखिलेश यादव के साथ ही राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयन्त चौधरी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का कांग्रेस का आमन्त्रण ठुकरा दिया है। यात्रा एक विराम के बाद देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश से शुरू होकर अपने गन्तव्य कश्मीर को जाएगी।

अखिलेश यादव ने आज जहां यह कहा कि उनकी पार्टी को राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का निमन्त्रण तक नहीं मिला है, वहीं समाजवादी प्रमुख के निकट सूत्रों की ओर से ऐसे संकेत हैं कि कांग्रेस की इस यात्रा में शामिल होने का अखिलेश का कोई इरादा नहीं है।

यादव ने लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि ''हमें भारत जोड़ो यात्रा के लिए कोई आमंत्रण प्राप्त नहीं हुआ है। हमारी पार्टी की विचारधारा भिन्न है। भाजपा और कांग्रेस दोनों एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं।''

कांग्रेस के इस दावे कि उसने भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश चरण में शामिल होने के लिए सपा नेता अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमों मायावती और आर.एल.डी. के जयंत चौधरी सहित गैर भाजपा पार्टियों के कई नेताओं को निमंत्रण भेजा है, के बावजूद यादव का उक्त बयान सामने आया है।

चार बार मुख्यमंत्री रह चुकी मायावती ने जहां विनम्रतापूर्वक यह कहते हुए यात्रा में शामिल होने से इन्कार कर दिया कि वह अपनी पार्टी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में व्यस्त है, वहीं जयन्त चौधरी ने भी इसमें शामिल होने से इन्कार कर दिया है

इससे पहले, सोमवार को पत्रकारों के इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कि क्या उनकी योजना राहुल के आमन्त्रण को स्वीकार करने की है, अखिलेश ने इस प्रश्न का सीधा उत्तर देने से बचते हुए कहा कि ''हमारी भावना है कि भारत जोड़ो, हमारी भावना है उसके साथ, लेकिन सवाल यह है कि भाजपा को हटाएगा कौन-?''

सपा के प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने भी मीडिया को बताया कि सपा प्रमुख के यात्रा में शामिल होने की संभावना नहीं है क्योंकि पार्टी के पहले से ही कई तय कार्यक्रम है। चौधरी ने इस बात पर भी जोर दिया कि पार्टी को इस संबंध में कोई औपचारिक आमंत्रण प्राप्त नहीं हुआ है। इसको लेकर ऐसा ही कुछ जवाब बहुजन समाज पार्टी का है।

भारत जोड़ो यात्रा आगामी 3 जनवरी को गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी और शामली से कैराना होते हुए हरियाणा जाएगी। यात्रा अगले दिन बागपत के मावी कलां पहुंचेगी और बागपत के ही बागपत सिटी, सिसाना, सरूरपुर और बारोट से गुजरेगी। इसके बाद 5 जनवरी को यात्रा शामली जिले के आलम पहुंचेगी और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आरोपियों के घरों पर बुलडोज़र चलाना चाहिए'

- **कांग्रेस के विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने कहा, यू.पी. के मु.मंत्री योगी की तरह काम करने में क्या दिक्कत है, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बंद होना चाहिए।**

जयपुर, 29 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में पेपर लीक मामले में सरकार पर उठ रहे सवालों के बीच कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सलाह देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह ही आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाना चाहिए। मलिंगा ने कहा कि योगी की तरह काम करने में क्या दिक्कत है। हमारे यहां भी ठोस कार्रवाई करनी चाहिए ताकि बार-बार का यह सिलसिला बंद हो जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चरित्र के बिना ज्ञान बुराई की ताकत बन जाता है। जैसे कि दुनिया के कितने ही चालाक चोरों और भले मानुष बदमाशों के उदाहरण से स्पष्ट है।

–महात्मा गाँधी

# संविधान निर्देश देता है, सभी राज्य क्षेत्रों में समान नागरिक संहिता लागू हो, फिर विरोध क्यों?

भारत के संविधान का अनुच्छेद 44 राज्य को निर्देश देता है कि वह भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। इसमें अधिकथित तत्व देश के शासन में मूलभूत हैं और अनुच्छेद 37 के अनुसार विधि बनाने में इन तत्वों को (अर्थात् राज्य की नीति के निदेशक तत्वों को) लागू करना राज्य का कर्त्तव्य है। भारत के संविधान के भाग 3 में नागरिकों के मूल अधिकार दिये हैं जिन्हें हम राजनैतिक अधिकार कहते हैं, प्रत्येक नागरिक को पैदा होते ही ये मूल अधिकार प्राप्त होते हैं और भाग 4 में सामाजिक व आर्थिक न्याय देने हेतु राज्य के कर्त्तव्य के रूप में अधिकथित तत्व हैं। संविधान के प्रियम्बल में हम लोगों ने ही प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय देने की घोषणा की है। भारतीय संविधान के भाग 3 व 4 की समीक्षा करें तो पायेंगे कि नागरिकों के मूल अधिकार व राज्य के मूल कर्त्तव्य मानव अधिकार ही हैं जो Domestic न्यायालय में प्रवर्तनीय माने गये हैं। संविधान का प्रत्येक भाग विधान निर्मात्री सभा में पूर्ण विचार व चर्चा (बहस) के बाद अंगीकार किया गया है, अतः इस पर अब चर्चा करने का प्रश्न ही नहीं उठता। डा. अम्बेडकर के शब्दों में ये निदेशक तत्व केवल पूज्यनीय घोषणायें नहीं हैं अपितु अनुदेशों के दस्तावेज के रूप में है। ये तत्व कल्याणकारी राज्य की स्थापना के लिये आवश्यक हैं और शासन के मूलाधार हैं।

सन 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो और श्रीमती जोर्डेन डेंग देह के केसेज में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की है, इसके 10 वर्ष बाद सरला मुद्गल के केस में समान नागरिक संहिता लागू करने पर जोर दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक कानून में कोई संबंध नहीं है। बहु विवाह लोक नीति के विरूद्ध है और इस बुराई को कुप्रथा के रूप में जैसे सती व मानव बलि जैसे प्रथायें मानी जावें। जहां ये कस्टम्बरी हैं वहां कोई मार्ग ढूंढा जा सकता है। न्यायालय ने दो राष्ट्रों के सिद्धान्त को नकारा है, देश एक है सभी के हेतु समान नागरिक संहिता होनी चाहिये। सुप्रीम कोर्ट ने पुनः 2003 में जॉन वेल भट्टन के केस में इसे पुनः दोहराया है और स्पष्ट किया है कि शादी, उत्तराधिकार के मामले धर्म निरपेक्ष हैं। डा.अम्बेडकर के अनुसार 1935 से पूर्व भारत के भाग में उत्तराधिकार के मामले शरीयत से नहीं अपितु हिन्दू सक्सेशन लॉ से गवर्न होते थे। अतः आजादी के बाद व संविधान के लागू होने के बाद यह प्रश्न उठाना सर्वथा गलत है। इसे न मानने का अर्थ है संविधान को दुबारा लिखना। ट्रिपल तलाक समाप्त हो चुका है।

समान नागरिक संहिता लागू करने हेतु कई राज्यों ने घोषणायें की है। गोवा में बहुत पहले से समान नागरिक संहिता लागू है। सुप्रीम कोर्ट समय-समय पर समान नागरिक संहिता के पक्ष में अपना निर्णय दिया है जैसा उपरोक्त केसों से स्पष्ट है। समय-समय पर लॉ कमीशन भी इस विचार धारा से सहमति अभिव्यक्त कर चुका है।

**केन्द्र सरकार को अथवा राज्य सरकार सभी ने संविधान के अनुच्छेद 37 की सही व्याख्या को समझने का प्रयास ही नहीं किया। अनुच्छेद 37 में कहा गया है भाग 4 में अन्तर्विष्ट उपबंध न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं, किन्तु इसका यह अर्थ तो नहीं हो सकता कि राज्य अपने कर्त्तव्य की पालना ही नहीं करे।**

नेशनल ह्यूमन राईट कमीशन के चेयरपर्सन जस्टिस अरूण मिश्रा ने अपने सम्बोधन में जो उन्होंने नेशनल ह्यूमन राईट कमीशन द्वारा आयोजित मानव अधिकार दिवस पर स्पष्ट शब्दों में संविधान के अनुच्छेद 44 की व्याख्या करते हुये कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है। विकास में उनकी भागीदारी हो और उनकी शिक्षा की व्यवस्था हो। इस अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं तथा यूनाइटेड नेशन्स रेजिडेन्ट कोरडिनेटर फोर इण्डिया शोम्बी शार्प ने यूएनओ के सेक्रेटरी जनरल एटीनिओ गुटरेस का संदेश पढ़कर सुनाया। जस्टिस मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में महिलाओं के सशक्तिकरण, विकास व शिक्षा की आवश्यकता है। महिलाओं के साथ Discrimination भेदभाव और जेन्डर वोइलेन्स समाप्त होना चाहिये।

जस्टिस मिश्रा ने मानव अधिकार दिवस के जश्न पर बोलते हुये कहा यदि हम महिलाओं को गरिमामय जीने का अधिकार और पुरूषों जैसे समान अधिकार नहीं दे सकते तो यह जश्न मनाना ही बेकार है। जस्टिस मिश्रा ने पुरजोर शब्दों में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हमें सही राह दिखाई है और समय आ चुका है जब हमें समान नागरिक संहिता लागू करना ही चाहिये। अनुच्छेद 44 स्पष्ट निर्देश देता है कि समान नागरिक संहिता Dead Letter नहीं रहना चाहिये।

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि यूनाइटेड नेशन्स ने इस वर्ष के लिये नारा दिया है, Dignity, Freedom and Justice सभी के लिये। उन्होंने ऋग्वेद के एक श्लोक का उल्लेख कर हिन्दी में उसका अनुवाद करते हुये कहा है ''मानव के उत्थान व विकास के लिये सभी को एक सूत्र में बांध कर चलें''। हिन्दू दर्शन में भी यही सिद्धान्त प्रतिपादित किया है, ''बहुजन सुखाय बहुजन हिताय'' अर्थात् जनता की भलाई इसमें निहीत है कि सभी लोग खुशहाली में रहें।

केन्द्र सरकार को अथवा राज्य सरकार सभी ने संविधान के अनुच्छेद 37 की सही व्याख्या को समझने का प्रयास ही नहीं किया। अनुच्छेद 37 में कहा गया है भाग 4 में अन्तर्विष्ट उपबंध न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं, किन्तु इसका यह अर्थ तो नहीं हो सकता कि राज्य अपने कर्त्तव्य की पालना ही नहीं करे। संवैधानिक दायित्व का निर्वाह न करना भी संविधान का कन्टेम्पट (अवमानना) है।

अतः स्थिति स्पष्ट है तथा मान्य तरीका भी यही है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय उपरोक्त वर्णित निर्णयों को ध्यान में रखते हुये समान नागरिक संहिता लागू करने पर राज्य उचित कदत उठाये। उचित तो यह होगा कि शादी आदि व्यक्तिगत कानून के सभी धर्मों के प्रतिनिधियों, विद्वानों, लॉ कमीशन जूरिस्टों की कमेटी बनाई जावे, और कमेटी समान नागरिक संहिता का कानून बनाने का सुझाव दें। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट गजेन्द्र गडकर ने विधि आयोग के अध्यक्ष रूप में अपने विचार इस प्रकार अभिव्यक्त किये थे, ''अनुच्छेद 44 को लागू न करना भारतीय डेमोक्रेसी की असफलता है, हम जितनी जल्दी प्रयास करें वही अच्छा होगा। जस्टिस डेगडे ने कहा था कि धर्म के आधार पर पर्सनल लॉ मध्यकाल की बात है। जस्टिस छागला का विचार था कि अनुच्छेद 44 बाध्यकारी है और इसे लागू करना राज्य का दायित्व है। वस्तुतः नीति निदेशक तत्व मौलिक अधिकारों के पूरक हैं वे प्रवर्तनीय हैं। समय की पुकार है नागरिक संहिता लागू हो। शादी की विधि प्रत्येक धर्मों की अलग अलग हो सकती है। संविधान का अनुच्छेद 44 विधान निर्मात्री सभा ने पूरी बहस व चर्चा के बाद पारित किया है इसे लागू करना राज्य का कर्त्तव्य है। इसे लागू न करने की बहस, संविधान के मूल ढांचे के सिद्धान्त के विरूद्ध है, इस पर पुनः बहस अथवा चर्चा या विरोध अमान्य है। संविधान निर्मात्री सभा में अनुच्छेद 44 के बाबत विरोध हुआ, और उसका उत्तर के.एम. मुंशी ने किया तथा डा. अम्बेडकर ने समर्थन किया। समान नागरिक संहिता देश के सभी राज्यों क्षेत्रों में सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो।

**–अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# सरकार क्या होती है और हमें सरकार क्यों चाहिए

कई बार जब हमारा कोई काम सरकार के तंत्र में अटक जाता है तो हम झुंझलाहट में कह उठते हैं कि हमें सरकार की कोई आवश्यकता नहीं है। जरा- सा भी सोचने से यह स्पष्ट हो जाएगा कि चाहे इसमें कितनी ही कमियां हों परंतु सरकार के बिना मनुष्य के रूप में जीवन जीना असंभव है क्योंकि ऐसा होने पर लोग एक दूसरे को तुरंत प्रभाव से नष्ट कर देंगे। उदाहरण के तौर पर पुलिस गुंडों और असामाजिक तत्वों पर तो कुछ हद तक नियंत्रण रखती ही है पर उससे भी बड़ा काम परोक्ष में अपने आप होता है।


- **सरकार और नागरिक स्वतंत्रता का संतुलन ही एक बेहतरीन प्रशासन दे सकता है**

सदियों पहले ग्रीक दार्शनिक अरस्तू (एरिस्टोटल) ने एक बात कही थी कि शासन जीवन को बचाने के लिए अस्तित्व में आया है। सरकार एक तरह का सामाजिक समझौता है जिसमें राजनीति नागरिकों की भलाई के लिए की जानी चाहिए जिसके कारण राष्ट्र में शांति, संपन्नता और व्यवस्था बनीं रहे। पर क्या ऐसा सदैव होता रहा है? रूस में स्टालिन के शासनकाल में लाखों लोगों को गुलाग नामक यातना शिविरों में बंद कर दिया ताकि उन्हें सुधारा जा सके। चीन में माओ और उसकी चार की गैंग ने तथाकथित सांस्कृतिक क्रांति के दौर में करोड़ों जीवन तबाह किए।

अमेरिकन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने सफेद झूठ बोलकर इराक में ऐसी तबाही मचाई कि लाखों लोगों के मरने के बाद भी वहां शांति लौटने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। आज कितने ही देशों की सरकारें अपने नागरिकों को तो न्याय दिला नहीं पा रही हैं परंतु दूसरे देशों में युद्ध और आतंक फैलाने में करदाता के धन को बर्बाद करती नजर आ रही हैं। सदियों पहले रोमन दार्शनिक मार्कस तुल्लिस सिक्रो ने कहा था; न्याय विमुख सरकार रास्ते के लुटेरों के झुंड से अलग नहीं है।

इटालियन दार्शनिक मैकियावेली के अनुसार; राज्य सर्वोच्च स्तर का संगठन होता है जिसको बनाना ही पड़ेगा क्योंकि आदमी जाति स्वार्थी, धोखेबाज और अहंकारी होती है। इस तरह से हम देखते हैं कि सरकार और प्रशासन का होना अनिवार्य है, इस बात का कोई विकल्प नहीं है। जो शासन अनिवार्य है उसकी कुछ विशेषताएं भी होनी चाहिए क्योंकि उसके विभिन्न पदों पर बैठने वाले लोग तो वो ही हैं जिनका बखान मैकियावेली ने किया है।

सरकार और नागरिक स्वतंत्रता का संतुलन ही एक बेहतरीन प्रशासन दे सकता है। सरकार अपने अधिकारों का दावा करे यह तो ठीक है पर उसे यह भी देखना चाहिए कि सही क्या है क्योंकि सरकार ही एक नागरिक की संरक्षक होती है इसलिए यह जरूरी है कि सरकारी तंत्र सब को उपलब्ध हो



डॉ. रामावतार शर्मा

और उसकी जवाबदेही हो। तंत्र पारदर्शी हो तथा सबको साथ लेकर चलने वाला हो। मुद्दों पर आधारित आलोचना को न तो दरकिनार करना चाहिए और ना ही प्रताड़ित। शासन का अधिकार इस हद तक भी नहीं हो जहां वह जायज आलोचकों को प्रताड़ित कर सके।

17वीं सदी के अंत और 18वीं सदी के प्रारंभ में ब्रिटिश फिजिशियन एवम् दार्शनिक जॉन लॉक ने सत्ता के अधिकार को सीमित करने तथा नागरिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के बारे में आधुनिक विश्व का पहला दर्शन सामने रखा। अमरीका का संविधान डॉक्टर लॉक के सिद्धांतों से ही प्रेरित है। उनके अनुसार व्यक्ति का विस्तार ही राष्ट्र होता है इसलिए व्यक्ति के विकास और स्वतंत्रता के बिना राष्ट्र का विकास नहीं हो सकता।

आज विश्व के बहुत से देशों में व्यक्ति की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आज़ादी को कोई ना कोई खोखला व झूठा कारण बना कर छीना जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग चारों तरफ नजर आ रहा है। न्यायालयों की महत्ता और गरिमा को योजना के तहत नष्ट किया जा रहा है। सरकारें व्यक्ति की हर गतिविधि को नियंत्रित करने में प्रयासरत हैं। क्या पढ़ना है, क्या खाना पीना है, पहनना ओढ़ना है, लिखना और छपवाना है आदि सब पर किसी ना किसी तरह का अंकुश लगाने का प्रयास जारी है। यदि प्रशासनिक तरीके से बात नहीं बने तो सोशल मीडिया की ट्रोल सेना तो है ही।

गौर से देखें तो राष्ट्र एक नागरिक से टैक्स लेता है जिसके बदले में वह उसे रहने और कमाने के स्थान पर सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन देता है। राष्ट्र एक वृहद सुरक्षा चक्र है जिसको उपयोग में लेने के लिए नागरिक को अपनी कमाई का कोई 45-60 प्रतिशत हिस्सा देना पड़ता है। जब नागरिक धन देकर सुविधाएं प्राप्त करता है तो सरकार में बैठे लोग उसी नागरिक पर उपकार करने की बातें क्यों करते हैं? शासक लोग तो जनधन के बल पर ही विलासिता का जीवन जीते हैं। अमेरिका, रूस, चीन, भारत, अफगानिस्तान, कांगो जैसे अमीर और दरिद्र दोनों ही देशों के राजभवनों की तस्वीरों पर नजर डालने से स्पष्ट नजर आता है पुराने सम्राट तो इनके सामने कुछ भी सुविधाभोगी नहीं थे। क्या ये धन राजनेता अपनी मेहनत से अर्जित करते हैं? कोई भी देश अपने नागरिकों से दुर्भावनापूर्ण व्यवहार करके अनंत समय तक जिंदा नहीं रह सकता है। इस तथ्य को कोई राष्ट्र अपने विध्वंस की पहली ईंट रख कर ही भुला सकता है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**(चिकित्सक एवं लेखक)**

# कमजोर पैरवी के चलते जालोर नहीं जुड़ पाया सीधी ट्रेन सेवा से

**जालोर, (कासं)।** समदड़ी-भीलड़ी रेलखंड पर ब्रॉडगेज बने करीब नौ साल होने जा रहे हैं। वर्तमान जालोर सांसद पिछले तेरह साल से लगातार सांसद होने के बाद भी जालोर जिले के रैलयात्रियों के लिए जयपुर, दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा शुरू नहीं करवा सके हैं। पिछले कई सालों से जोधपुर-गांधीधाम सुपर फास्ट गाड़ी का विस्तार जयपुर करने की मांग को लेकर रेलवे उच्च अधिकारियों सहित रेलमंत्री को विभिन्न संगठनों ने मांग उठाई है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सांसद देवजी पटेल इस विषय पर पिछले आठ साल से चुपी साधे हुए है।




समदड़ी-भीलड़ी रेलखंड पर दिल्ली व जयपुर से जालोर नहीं जुड़ पाने से लोगों में मायूसी है।

- **पिछले कई सालों से जोधपुर-गांधीधाम सुपर फास्ट गाड़ी का विस्तार जयपुर करने की मांग को लेकर रेलवे उच्च अधिकारियों सहित रेलमंत्री को विभिन्न संगठनों ने मांग उठाई है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई**

ट्रेन संख्या 22421/22 सालासर एक्सप्रेस का विस्तार गांधी धाम तक संचालित है। जालोर जिले के लोगो की भारी मांग को देखते हुए अगर इस ट्रेन का विस्तार मारवाड़ भीनमाल या रानीवाड़ा तक किया जाए तो लाखों लोगों को सुविधा मिलेंगी। वर्तमान में इस ट्रेन को जोधपुर यार्ड में जगह नहीं होने से जोधपुर के आगे अजित स्टेशन पर 14 घंटे तक खड़ा रखा जा रहा है। रानीवाड़ा से शाम 4.00 बजे से सुबह के तीन बजे तक भीनमाल, जालोर, मोदरान, समदड़ी, जोधपुर तक 11 घंटे के बीच एक भी पैसेंजर ट्रेन नहीं होने से छोटे स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

श्री आशापुरी संघर्ष समिति के अध्यक्ष हरी सिंह ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी जालोर का जयपुर व दिल्ली से रेलसेवा से सीधा जुडाव नहीं होना दुर्भाग्यपुर्ण है। जिले के जनप्रतिनिधियों की कमजोर पैरवी का नतीजा है।

क्षेत्रिय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य रविन्द्र सिंह बालावत ने कहा कि जालोर को सीधी रेल सेवा दिल्ली व जयपुर से जोड़ने के लिए मैं प्रयासरत हूं। कई बार रेलवे बोर्ड की बैठकों में मुद्दा उठाया है। शीघ्र ही सौगात मिल सकती है।

पश्चिमी रेलवे परिषद के गोपाल जोशी ने बताया कि जालोर से जयपुर के लिए रेल सेवा के लिए जोधपुर-गांधीधाम का विस्तार करने की मांग को लेकर रेलमंत्री सहित स्थानीय सांसद को कई बार अवगत करवाया लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# सर्दी में भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहा है ख्याली गांव

**मलसीसर, (कासं)।** निकटवर्ती गांव ख्याली में सर्दी के मौसम में भी लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। ख्याली को पानी के लिए चूरू और झुंझुनूं जिले के सीमावर्ती गांव होने का खामियाजाना भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि घर-घर पानी योजना से दोनों जिलों ने ख्याली को वंचित कर दिया है।

- **मण्डावा विधायक रीटा चौधरी ने की थी मलसीसर डैम से जोड़ने की घोषणा**
- **मण्डावा विधायक रीटा चौधरी की घोषणा थोथी निकली**

मंडावा विधायक रीटा चौधरी की चुनावी घोषणा के बाद भी आज तक ख्याली गांव को मलसीसर डैम से नहीं जुड़ा गया है। वहीं दूसरी ओर आसपास के सभी गांव में घर-घर पानी की व्यवस्था कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ख्याली में चूरू जिले के सिरसला टंकी से पानी आता है। पानी बहुत ही कम मात्रा में गांव के अंदर पहुंच पाता है। यह मात्र 20 से 25 घरों तक ही आता है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अभिनेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में गत महीने मंडावा विधायक रीटा चौधरी से झुंझुनूं के विद्यार्थी भवन में मुलाकात कर उनकी चुनावी घोषणा याद दिलाई थी। इस पर विधायक चौधरी ने कहा कि 15 दिसंबर तक पानी पहुंच जाएगा। लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गए। पानी पहुंचना तो दूर पाईप लाईन भी नहीं डाली गई है। मण्डावा विधायक रीटा चौधरी की घोषणा थोथी ही साबित हुई है।

स्थानीय निवासी रूप सिंह ने बताया कि पानी के टैंकर गिराने पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दोनों जिलों के अधिकारी भी एक-दूसरे पर पल्ला झाड़ रहे हैं।

आपणी योजना चूरू के एईएन दीक्षा कटारिया ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सप्लाई अनियमित थी। आगे सप्लाई ठीक कर दी जाएगी। कटारिया ने कहा कि मलसीसर डैम से जोड़ने के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

स्थानीय निवासी इंद्र सिंह शेखावत, दलीप सिंह, दीपेंद्र सिंह, सद्दाम अली, गुलाब सिंह, मनोहर सिंह आदि ने कहा कि समस्या को दुरुस्त नहीं किया गया तो कार्यालय का घेराव करेंगे।

# मामूली बूंदाबांदी ने ठिठुरन बढ़ाई

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** मामूली बूंदाबांदी ने गुरुवार सुबह ठिठुरन बढ़ा दी। हालांकि इस दौरान बादलों के चलते न्यूनतम तापमान कुछ बढ़ा लेकिन ठिठुरन में कोई कमी नहीं आई। ठिठुरन के चलते सुबह लोग ऊनी कपड़ों में लिपटे सड़कों पर नजर आए।

- **अगले चौबीस घंटे में बढ़ सकती है सर्दी**
- **दो दिन बाद आएगा कोहरा**

मौसम एक्सपर्ट यह तो मानते हैं कि अगले एक दो दिन में सर्दी बढ़ेगी।

एक्सपर्ट बताते हैं कि इलाके से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पास हुआ है। यह इतना मजबूत नहीं है लेकिन मौसम पर असर तो दिखा रहा है। इसी के चलते अलसुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि इस दौरान इसे ट्रेस नहीं कया जा सका। अगले एक दो दिन इसका असर बादल और फिर कोहरे के रूप में सामने आ सकता है। पिछले तीन दिन के तापमान पर नजर डाले तो यह चार से छह डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। 26 दिसम्बर को न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस रहा। बादलों के चलते 27 दिसम्बर को यह 4.8 डिग्री सेल्सियस और 28 दिसम्बर को यह थोड़ा और बढ़कर 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# शहरी मनरेगा में मैट लगा रहे सरकारी कोष को चपत

**मालपुरा, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को 100 दिन का रोजगार देने के उद्देश्य को लेकर शुरू की गई शहरी रोजगार गारन्टी योजना में मालपुरा शहर में जारी मस्टरोल में मेट बने श्रमिक सरकारी कोष को चपत लगाने नहीं चूक रहे है।

मामले के अनुसार राज्य सरकार के आदेशों की पालना में नगरपालिका प्रशासन द्वारा शहर में शहरी रोजगार गारन्टी योजना शुरू कर तकरीबन 300 से अधिक श्रमिकों की मस्टरोल जारी की। श्रमिकों की मॉनिटरिंग के लिए मेट नियुक्त किये गये। मेट के पद पर नियुक्त श्रमिकों द्वारा बीते दो महिनों से महज जंगल कटाई के नाम पर मस्टरोल भरी जा रही है जबकि उक्त योजना में दो दर्जन से अधिक काम शामिल हैं। मेट द्वारा श्रमिकों से जो बिलायती बम्बूल कटवाये जा रहे हैं। इस ईंधन को पालिका प्रशासन द्वारा निलामी के जरिए बेचने की जानकारी दी जाती है।

- **काटे जा रहे बिलायती बबूल की लकड़ियों को पहुंचा रहे अपने घर**
- **दो महिनों से महज जंगल कटाई के नाम पर मस्टरोल भरी जा रही है**
- **मेटों के साथ मॉनिटरिंग में लगे तकनिकी अधिकारी भी ईंधन के गबन में शामिल**

लेकिन श्रमिकों से ही मिली जानकारी में सामने आया कि मस्टरोल में मेट बने श्रमिक अधिकारियों को बिना बताये ही काटे गये बिलायती बम्बूल के ईंधन को चोरी-छुपे अपने घर पहुंचा रहे हैं। पालिका ईओ देशराज मीणा से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि काटे गये बबूल एकत्रित कर निलाम किये जायेंगे। यदि मेट ईंधन को अपने घर ले जा रहे हैं तो जांच कर पाबंद किया जायेगा।

श्रमिकों का कहना है कि अब तक घाटी रोड, घाणा के बालाजी, कृषि उपज मंडी परिसर, विद्युत विभाग परिसर, झालरा तालाब की पाल, जयपुर रोड सहित अन्य स्थानों से तकरीबन 25 से 30 ट्रॉली बिलायती बबूल उठा लिये गये हैं। जिनकी अधिकारियों को भनक तक नहीं है। मेटो के साथ मॉनिटरिंग में लगे तकनिकी अधिकारी भी ईंधन गबन में शामिल हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 30 दिसम्बर, 2022**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र दिन 11:24 तक, वारियान योग प्रातः 9:45 तक, कौलव करण सांय 6:34 तक, चन्द्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृष, बुध-मकर, गुरू-मीन, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृ सिद्धि योग दिन 11:24 से सूर्योदय तक है। बुध वक्री धनु में रात्रि 10:56 पर प्रवेश करेगा। आज दुर्गाष्टमी, पंचक है। आज से शाकम्बरी देवी नवरात्रा आरम्भ होंगे।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:37 तक, लाभ-अमृत 8:37 से 11:12 तक, शुभ 12:29 से 1:46 तक, चर 4:21 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:19, सूर्यास्त 5:39



### मेष

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।




### वृष

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।



### कर्क

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




### सिंह

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




### कन्या

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### तुला

व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।




### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




### धनु

घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### मकर

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



### कुंभ

व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नवीन कार्यों उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।



### मीन

मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव दूर होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# हर्षोल्लास से मनाया गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व



जयपुर के राजापार्क में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह का 356वां प्रकाश पर्व गुरुवार को मनाया गया। सिख संगत ने अरदास की, सुबह दीवान सजाए गए। बाहर से आए रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। सिक्ख धर्म के दसवें गुरू, सरबंसदानी, साहिबे कमाल, दशमेश पिता, खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पुरब हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्रकाश पुरब के तहत सुखमनी सेवा सोसायटी बनीपार्क (रजि.) के सदस्यों ने संगत के साथ मिलकर गुरू गोबिंद सिंह जी की बाणी जाप साहिब के 1365 पाठ और चौपई साहिब के 7825 पाठ किए। सोसायटी की सदस्य पिंकी सिंह ने बताया कि सोसायटी के सदस्यों व स्त्री सत्संग ने सम्पूर्ण गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ किए, जिसकी समाप्ति आज गुरुपर्व के दिन गुरुद्वारा नेहरू नगर में सूर्य उदय सिंह व गुरुद्वारा सेक्रेटरी गुरमीत सिंह ने की।

इसके बाद गुरुद्वारा नेहरू नगर में भाई संतोख सिंह जी जालंधर वाले, भाई गुरमेल सिंह जी बंगला साहिब वाले व गुरुद्वारा नेहरू नगर के हजूरी रागी अजीत सिंह जी ने कीर्तन किए, जिसमें शब्द राजन के राजा, महाराजन के महाराजा, चोजी मेरे गोबिन्दा, सा धरती भई हरियावली आदि द्वारा संगत को निहाल किया। इसके अतिरिक्त, बच्चों ने कविता पाठ भी किए।

सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह का 356वां प्रकाश पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिख संगत ने गुरुद्वारों में अरदास की। सभी गुरुद्वारों में सुबह के दीवान सजाए गए। बाहर से आए रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद अटूट लंगर बरताया गया। मुख्य आयोजन गुरूद्वारा राजापार्क में हुआ। हीदा की मोरी, आदर्शनगर, जवाहरनगर, मालवीय नगर, वैशाली नगर, सेठी कॉलोनी, कंवर नगर सहित शहर के गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजाए गए।

गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर तीन दिवसीय गुरमत समागम के तहत राजापार्क के गुरु गोबिंद सिंह पार्क में कीर्तन दीवान सजाए गए। भाई सतनाम सिंह कुहाडका और भाई सिमरनजीत शबद कीर्तन किया।



## सांसद दीया कुमारी ने गुरु गोबिंद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

**जयपुर**, (का.सं.)। सिक्खों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह की जयंती के अवसर पर सांसद दीया कुमारी ने आज सिटी पैलेस में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने जयपुर के सिटी पैलेस में रखी गुरु की ऐतिहासिक तलवार की भी पूजा की।

गौरतलब है कि गुरु गोबिंद सिंह ने कुछ समय नाहन (सिरमौर जिला) में व्यतीत किया था। तब नाहन छोड़ते समय उन्होंने अपनी निजी तलवार तत्कालीन शासक को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की थी। राजमाता पद्मिनी देवी, जो कि नाहन से हैं, कुछ वर्ष पहले तलवार को जयपुर लेकर आई थीं। तब से यह तलवार सिटी पैलेस में है।

## प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है प्रकाश पर्व : राज्यपाल



राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह के नेतृत्व में आए प्रतिनधिमंडल ने मुलाकात की।

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि सिख धर्म के दसवें गुरु गोविन्द सिंहजी का प्रकाश पर्व सभी को प्रेम, भाईचारे और नेकी की प्रेरणा देता है। उन्होंने गुरु गोविन्द सिंहजी की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल मिश्र से गुरुवार को इस अवसर पर राजभवन में राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह के नेतृत्व में आए प्रतिनधिमंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल ने इस दौरान प्रतिनिधिमंडल से सिख धर्म के गुरुओं की कुर्बानी और बलिदान के बारे में चर्चा की । उन्होंने कहा कि गुरु गोविन्द सिंहजी ने समाज को अन्याय का प्रतिकार करने के लिए सदैव प्रेरित किया और रूढ़ियो से मुक्त करने के लिए कार्य किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात के दौरान सिख धर्म की गौरवशाली परम्परा के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सिख धर्म के पवित्र स्थलों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं । राज्यपाल श्री मिश्र ने सभी को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए दशमेश गुरु की शिक्षाओं का प्रसार करने का आ ान किया। इस दौरान राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह सहित जयपुर शहर के विभिन्न गुरुद्वारों से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मेरे शब्दों का भ्रामक प्रचार हो रहा है : ओम माथुर

**जयपुर**। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम माथुर ने बुधवार को परबतसर में जन आक्रोश सभा में दिये गए भाषण के एक अंश का ग़लत भावार्थ निकाल कर इस प्रकार दिखाया गया कि मैंने प्रधानमंत्री के लिये कुछ बोला है। मारवाड़ी में भाषण देते वक़्त वो शब्द बोला गया वो नहीं होना चाहिये था लेकिन इसके पीछे संगठन हित संरक्षण का भाव था कि दिल्ली के वरिष्ठ लोगों के पास सारी रिपोर्ट होती है तो मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के सामने जो बात रखूँगा तो वो भी सहमत होंगे क्योंकि वो हम सबके संरक्षक हैं। मैंने मेरे जीवन के 50 वर्ष संगठन को दिये हैं, प्रधानमंत्री के साथ मेरे लगभग 40 वर्ष के संबंध हैं उनके प्रति ऐसी बात की कल्पना भी नहीं कर सकता, उस दिन के सभी समाचार पत्रों में पूरा भाषण है जिसमें सिर्फ़ प्रधानमंत्री और सरकार की ही बात है। साथ ही ये प्रायोजित कार्यक्रम जहां से संचालित होता है उसकी संपूर्ण जानकारी भी मेरे पास है और उचित स्थान पर बता दी गयी है।

## पांच जोड़ी रेल सेवाओं में बढ़ाये डिब्बे

**जयपुर**, (का.सं.। रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु पांच जोड़ी रेलसेवाओं में डिब्बो की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार मुम्बई सेट्रल-हिसार-मुम्बई सेट्रल दुरन्तो रेलसेवा में मुम्बई सेट्रल से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक तथा हिसार से 3 जनवरी से 2 फरवरी तक 1 सैकण्ड एसी श्रेणी डिब्बें की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

बान्द्रा टर्मिनस-हिसार-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा में बान्द्रा टर्मिनस से 2 जनवरी से 30 जनवरी तक तथा हिसार से 3 जनवरी से 31 जनवरी तक 1 थर्ड एसी व 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। जोधपुर-भोपाल-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 31 दिसम्बर को एवं भोपाल से 1 जनवरी को 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

भगत की कोठी-दादर- भगत की कोठी रेलसेवा में भगत की कोठी से दिनांक 30 दिसम्बर व 1 जनवरी को एवं दादर से 31 दिसम्बर व 2 जनवरी को 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 31 दिसम्बर को एवं बान्द्रा टर्मिनस से 1 जनवरी को 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

## जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ें : सराफ

**जयपुर**। मालवीय नगर सेक्टर 10, महायच ज्वेलर्स पर ढाई लाख रुपये लागत के आभूषणों की दिन-दहाड़े हुई डकैती की जानकारी मिलने पर मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ मौके पर पहुंचे, एवं व्यापारियों के साथ धरना दिया। सराफ ने बताया कि मालवीय नगर में आये दिन चोरियां हो रही हैं और महायच ज्वेलर्स पर दिन-दहाड़े डकैत ढाई लाख रुपये के आभूषण ले गए एवं दुकान मालिक पर हमला किया, और पुलिस अब तक अपराधियों को पकड़ने में नाकामयाब रही है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश है। धरना स्थल पर जवाहर सर्किल थाना इंचार्ज मौके पर पहुंचे, सराफ ने डीसीपी राजीव पचार से फोन पर बात की, और निर्देश दिया कि जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ा जाये अन्यथा 6 जनवरी को भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय व्यापारियों के साथ जवाहर सर्कल थाने का घेराव किया जायेगा।

# प्रदेश में अब माइनर मिनरल ब्लॉकों की भी प्रीमियम दरों पर नीलामी : डॉ. अग्रवाल

- मैसनरी स्टोन प्लॉट 147 की रिजर्व प्राईस 1.50 लाख से 161.36 गुणा अधिक 2.42 करोड़ में नीलामी
- माइनर मिनरल के 630 प्लाटों की 6 दिसंबर से ई-नीलामी जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइन्स एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि मिनरल ब्लॉकों की पारदर्शी ई नीलामी व्यवस्था व व्यापक प्रचार-प्रसार से अब माइनर मिनरल ब्लाकों की भी प्रीमियर दरों पर नीलामी होने लगी है। जोधपुर के कास्टी गांव के पास प्लॉट संख्या 147 माइनर खनिज मैसनरी स्टोन में रिजर्व प्राईस 1.50 लाख के विरुद्व 2.42 करोड़ बोली प्राप्त हुई है जो रिजर्व प्राइस से 161 गुणा से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर से जारी नीलामी प्रक्रिया में जोधपुर के 61 प्लाटों की भारत सरकार के ई प्लेटफार्म पर अलग-अलग नीलामी में समग्र रिजर्व प्राइस एक करोड़ 77 लाख रुपए के विरुद्ध 49 करोड़ 26 लाख रुपए की बोली प्राप्त हुई है।

डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि माइंस विभाग ने माइनर मिनरल ग्रेनाइट, क्वार्टज, फेल्सपार, सेंडस्टोन, सिलिकासेंड, मेसेनरी स्टोन, चाइना क्ले, मारबल आदि के नीलामी के लिए 630 प्लॉट तैयार किए हैं। राज्य में खनिज प्लॉटों की बड़े स्तर पर नीलामी से वैध खनन, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार, निवेश के अवसर विकसित होने लगे हैं।

एसीएस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जोधपुर के राजस्व ग्राम कास्टी तहसील बावड़ी के खसरा संख्या 989 में खनिज सेण्डस्टोन व मैसनरी स्टोन के कुल 64 प्लॉटस डेलिनियेट कर ई-ऑक्शन 6 दिसंबर से 27 दिसंबर तक किये गये। इस ई-निलामी में 61 प्लॉटों की रिजर्व प्राइस राशि 1.77 करोड़ रु. के विरूद्ध 49.26 करोड़ रु. की बोलियां प्राप्त हुई, जो कि रिजर्व प्राइज से 27.83 गुणा अधिक है। माइनर मिनरल प्लॉटस के ई-निलामी से यह अब तक की सर्वाधिक बिड राशि है। उन्होंने बताया कि खनिज मैसनरी स्टोन के प्लॉट संख्या 147 में रिजर्व प्राईस 1.50 लाख के विरुद्व 2.42 करोड़ बोली प्राप्त हुई, जो 161.36 गुणा अधिक है। जो सर्वाधिक हैं।



ई-रिक्शा के बेतरतीब परिवहन से शहर में दिन भर जाम लगने से वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे हैं जिससे पर्यटकों के साथ-साथ आम जनता भी परेशान हो रही है लेकिन ई-रिक्शा के व्यवस्थित परिवहन को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। फोटो : दिनेश भरद्वाज

# संतों की सहमति से बालानंद मठ चौकड़ी में हुई जयराम दास की चादरपोशी : वेदांती महाराज

**जयपुर** (कासं)। चांदपोल की पुरानी बस्ती स्थित बालानंद मठ चौकड़ी में लक्ष्मणानंदाचार्य महाराज के उत्तराधिकारी के रूप में साधक शिष्य जयराम दास की चादर पोशी 30 नवंबर 2022 को श्री रामानंदीय विरक्त वैष्णव मंडल के संत-महंतों के साथ चारों संप्रदाय के पीठाधीश्वरों ने संपन्न की थी। इस मौके पर समाज के द्वारा लिखाये गये प्रतिज्ञा-पत्र पर महंत जयराम दास ने हस्ताक्षर करके समाज के सामने की गयी प्रतिज्ञाओं के प्रति प्रतिबद्धता का वचन दिया । यह जानकारी हरि शंकर दास वेदांती महाराज ने दी है।

हरि शंकर दास वेदांती महाराज से यह पूछने पर की आनन-फानन में उन पर महंताई कराने का आरोप है? इस पर उन्होंने तथ्यात्मक विवरण देते हुए बताया कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। वस्तुतः 3 नवंबर को लक्ष्मणानंदाचार्य महाराज की श्रद्धांजलि सभा में महेश चंद्र उपाध्याय (महेश दास) से श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित संप्रदाय के गणमान्य महानुभावों के द्वारा पूछा गया कि आपके पक्ष में क्या लिखा-पढ़ी हुई है ? इस प्रश्न पर महेश चंद्र उपाध्याय (महेश दास) ने बात को टालमटोल कर दिया। इसके बाद 6 नवंबर को सियाराम बाबा की बगीची, ढेर का बालाजी में डॉ. राघवाचार्य महाराज की अध्यक्षता में मीटिंग हुई । जिसमें मंडल के महंतों के साथ साथ बजरंग देवाचार्य तामड़िया, हरिदास महाराज अरणिया, राम रिछपाल दास महाराज त्रिवेणी धाम, ब्रह्म पीठाधीश्वर राम रतनदासजी, पंचखण्ड पीठाधीश्वर सोमेंद्र महाराज, महामंडलेश्वर रामसेवक दास, योगीराज रघुवीर दास व सियाराम दास के सामने साकेतवासी लक्ष्मणानन्दाचार्य का अंतिम इच्छा पत्र रखा गया, जिसके परिपेक्ष मे जयराम दास महाराज को सर्वसम्मति से महंत नियुक्त कर उन्हें सरकारी विभागों से कार्य कराने का अधिकार प्रदान कर दिया गया। इस प्रस्ताव को तीनों अनीयों के साथ विशिष्ट लोगों के पास अनुमति के लिए भेजा गया। जिसके उत्तर में सभी ने अपना-अपना अनुमोदन पत्र भेजा। तत्पश्चता 27 नवंबर को मीटिंग में 30 नवंबर को चादर दस्तूर करने की तिथि के नियत समय पर परंपराओं के अनुरूप महंताई संपन्न हुई। इसके बाद अखिल भारतीय पंच निर्मोही अनी अखाडा के महंत राजेंद्र दास महाराज ने अहमदाबाद स्थित जगन्नाथ मंदिर से पधारे महामंडलेश्वर दिलीप दास के साथ 20 व 22 दिसंबर को अखिल भारतीय पंच दिगंबर अनी अखाड़े के महंत राम किशोर दास शास्त्री, नाशिक ने एवं अखिल भारतीय चतु: संप्रदाय के महंत फूलडोल दास ने चादर ओढ़ाकर जयराम दास को बालानन्द मठ के पीठाधीश्वर के रूप में मान्यता प्रदान कर स्वागत सत्कार किया।



चांदपोल की पुरानी बस्ती स्थित बालानंद मठ चौकड़ी में लक्ष्मणानंदाचार्य महाराज के उत्तराधिकारी के रूप में साधक शिष्य जयराम दास की चादर पोशी 30 नवंबर को श्री रामानंदीय विरक्त वैष्णव मंडल के संत-महंतों के साथ चारों संप्रदाय के पीठाधीश्वरों ने संपन्न की थी।

- आनन-फानन में महंताई करवाने के आरोपों को खारिज करते हुए हरिशंकर दास वेदांती महाराज ने कहा कि " 3 नवंबर को लक्ष्मणानंदाचार्य महाराज की श्रद्धांजलि सभा में महेश चंद्र उपाध्याय (महेश दास) से संप्रदाय के गणमान्य महानुभावों के द्वारा पूछा गया कि आपके पक्ष में क्या लिखा-पढ़ी हुई है ? इस प्रश्न पर महेश दास ने टालमटोल की, जिसके बाद संत समाज ने जयराम दास को महंताई सौंपी"

हरि शंकर दास वेदांती महाराज ने बताया कि इस गद्दी की स्थापना जगतगुरु रामानंदाचार्य के शिष्य भावानन्दाचार्य तत् शिष्य अनुभवानन्दाचार्य ने संवत 1536 में की थी। परंपरानुसार कई पीढ़ियों के बाद विरजानंद के धर्म रक्षक शिष्य बालानंदाचार्य हुए, जिन्होंने चतु: संप्रदाय के वैष्णवों का संगठन बनाकर उसमें राष्ट्रधर्म के रक्षार्थ सर्वस्व न्यौछावर करने के जज्बातों से भरे हुए नागा की तीन अनीयों के साथ-साथ अखाड़ों का गठन किया तब से इस स्थान की ख्याति बालानंदमठ के नाम से हुई। यह चतु: संप्रदाय में वैष्णवी अनी अखाड़ों की संस्थापक पीठ बनी है, तब चारों संप्रदायों के लिए अत्यंत समादरणीय पीठ के रूप में जानी जाती है। यहां पर आज तक पीठाधीश्वर के रूप सभी निहंग महात्मा ही विराजित होते रहे है।

साकेत वासी महंत लक्ष्मनान्द दास के साथ निजी पारिवारिक भाई-भतीजों के जुडने के पश्चात महेश उपाध्याय (महेश दास) व अन्य ने मिलकर वर्ष 2018 में इस गद्दी को हड़पने के लिए देवस्थान विभाग में नए विधान के रूप में 500 रुपये के स्टांप पेपर पर नया ट्रस्ट विधान में आनुवंशिक शब्द जोड़कर पारिवारिक संपति बनाने का षडयंत्र किया था। लेकिन लक्ष्मनान्दाचार्य (लक्ष्मण दास जी) ने सहयोग नहीं किया और वह प्रस्ताव खारिज हो गया था। इन लोगों की खराब नियत को देखकर साधु समाज के वरिष्ठजनों के समक्ष लिखित में देकर लक्ष्मनान्दाचार्य ने अपने अनुगत साधू समाज के वरिष्ठजनों के समक्ष 9 अक्टूबर 2022 को इच्छा पत्र लिखित में प्रदान किया। जिसमे श्री रामानंदीय विरक्त परंपराओं के अनुरूप मठ की परंपरानुसार योग्य उत्तराधिकारी नियुक्त करने की बात पर विशेष जोर दिया गया था। मठ की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए मठ से जुड़ी बड़ी छावनी अयोध्या के महंत जदगीश दास के कृपा पात्र एवं लक्ष्मणानंदाचार्य के शिष्य जयराम दास की चादर पोशी की गयी है।

## राज्यपाल से मिला गौरक्षक दल का प्रतिनिधि मंडल

**जयपुर**, (का.सं.)। राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम महाराज ने राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की और गोरक्षा को लेकर बात रखी। इस दौरान दल के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में गौरक्षा के संबंध में कई सुझाव भी दिये जिसे राज्यपाल कलराज मिश्र ने ध्यानपूर्वक सुना

इस मौके पर राष्ट्रीय गौरक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, मनोज मिश्रा उपस्थित थे।

## जन आक्रोश सभाओं को विजयवर्गीय, रूपाला, सिंह संबोधित करेंगे

**जयपुर**। कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा जन आक्रोश सभाओं के आयोजन के कार्यक्रम हैं, जिसमें 90 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में जन आक्रोश सभाओं का आयोजन हो चुका है, जो आगामी दिनों में सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं होंगी।

राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेशभर के पार्टी पदाधिकारी, केन्द्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और कार्यकर्ता जनसभाओं में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय 30 दिसंबर को राजस्थान प्रवास पर रहेंगे, जहां वह पाली में दोपहर 1 बजे जन आक्रोश सभा को संबोधित करेंगे। 2 जनवरी को केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह जोधपुर कलेक्ट्रेट के सामने दोपहर 1 बजे जन आक्रोश सभा को संबोधित करेंगे। 3 जनवरी को केन्द्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 1 बजे जन आक्रोश सभा को संबोधित करेंगे।

## 25 महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटीं




**जयपुर**, (का.सं.)। एसोसिएशन आफ़ मुस्लिम प्रोफेशनल्स, जयपुर चेप्टर की ओर से आज यहाँ वन विहार स्थित राजकीय महात्मा गांधी अँग्रेजी मीडियम स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में 25 गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार के लिए निःशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी फारूक आफरीदी, समाजसेवी शब्बीर खान कार्पेट, मौलाना, अनवार शाह, एएमपी जयपुर चेप्टर के सदर मक़बूल अली नक़वी, राजस्थान चेप्टर के सदर चाँद मोहम्मद और अब्दुल वासी ने जरूरतमन्द महिलाओं को ये सिलाई मशीनें वितरित की और उम्मीद जताई कि इसके माध्यम से इनके परिवार स्वावलंबी हो सकेंगे।

प्रारम्भ में राजस्थान चेप्टर के सदर चाँद मोहम्मद ने बताया कि उनकी संस्था युवाओं को रोजगार और आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा दिलाने के लिए समर्पित है। युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए पिछले महीने जयपुर में राज्य स्तरीय जॉब फेयर लगाया गया जिसमें प्रदेश के 33 में से 31 जिलों के हजारों युवाओं ने अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराया। जॉब फेयर में शामिल बड़ी संख्या में मौजूद कंपनियों ने कुशल और अर्धकुशल युवाओं का मौके पर ही चयन कर लिया। संस्था गरीबों की सहायता के लिए भी निरंतर काम कर रही है।

# पाली और रोहट के किसानों के अब नहीं होंगे खेत खराब

## चार साल के संघर्ष के बाद, जनवरी में होगा जेड.एल.डी प्लांट का शुभारंभ



प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए तैयार जेडएलडी प्लॉन्ट।

**पाली**, (निसं)। पाली शहर और रोहट तहसील में पिछले 20 वर्षों से बांडी नदी में बह रहे प्रदूषित पानी के कारण किसानों की हजारों बीघा जमीन खराब हो चुकी है, जिसके लिए किसान संघर्ष समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से आंदोलन किया जा रहा है, शहर के इंडस्ट्रियल, सीईटीपी ट्रस्ट राजनेता वर्षों से केंद्र व राज्य सरकार से अनुरोध कर इसके समाधान के लिए जुटी हुई हैं, पिछले कई वर्षों से शहर में प्रदूषित पानी को ट्रीट करने के लिए 5 प्लांट भी लगाए गए हैं जो कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने कारण कम पड़ रहे हैं।

अब प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए पिछले 4 साल के संघर्ष के बाद जेड एलडी (जीरो डिग्री डिस्चार्ज )प्लांट 6 नंबर को अपडेट कर तैयार हो चुका है और कार्य भी शुरू हुआ है, जिसमें करीब 100 करोड़ रुपए खर्च आएगा जिसका 50 करोड़ केंद्र सरकार, 25 करोड़ राज्य सरकार और 25करोड़ पाली इंडस्ट्रीज ने दिया है, 6 नंबर प्लांट और चार नंबर प्लांट अगले 6 महीने में पूरी तरह तैयार हो जाएंगे इसके बाद 100 फीसदी प्रदूषण खत्म हो जाएगा, जेड एल डी का मतलब जीरो डिग्री डिस्चार्ज पानी निकलने से कोई प्रदूषण की संभावना नहीं होगी और यूज़ किया पानी फिर से सप्लाई हो सकेगा, जिसके कारण भूमि से पानी का दोहन भी नहीं होगा और भूमि से भी पानी खत्म नहीं होगा, इसका उद्घाटन जनवरी महीने में होने की पूरी संभावना है। यह पाली जिले के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है नव वर्ष में इसको लाने में विधायक, सांसद, सीईटीपी ट्रस्ट का भरपूर सहयोग रहा है। विधायक ज्ञानचंद पारख का कहना है कि 4 वर्ष पूर्व भी इसके स्वीकृति मिल गई थी, लेकिन अब जाकर तैयार हुआ है। जेड एल डी प्लांट बन जाने से पाली और रोहट से प्रदूषण का खात्मा हो जाएगा। सी.ई.टी.पी ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल गुलेचा ने कहा कि हमारी वर्षों की मेहनत रंग लाई है सरकार ने 6 नंबर प्लांट अपडेट कर जेड. एल .डी प्लांट लगाने से अब जीरो डिग्री पानी डिस्चार्ज होगा जिससे प्रदूषित पानी की एक भी बूंद नदी में नहीं जाएगी और प्रदूषण का इंडस्ट्रीज से पाप धुल जाएगा। विनय बंब अध्यक्ष राजस्थान टेक्सटाइल हैंड प्रोसेसर्स एसोसिएशन का कहना है कि पाली में प्रदूषण समस्या को समाप्त करने के लिए सी.ई.टी.पी फाउंडेशन द्वारा भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा जारी आई.पी.डी.एस स्कीम के तहत प्लांट नंबर 6 को अपडेट करते हुए जेड एल डी प्लांट बनाया जिसमें प्रदूषण की समस्या का निदान होगा एवं पानी भी वापस मिलेगा।

- **100 करोड़ की लागत से बनने वाले प्लांट में 50 करोड़ केंद्र, 25 करोड़ राज्य सरकार और 25 करोड़ पाली इंडस्ट्रीज ने दिये**

# गैंगस्टरों पर नकेल कसने के लिए 'ऑपरेशन हंटर' शुरू

- **चूरू, हनुमानगढ़, श्री गंगानगर और बीकानेर में टीम बनाने के दिये निर्देश**

**चूरू**, (कासं)। बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने संभाग के चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और बीकानेर में गैंगस्टरों पर नकेल कसने के लिए ऑपरेशन हंटर शुरू किया गया है। जिसके लिए सभी जिलों में टीम बना दी गई है।

टीम में काम करने वाले पुलिस अधिकारी गैंगस्टर की पूरी कुंडली तैयार करेंगे। जिसमे गैंगस्टर को फाइनेंशियल और अन्य संरक्षण देने वालों की भी लिस्ट तैयार की जा रही है। अगर कोई भी गैंगस्टर कोई अपराध करता है, तो पुलिस की ओर से तैयार की गई, कुंडली उसका पूरा डाटा बता देगी। जिससे पुलिस को कार्रवाई करने में आसानी होगी। आईजी ओमप्रकाश ने कहा कि आजकल अपराध का ट्रेंड बदल गया है। अपराधियों से सीधी मुठभेड़ हो रही है, लेकिन पुलिस के पास भी उन्हें जवाब देने के लिए ऑटोमेटिक हथियारों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस साइबर पेट्रोलिंग कर रही है। जिसमें सामने आया कि हजारों नाबालिग गैंग की चपेट में आ रहे हैं। बैठक में गैंगस्टर रोहित गोदारा और उसके गुर्गों की भी चर्चा हुई। बैठक में संगठित अपराधों शराब तस्करी, मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा और फिरौती मांगने पर लगाम लगाये जाने, ग्राम रक्षक योजना के प्रभावी क्रियान्वयन आदि को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। आईजी ओमप्रकाश ने साइबर सेल के इस कार्य की प्रशंसा की। मोबाइल ट्रेस करने वाले पुलिसकर्मियों में डीएसटी और साइबर सेल के हेड कॉन्स्टेबल भागीरथ, हेड कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र, कॉन्स्टेबल धर्मवीर सिंह, आईजी ने बताया कि पूरे देश में रेप, महिला अत्याचार और पोक्सो के मामले में 60 दिनों में चालान पेश करने के मामले में चूरू जिला देश में नंबर वन पर है, जबकि पूरे प्रदेश में भी चूरू नंबर वन की स्थिति पर बना हुआ है। चालान पेश करने से पहले मॉनिटरिंग के लिये पुलिस अधिकारी भी पूरे मामले की जांच करते हैं।

# बदमाशों ने फोन पे से पेमेंट के नाम पर दुकानदारों को लगाया चूना

**सांभरझील**, (निसं)। कुछ शातिर बदमाश दुकानदारों से सामान खरीदकर फोन-पे से पेमेंट करने का झांसा देकर फरार हे गए । हालांकि ठगी का शिकार हुए दुकानदारों की ओर से इस मामले में पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठगी का शिकार हुए गोला बाजार के पवन कुमार तालू ने बताया कि 27 दिसंबर को बाइक पर

- **बदमाश देशी घी, मीट व घरेलू सामान लेकर हुए रफूचक्कर**

सवार दो जने उसके पास में आए और 10 किलो देशी घी खरीद कर उसका पेमेंट फोन पे से करने का कहकर घी का कार्टून लेकर बाइक पर फरार हो गए। इन बदमाशों का फुटेज उनकी ओर से सीसीटीवी कैमरे से भी निकलवाया गया है जिसमें दो जने बाइक पर सवार दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी में आया है कि यह बदमाश फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसी प्रकार अज्ञात



सीसी फुटेज में बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक।

बदमाशों की ओर से तीन दरवाजा रोड स्थित मस्जिद के पास मीट का धंधा करने वाले मुन्ना भाई के यहां भी 700 का मीट खरीदा और 300 नगद लेकर 1000 फोन पे से पेमेंट करने का झांसा देकर फरार हो गए। तेली दरवाजा रोड स्थित ही मींट का धंधा करने वाले शाकिर कुरैशी व असलम भाई को भी इसी प्रकार अपने जाल में फंसा कर उन्हें अपना शिकार बना कर रफू चक्कर हो गए । कुछ माह पहले भी रेलवे स्टेशन स्थित रमेश किराना स्टोर के दुकानदार को भी बदमाश 11 किलो घी की चपत लगा कर चले गए थे।

# पालिका की खाली भूमि से हटाये अतिक्रमण

## नगरपालिका अध्यक्ष की मौजूदगी में पालिका दस्ते ने की कार्रवाई

**मालपुरा**, (निसं)। सांवरकर सर्किल के पास अस्पताल रोड गौरव पथ किनारे पालिका की रिक्त पड़ी 3 करोड़ से अधिक की सरकारी भूमि व भूखण्डों पर अतिक्रमण की नियत से भूमाफियाओं द्वारा पत्थर डाल अतिक्रमण के प्रयास की मिली सूचना पर गुरूवार को पालिका अध्यक्ष की मौजूदगी में पालिका के दस्ते ने करोड़ों रूपयों की भूमि व भूखण्डों को मुक्त कर एक दर्जन से अधिक पत्थरों की ट्रोलियां जप्त की।

पालिका अध्यक्ष आशा नामा ने बताया कि मुख्य सड़क किनारे करोड़ों रूपयों की सरकारी भूमि एवं रिक्त भूखण्डों पर उगे बम्बूलों की आड में अतिक्रमण की नियत से प्रभावशाली अतिक्रमी व भूमाफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में व अवकाश की आड में पत्थर डाल अतिक्रमण किये जाने की मिली शिकायत पर जमादार राजेश कुमार की अगुवाही में अतिक्रमणरोधी दस्ते के साथ गुरूवार को वो स्वंय मौके पर पहुंच



पालिका दस्ते ने करोड़ों की जमीन से अतिक्रमण हटाए।

जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू करवाया।

तकरीबन 3 घंटे तक पालिका अध्यक्ष मौके पर ही बैठी रही तो सरकारी पीला पंजा अतिक्रमणों पर चलता रहा। जमादार ने बताया कि कार्यवाही में एक दर्जन से अधिक पत्थरों की ट्रोलियां जप्त कर तहसीलदार आवास के पास रिक्त पालिका की भूमि पर डाले गये। कार्यवाही के दौरान कुछ अतिक्रमियों ने विरोध भी किया लेकिन मौजूद भारी जाप्ते ने अपनी कार्यवाही जारी रखी। साथ ही इन्द्रा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना में लगे श्रमिकों द्वारा मौके पर उगे बम्बूलों सहित जंगल कटाई कर सफाई की गई। अध्यक्ष ने बताया कि जल्द उक्त भूमि पर प्लान तैयार कर खुली बोली से भूखण्डों की निलामी की जायेगी। निलामी से पालिका कोष में जमा होने वाली राशि से विकास कार्य करवाये जायेंगे। साथ ही शहर के अन्य वार्डों में भी रिक्त पड़ी पालिका की भूमि व भूखण्डों को चिन्हित किया गया है जिन पर भी हुए अतिक्रमणों को हटा खुली बोली से निलामी की जायेगी।

# 'छुट्टियों में बच्चों को स्कूल बुलाने पर रद्द हो सकती है निजी स्कूलों की मान्यता'

**बीकानेर**, (कासं)। सर्दी की छुट्टियों में किसी भी स्थिति में बच्चों को स्कूल नहीं बुला सकेंगे। बीकानेर के डीईओ माध्यमिक ने इस संबंध में सभी प्राइवेट स्कूल को आदेश देते हुए चेतावनी दी है कि अगर कोई स्कूल संचालित हुई तो मान्यता रद्द करने के प्रस्ताव सरकार को भेज जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि आमतौर पर प्राइवेट स्कूल शीतकालीन अवकाश के दौरान स्कूल संचालित करते हैं। कई बार कोचिंग क्लासेज के नाम पर तो कई बार अन्य गतिविधियों के नाम पर स्कूल संचालित किए जाते हैं।

स्कूलों में 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक स्कूल संचालन पर विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी स्कूल में क्लासेज लगने के प्रमाण मिलते हैं तो मान्यता रद्द करने के प्रस्ताव शिक्षा निदेशालय को भेजे जाएंगे। दरअसल, प्राइवेट स्कूल शीतकालीन अवकाश में भी आठवीं, 9वीं व 10वीं की अतिरिक्त क्लासेज लगाते हैं । सीनियर सैकंडरी स्कूल 12वीं की क्लासेज भी लगाते हैं। अभिभावकों की शिकायत रहती है कि अत्यधिक सर्दी के बाद भी स्कूल्स स्टूडेंट्स को बुलाते हैं।

गिरिराज खेरीवाल, प्रदेश संरक्षक, पैपा का कहना है कि स्कूल संचालन को लेकर शिक्षा विभाग के नियम अपनी जगह सही है लेकिन यदि विद्यार्थी पढ़ने के लिए और अभिभावक स्कूल भेजने के लिए तैयार हैं, तो ऐसी स्थिति में स्कूल की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई करना न्यायोचित नहीं है।

- **बीकानेर के डीईओ माध्यमिक ने इस संबंध में सभी प्राइवेट स्कूल को आदेश दिए**

# हनुमान मंदिर के महंत को गंगापुर न्यायालय में पेश किया

## न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी महंत को 2 जनवरी तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

**भीलवाड़ा**, (निसं)। जिले के घोड़ास में स्थित प्रसिद्ध डांग के हनुमान मंदिर के महन्त सरजूदास महाराज को पुलिस ने गंगापुर न्यायालय में पेश किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी महंत को 2 जनवरी तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश जारी किए।

जांच अधिकारी और मांडल पुलिस उप अधीक्षक सुरेंद्र कुमार कुमावत ने बताया कि घोड़ास गांव के प्रसिद्ध डांग के हनुमान मंदिर के महंत सरजूदास महाराज को मांडल पुलिस ने बुधवार सुबह नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया। शीतकालीन अवकाश के चलते गंगापुर न्यायालय को दी गई न्यायिक प्रकरण निस्तारण की विशेष जिम्मेदारी के चलते आरोपी महंत सरजू दास को गंगापुर न्यायालय में



न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के दिए आदेश।

न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

महंत सरजू दास के वकील ने गंगापुर न्यायाधीश के समक्ष पुलिस के पास साक्ष्य नहीं होने पर जमानत देने की अर्जी लगाई थी। गंगापुर न्यायिक मजिस्ट्रेट रविंद्र यादव ने 2 जनवरी तक महंत को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के दिए आदेश। न्यायालय में कड़ी सुरक्षा की गई और पुलिस के आला अधिकारी भी न्यायालय परिसर में डेरा डाले रहे। किसी प्रकार के विरोध की संभावना के चलते एहतियात के लिए आसींद, करेड़ा, बनेड़ा, रायला, बागोर, पुर थाने के जाप्ते के साथ ही रिजर्व पुलिस बल तैनात किया गया।

- **महंत को मांडल पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया था**
- **न्यायालय में पुलिस के आला अधिकारी भी ढेरा डाले रहे**

# खड़ी कार में लगी आग, जनहानि नहीं

**बीकानेर**, (कासं)। यहां कोठारी अस्पताल के पास खड़ी एक कार में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। शुक्र रहा कि इस समय कार में कोई नहीं था, ऐसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग से कार के आगे का हिस्सा जलकर राख हो गया। पीछे का हिस्सा बच गया ऐसे में पेट्रोल टैंक तक आग नहीं पहुंच सकी।

जानकारी के अनुसार करीब डेढ़ बजे कोठारी अस्पताल के पास डॉ. प्रीति कल्ला के घर के आगे खड़ी कार के नीचे से धुआं आता दिखाई दिया। लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले आग की लपटें दिखाई देने लगी। कुछ ही देर में आग तेज हो गई। तब एक मकान से पानी का पाईप लाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। माना जा रहा है कि जहां कार खड़ी की गई थी, उसके नीचे किसी कागज में या कचरे में आग लगी है।

- **कार के नीचे कागज या कचरे में आग लगने की संभावना**

# जी.एस.टी विभाग ने गड़बड़ी मिलने पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**हिण्डौन सिटी** (कासं)। शहर में जीएसटी विभाग, जयपुर की टीम ने बुधवार को एक शहर के एक तम्बाकू, सुपारी उत्पाद के थोक विक्रेता कारोबारी के प्रतिष्ठान पर छापामारी कार्रवाई की।

विभाग की टीम ने सुबह 7 बजे से चली कार्रवाई में टीम के सदस्यों ने बयाना रोड स्थित टीकम कटरा स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान पर विभिन्न उत्पादों के बिलों को खंगाले । जिसमें गड़बड़ी पाए जाने पर विभाग ने पांच लाख का जुर्माना लगाया है। विभाग के संयुक्त आयुक्त केसी मीणा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया जीएसटी के बिलों के रिकॉर्ड खंगालने पर कई कमियां पाई गईं।

टीम ने उत्पादों की सुबह से गिनती शुरू हुई और रिकॉर्ड दर्ज करते रहे। देर शाम को कार्रवाई पूरी होने के बाद कई बिलों के अभाव में जीएसटी चोरी का मामला सामने आया। जिसके बाद विभागीय अधिकारी ने व्यापारी पर जुर्माना लगाया। जीएसटी बिल भुगतान के नोटिस के माध्यम से निर्देश भी दिए। इसी के साथ सात दिवस में रिकॉर्ड संकलित कर विभागीय कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए निर्देश भी किया गया। गौरतलब है कि राजकीय जिला चिकित्सालय के पीछे रूप कॉलोनी स्थित व्यापारी के आवास पर जीएसटी की टीम सुबह ही पहुंच गई। आवास पर पहुंची जीएसटी की टीम देख व्यापारी और आसपास हड़कम्प मच गया।

- **बिलों में गढबडी पाये जाने पर जयपुर की टीम ने की कार्यवाही**



जयपुर की टीम ने तम्बाकू, सुपारी थोक विक्रेता के यहां छापामारी कार्रवाई की

# तालछापर का मैदान अब वन्य जीवों के लिए छोटा पड़ने लगा

**चूरू**, (कासं)। चूरू जिले को देशभर में पहचान दिलवाने वाला ताल छापर का अभ्यारण्य अब वन्य जीवों के लिये छोटा पड़ने लग गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब नब्बे किलोमीटर दूर सुजानगढ़ के नजदीक स्थित तालछापर अभ्यारणय देश विदेश में काले हिरण सहित अन्य जीवों के लिये जाना जाता है।

जिसको देखने के लिये दूर-दूर से देश-विदेश के पर्यटक आते हैं। अभ्यारण्य करीब तीन किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है। जिसमें 4200 काले एवं श्वेत हिरण स्वच्छंद विचरण करते देखे जा सकते हैं लेकिन यहाँ पर तमाम सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम होने के बाद भी गाँव के कुत्ते फेंसिंग पार करके कई दफा हिरन व अन्य जीवों का शिकार कर लेते हैं। इन वन्य जीवों की देखभाल करने के लिए 15 कर्मचारी लगे हुए हैं।

यहां पर कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि अभ्यारण्य में हैरियर, डेमोफिल, क्रेन, कुरजा दो हजार से अधिक गत माह में आ चुकी।

ताल छापर में वन्य जीवों के लिए 34 प्रकार की घास खाने के लिए लगाई हुई है। इसी के साथ इनके पेयजल के लिए जगह-जगह छोटे छोटे पोंड बना रखे हैं। यहां की अधिकारी क्रांति सिंह ने बताया कि ताल छापर में घूमने के लिए गत वर्ष 2100 व 2022 में करीब दो हजार पर्यटक पहुंचे। वन्य जीवों के लिए अब यह स्थान छोटा पड़ने लगा है।

- **ताल छापर अभ्यारण्य देश विदेश में काले हिरण सहित अन्य जीवों के लिये जाना जाता है**

# पेपर लीक प्रकरण के लिए एस.आई.टी गठित

**उदयपुर**, (कासं)। वरिष्ठ शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच के लिए जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया है। इस टीम में 58 पुलिस अधिकारी शामिल है ।

एसपी विकास शर्मा ने बताया कि प्रकरण की पूरी जांच एसआईटी की ओर से की जाएगी। एसआईटी में जिले से 4 एएसपी स्तर के अधिकारी, 4 डीएसपी, 6 सीआई, 5 एसआई, 11 एएसआई, 9 हेड कांस्टेबल और 19 कांस्टेबल शामिल है। जानकारी के अनुसार पेपर लीक होने के बाद गिरफ्तार किए गए 55 आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जिन आरोपियों की रिमांड अवधि गुरूवार को पूरी हुई है उनकी रिमांड भी बढाए जाने की पूरी संभावना है। वही उदयपुर से गई टीमों ने जयपुर, जोधपुर और जालौर में भी दबिश देकर इस मामले से जुड़े लोगों की तलाश की जा रही है।

पुलिस इस मामले के मास्टरमाइंड की पत्नी और गर्लफ्रेंड को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। ऐसे में अब जल्द मामले की तह तक जाने के लिए एसपी ने 58 पुलिस अधिकारियों की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन भी कर दिया है।

# साक्षात्कार 23 से

**अजमेर**, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर, गृह (ग्रुप-1) विभाग, 2021 के कुल 859 पदों के लिए साक्षात्कारों का आयोजन 23 जनवरी 2023 से प्रारंभ किया जाएगा। इस परीक्षा के 11 अप्रैल 2022 को जारी परिणाम के अंतर्गत महानिदेशक एवं महानिरीक्षक पुलिस राजस्थान जयपुर द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें परीक्षा उपरांत 3 हजार 293 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया था। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि आयोग द्वारा 23 जनवरी से 2 फरवरी 2023 तक के साक्षात्कार कार्यक्रम का अनुमोदन किया गया है। इस अनुसार ही साक्षात्कारों का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार-पत्रों को आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने सभी मूल-प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति साथ लाने होंगे। इनके अभाव में साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय विस्तृत आवेदन पत्र दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों के आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने होंगे। विस्तृत आवेदन-पत्र को आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

# कश्मीर में राहुल वातावरण खराब करने जा रहे : अनुराग ठाकुर

## राहुल बताएं कि क्या वे धारा 370 और 35 ए हटाने के समर्थन में हैं ?

**जोधपुर**,(कासं)। केंद्रीय सूचना व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। जोधपुर एयरपोर्ट पर अनुराग ठाकुर के पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र जोशी, जोधपुर महापौर दक्षिण कुंती देवड़ा परिहार, भाजपा नेता महेंद्र मेघवाल, नरेश सुराणा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और राजस्थान सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के तहत कश्मीर जाने वाले हैं। वे वहां मोहब्बत फैलाने जा रहे हैं या फिर वातावरण खराब करने । राहुल बताएं कि क्या वे धारा 370 और 35 ए हटाने के समर्थन में हैं या नहीं।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जोधपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात की। एयरपोर्ट से अनुराग ठाकुर अपने परिवार के साथ रोहट स्थित मिहिर फोर्ट के लिए रवाना हो गए। वे आज जोधपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। कल 30 दिसंबर को सड़क मार्ग से जैसलमेर जाएंगे। 1 जनवरी को जैसलमेर से जोधपुर लौटेंगे और 2 जनवरी को दिल्ली रवाना होंगे।



जोधपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते केंन्दी मंत्री अनुराग ठाकुर।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी जम्मू कश्मीर जाने वाले हैं। वे कश्मीर में मोहब्बत फैलाने जा रहे हैं या फिर वातावरण को खराब करने। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास दंगों का रहा है। 1984 के दंगों से लेकर देशभर के दंगों से जुड़ाव रहा है। कश्मीर में धारा 370, 35 जिन्होंने लागू की हो, जिनके कारण 50 हजार के करीब लोगों की मृत्यु पिछले कई वर्षों में हो गई हो, उनसे मेरा सवाल है- क्या अनुच्छेद 370 और 35 ए, जिन्हें जम्मू कश्मीर से समाप्त कर दिया गया है, क्या राहुल गांधी इन्हें समाप्त किए जाने से सहमत है?

अनुराग ठाकुर से कहा- जम्मू कश्मीर में एक करोड़ साठ लाख पर्यटक पिछले 9 माह में आए हैं, क्या राहुल उनका स्वागत करते हैं? जम्मू कश्मीर में पथराव की घटनाएं बंद हो गई हैं और आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा रही है, क्या राहुल इसका स्वागत करते हैं ?

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि गहलोत सरकार ने 4 साल आरोप-प्रत्यारोप में निकाल दिए। उन्होंने पेपर लीक मामले में कहा कि गहलोत सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि 8 बार पेपर लीक होता है और वे इसे रोक नहीं पा रहे। उन्होंने कहा कि इनके मंत्रियों के रिश्तेदार ऊंचे ओहदे पर पहुंच जाते हैं लेकिन राजस्थान का युवा हताश-निराश होकर आत्महत्या करता है। गहलोत सरकार कितनी जान लेगी। न्यू पेंशन स्कीम को लेकर सभी राज्यों ने सहमति भरी थी, आगे की भी प्रक्रिया है। उन्होंने किसानों के कर्ज माफी का वादा किया था जो साढे चार साल में भी नहीं हुआ।

- **जम्मू कश्मीर में एक करोड़ साठ लाख पर्यटक पिछले 9 माह में आए हैं, क्या राहुल उनका स्वागत करते हैं?**

# 10 वर्ष में भी आवारा श्वानों की संख्या सीमित नहीं कर पाया जयपुर नगर निगम!

## नगर निगम ने एंटी बर्थ प्रोग्राम के नाम पर करोड़ों रुपये खर्चे, फिर भी हालात भयावह

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के पर्यटन स्थलों व आवासीय कॉलोनियों में आवारा श्वानों का आतंक छाया हुआ है। शहर में आये दिन डॉग बाइट की घटनाएं सामने आने के बावजूद भी ग्रेटर व हैरिटेज निगम के अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे है। बीते 10 वर्ष में जयपुर नगर निगम ने श्वानों के बधियाकरण के लिए एंटी बर्थ प्रोग्राम (एबीसी) चलाने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किये, लेकिन हालात आज भी भयावह है।



विद्याधर नगर में जेडीए प्रशासन द्वारा तैयार पर्यटन स्थल किशनबाग के सामने आवारा श्वान आये दिन मांस के टुकड़े लेकर घूमते रहते हैं, जो कि यहां पर्यटकों पर भी हमला करते हैं। फोटो-राष्ट्रदूत

- **हैरिटेज निगम 1512 रुपए प्रति श्वान बधियाकरण के एनजीओ को भुगतान कर रहा, ग्रेटर निगम में यह काम बीते 9 माह से बंद**
- **जयपुर ग्रेटर-हैरिटेज निगम में पशु चिकित्सक व सहायक तैनात, फिर भी श्वान बधियाकरण का काम एनजीओ के भरोसे टिका**
- **नगर निगम प्रशासन का दावा है कि शहर में 80 हजार से ज्यादा श्वान हैं, इनमें से 50 फीसदी का बधियाकरण हो चुका**

ग्रेटर व हैरिटेज निगम में पशु चिकित्सकों से लेकर पशुधन सहायक तैनात है, लेकिन निगरानी तंत्र न होने से कोई फायदा नजर नहीं आ रहा। नगर निगम के अफसरों ने श्वानों की संख्या सीमित करने के लिए एनजीओ को जोड़ा। हैरानी की बात यह है कि एनजीओ कैसे काम कर रहा है, इसकी निगरानी निगम की ओर से नहीं की जाती। जब डॉग बाइट के मामले ज्यादा होते हैं तो नगर निगम के अधिकारी फर्म को ब्लैकलिस्ट कर अपने हाथ साफ कर लेता है। जबकि, नगर निगमों की पशु प्रबंधन शाखा में दो-दो चिकित्सक और तीन पशु धन सहायक तैनात है। पशु पालन विभाग से कुछ चिकित्सक तो पोस्ट न होने के बाद भी निगम में डटे हैं।

हैरिटेज नगर निगम प्रति श्वान 1512 रुपए एबीसी प्रोग्राम के तहत एक एनजीओ को दे रहा है। ग्रेटर नगर निगम में पिछले 9 माह से श्वानों का बधियाकरण बंद है। सूत्रों की मानें तो शहर में श्वानों की संख्या 80 हजार के आस-पास है। अब तक एबीसी प्रोग्राम के तहत 40 हजार श्वानों के बधियाकरण का दावा निगम की ओर से किया जाता है। जिस श्वान का बधियाकरण हो जाता है, उसके दाएं कान को थोड़ा सा काट देते हैं।

सूत्रों की मानें तो ग्रेटर नगर निगम में आवारा श्वानों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाने वाली और बधियाकरण करने वाली फर्म ने बकाया का भुगतान न होने से काम बंद कर दिया। उधर हैरिटेज निगम में पिछले कई माह से एबीसी प्रोग्राम बंद था। इसे एक सितम्बर से चालू किया गया। हालांकि, प्रति श्वान दर 1512 रुपए निर्धारित की है। जबकि पहले इसे 819 रुपए में किया जाता था।

## अतुल पब्लिसिटी क्रिएटिव विज्ञापनों के लिए चयनित

**जयपुर** । राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में तीन दशक स अधिक समय से अग्रणी व मान्यता प्राप्त एजेंसी अतुल पब्लिसिटी प्रा.लि. को भारत सरकार सूचना प्रसारण मंत्रालय के सेंट्रल ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन (पूर्व में डीएवीपी) ने प्रिंट मीडिया क्रिएटिव एजेंसी के पब्लिसिटी को राजनीतिक क्षेत्र की सभी रूप से चन्हित कर अधिमान्य एजेंसियों की ऑल इंडिया सूची में रखा है।

उल्लेखनीय है कि अुभवली जनसंपर्क एवं प्रचार प्रसार विशेषज्ञों एवं नई पीढ़ी के जोशीले युवाओं से सुसज्जित अतुल टीम को इस उपलब्धि से नई उर्जा मिलेंगी। केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय के सेंट्रल ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेश के पत्र आईआर (आरआरके) स्टेट्स गैस प्रिंट-14-15 दिनांक 15.11.2022 के आदेश अनुसार मध्य भारत की प्रतिष्ठित अतुल पब्लिसिटी विगत 35 वर्षों से विज्ञापन दाताओं के उत्पादों, उनके कार्यो, शासन प्रशासन के जनता से जुड़े विज्ञापनों का सरल-उत्कृष्ट भाषा शैली के माध्यम से आमजनों के बीच प्रस्तुत करने में भूमिका निभाता आ रहा है। अतुल पब्लिसिटी को राजनीतिक क्षेत्र की सभी पार्टियों के चुनावी विज्ञापनों का कार्य भी विगत वर्षों से सौंपा गया था, जिसे बखूबी निभाया।

## कार और डम्पर में भिड़ंत, सड़क पर फैला डीजल

**जयपुर** । राजधानी के न्यू सांगानेर रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने सड़क पर गुरूवार सुबह कार और डम्पर की भिड़ंत हो गई। इस दौरान सड़क पर डीजल फैल गया। इस हादसे के बाद कई दोपहिया वाहन चालक इस डीजल के कारण सड़क पर फिसल गए। हादसे में कुछ लोग चोटिल भी हुए हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजल पर मिट्टी डलवाई। वहीं चार पुलिसकर्मियों को तैनात कर वाहनों को धीमी गति से निकलवाया।

- **सड़क पर डीजल फैलने से कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुए**

मानसरोवर थाना पुलिस ने बताया कि कार और डंपर की टक्कर के बाद डीजल टैंक लीकेज हो गया। इससे सड़क पर डीजल फैल गया। इस दुर्घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के दौरान कार में दो लोग मौजूद थे जिन्हें हल्की चोट लगी हैं।

इस पर पुलिस ने दुर्घटना थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। दुर्घटना थाना साउथ मामले की जांच कर रही हैं। सड़क पर फैले डीजल के कारण हुई दुर्घटना को देखते हुए सड़क पर मिट्‌टी डलवा दी गई हैं। जिसकी अन्य वाहनों और वाहन चालकों को कोई परेशान ना हो।

## नववर्ष के स्वागत पर पिलाएंगे दूध

**जयपुर** । इंडियन अस्थमा केयर सोसायटी, राजस्थान युवा छात्र एवं लोटस डेयरी की ओर से 31 दिसंबर को शाम 6 से रात्रि 12 बजे तक राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर आम नागरिकों को मिट्टी के सकोरो में गरमागरम दूध पिलाकर नव वर्ष का अभिनंदन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष जगदीश सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम में युवाओं को नशे सहित अन्य सामाजिक बुराईयों से दूर रहने का आव्हान किया जाएगा। संस्था सचिव धर्मवीर कटेवा ने बताया कि लोटस डेयरी 8000 लीटर का दूध निःशुल्क उपलब्ध करवाएगी। इस आयोजन में 35 से 40 हजार व्यक्ति दूध पीने आते है। इस आयोजन के करीब 10 हजार मिट्टी के सकोरों की व्यवस्था की गई है।

## फर्जी सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार

### वर्दी पहन कर लोगों पर रौब झाड़ रहा था आरोपी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी की मालवीय नगर थाना पुलिस ने वर्दी पहन कर लोगों को रौब दिखा रहे एक फर्जी पुलिस सब इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक कार और पुलिस वर्दी को जब्त किया है।


पुलिस ने बताया कि आरोपी हिम्मत सिंह (25) निवासी नागौर को गिरफ्तार किया है। वह मालवीय नगर इलाके में झालना बस्ती में रहता है। बीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद राजस्थान पुलिस में उपनिरीक्षक का कॉम्पिटिशन एग्जाम दे चुका है। मंगलवार शाम को मालवीय नगर थाने के एसआई रामकेश गश्त पर थे। इस दौरान सेक्टर-1 में की वर्दी पहना युवक लोगों में रौब दिखा रहा था। पुलिस वर्दी में रौब झाड़ रहे युवक को देखकर शक हुआ। इस पर उन्होंने उससे पूछताछ की। उसने खुद का नाम हिम्मत सिंह बताते हुए खुद को पुलिस लाइन में एसआई के पद पर तैनात होना बताया। उसकी कार पर भी आगे पीछे पुलिस स्टिकर लगा हुआ था। पुलिस लाइन में पोस्टिंग को लेकर अधिक पूछताछ करने पर पूरा मामले का खुलासा हो गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुद को फर्जी पुलिस उपनिरीक्षक होना स्वीकार किया। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले आई, जहां उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक कार और एसआई की वर्दी जब्त की। उसने पूछताछ में बताया कि एसआई भर्ती का कॉम्पिटिशन एग्जाम दिया था, लेकिन वह फेल हो गया। उसकी शादी नहीं हो रही थी। गांव में भी सबको पुलिस एसआई बनाने के बारे में बता दिया। जिसके बाद उसकी शादी की भी बात चल रही थी। करीब 15 दिन पहले ही पुलिस की वर्दी खरीदकर लाया था। रिश्तेदार की कार में बैठकर इधर-उधर जाता। पुलिस वर्दी में लोगों पर रौब झाड़ने लगा।

# नकल गिरोह के सरगना भूपेन्द्र का साथी गिरफ्तार, 19.36 लाख रुपये बरामद

## अन्तर्राज्यीय गैंग का सरगना भूपेन्द्र सारण फर्जी डिग्रियां व पेपर बेचकर कमाई हुई रकम अपने परिचित हनुमान विश्नोई के पास रखता था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । करणी विहार थाना पुलिस ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण के साथी हनुमान विश्नोई को 19.36 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोडाला की द्वितीय कृष्णा विहार कॉलोनी स्थित मकान नंबर-4 पर दबिश देकर आरोपी हनुमान विश्नोई निवासी समदड़ी (बाड़मेर) को दबोच लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि भूपेन्द्र सारण फर्जी डिग्रियां व भर्ती परीक्षाओं के पेपर बेचकर कमाई हुई काली कमाई को हनुमान के पास ही रखता था। इस मामले में दोनों की मिलीभगत उजागर होने के बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया।




आरोपी हनुमान विश्नोई

- **गैंग के सरगना भूपेन्द्र व उसके भाई गोपाल ने अपनी पत्नियों के नाम पर बगरू में 1500 वर्गमीटर की स्टील फैक्ट्री, रजनी विहार व चित्रकूट में दो प्लॉट खरीदे थे**
- **पुलिस पूछताछ में सामने आया कि भूपेन्द्र की साली का लड़का दिनेश कुमार खींचड़ भी उदयपुर में द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा देने गया था, उसे भी जी.के. का पेपर दिया गया था। हालांकि दो दिन पूर्व पुलिस ने जब भूपेन्द्र की पत्नी-प्रेमिका समेत 5 लोगों को पकड़ा था तो उनमें दिनेश भी शामिल था।**

दरअसल करणी विहार और मानसरोवर थाना पुलिस ने पिछले दिनों भूपेन्द्र सारण की पत्नी एलची सारण व पत्नी प्रियंका विश्नोई, उसके भाई गोपाल की पत्नी इंदुबाला, मोटाराम, दिनेश कुमार खींचड़ व रमेश कुमार खींचड़ को गिरफ्तार किया था। रजनी विहार स्थित भूपेन्द्र के मकान व प्रेमिका प्रियंका के घर से राजस्थान यूनिवर्सिटी समेत देश की कई जानी-मानी यूनिवर्सिटी, इंस्टीट्यूट्स व कॉलेजों की 40 से ज्यादा फर्जी डिग्रियां भी जब्त की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। तब पुलिस को मालूम चला कि भूपेन्द्र के बताये अनुसार यह लोग पैसे लेकर फर्जी डिग्रियां बेचते थे।

पूछताछ में सामने आया कि पिछले दिनों हुई द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में भूपेन्द्र सारण की साली का लड़का दिनेश कुमार खींचड़ भी उदयपुर में शामिल हुआ था। मौसा भूपेन्द्र ने दिनेश को भी भर्ती परीक्षा का जी.के. का पेपर देते हुए प्रश्न याद करवाये थे। हालांकि जब पुलिस ने करणी विहार स्थित भूपेन्द्र के घर पर छापा मारा तो पुलिस ने 5 लोगों में दिनेश खींचड़ को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस ने जब इनकी संपत्ति का ब्यौरा खंगाला तो मालूम चला कि अन्तर्राज्यीय गिरोह के सरगना भूपेंद्र सारण व उसके भाई गोपाल विश्नोई ने जयपुर के नजदीक बगरू इंडस्ट्रीयल एरिया में भूखंड संख्या जी-17 की 1500 वर्गमीटर जमीन पर बनी एस.बी.प्राइम स्टील फैक्ट्री अपनी-अपनी पत्नियों एलची सारण व इंदुबाला के नाम से खरीदी थी। जिसके दस्तावेज भी पुलिस ने बरामद कर लिये है। इसके अलावा रजनी विहार में 150 वर्गगज का भूखंड (67-सी) भूपेन्द्र व उसके भाई गोपाल ने खरीदा था। इसके अलावा भूखंड संख्या 106- बी ब्लॉक आशापूर्णा एम्पायर नेमी नगर चित्रकूट में 106 वर्गगज का प्लॉट मांगीलाल विश्नोई व सुरेश विश्नाई के नाम पर है। पुलिस इस मामले में अन्य जानकारियां जुटा रही है।



गुलाबीनगरी में नववर्ष-2023 मनाने के लिए इन दिनों देशी-विदेशी पावणे जयपुर आए हुए है। क्रिसमस, शीतकालीन छुट्टियां व न्यू ईयर को गुलाबी अंदाज में सेलिब्रेट करने के लिए यहां पहुंचे पर्यटकों की भीड़ इन दिनों जंतर-मंतर, आमेर, नाहरगढ़ व जयगढ़ किला तथा बिड़ला मंदिर समेत तमाम दर्शनीय स्थलों पर उमड़ रही है। फोटो-राष्ट्रदूत

## कार लूटने वाले बदमाश दबोचे

**जयपुर** । सदर थाना पुलिस ने यात्री बनकर कार किराए पर लेकर नशीला पदार्थ पिलाकर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो जनों को पकड़ा है। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने पूर्व में भी वारदात करना स्वीकार किया है।

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि 13 अक्टूबर को परिवादी गौरव कुमार शर्मा ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि 10 दिसंबर को दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन सर्किल के बाहर मिले थे। जिन्होंने उसे सुबह भागनगढ़ और मेहन्दीपुर बालाजी घुमाने के लिए कार बुक करने के लिए कहा। सुबह 7 बजे खासा कोठी पुलिया के नीचे मिलने की बात बताई। इस पर सुबह अंकित चौहान और एक अन्य साथी मिले जिनको लेकर वह कार से जयपुर से रवाना होकर भानगढ़ गए। वहां से मेहन्दीपुरा बालाजी और शाम को भरतपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद वह मथुरा उ.प्र में उसे पटक कर कार लूट ले गए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर एडिशनल डीसीपी रामसिंह शेखावत, एसीपी संजय आर्य और थानाधिकारी रायसल सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद इटावा उ.प्र निवासी सत्यम तोमर और दीपेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को बापर्दा गिरफ्तार किया हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सत्यम पूर्व में भी पुलिस थाना इकदिल, फ्रेण्डस कॉलोनी, बकेबर, सिकन्दरा आगरा उ.प्र के विभिन्न थानों में लूट, जहरखुरानी और डकैती के प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी उ.प्र का हार्डकोर बदमाश हैं।

## परकोटे की गलियां साफ होंगी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के परकोटे में हैरिटेज नगर निगम करीब 5 हजार गन्दी गलियों की सफाई व मरम्मत कार्य करवायेगा। इसकी औपचारिक शुरूआत गुरूवार को महापौर मुनैश गुर्जर व किशनपोल विधायक अमीन कागजी ने रामगंज बाजार में बड़ी मस्जिद रहमानिया के सामने की। महापौर मुनैश गुर्जर ने कहा कि परकोटे की गन्दी गलियाँ पिछले कई सालों से जर्जर अवस्था में थी। इनकी सफाई के लिये गत 15 वर्षों में कोई प्रयास न होने से परकोटे वासियों व शहर में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को मल-मूत्र युक्त कचरे एवं गन्दगी की वजह से अटी पड़ी गन्दी गलियों की बदबू एवं मच्छरों से बहुत परेशानी होती थी। निगम की तरफ से सफाई करवाई जाती थी लेकिन मरम्मत न होने की वजह से सफाई कार्य में बहुत दिक्कत आती थी। मुनेश गुर्जर ने कहा कि किशनपोल विधायक अमीन कागजी ने पिछले बजट सत्र में मुख्यमंत्री को परकोटे वासियों की इस परेशानी से अवगत करवाया। जिस पर सरकार ने 25 करोड़ की राशि मंजूर की। गन्दी गलियों की मरम्मत व सफाई होने से शहरवासियों को मच्छरों, गन्दगी व बदबू जैसी परेशानियों से निजात मिलेगी।

## वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान



**जयपुर,** (का.सं.)। सिनर्जी 2022 के 97 बैच मीट रीयूनियन का आज से आगाज हुआ। इस अवसर पर सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.बगरहट्टा जगदीश चौधरी नीलम बापना, लोकेन्द्र शर्मा, मोनिका जैन आदि वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया। आयोजनकर्ता पवन जैन ने बताया कि 29 दिसम्बर को आई लव एसएमएस प्रतिमा का अनावरण किया। संयोजक अनिल यादव, समीर गुप्ता, मुकेश ने इस अवसर पर 1997 के समय के शिक्षक समूह को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर 116 चिकित्सक परिवार सहित शामिल हुए। आज शाम को सपरिवार बगरू के होटल में परिवार सहित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और फुटबॉल बैडमिंटन आदि खेलों भी आयोजन किया गया।

## सार-समाचार

### मुहाना मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा



**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर की सबसे बड़ी मुहाना मंडी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुरूवार को फल-सब्जी मंडी के अध्यक्ष राहुल तंवर व अन्य व्यापारियों ने मुहाना थानाधिकारी जयप्रकाश पूनियां से बातचीत की। राहुल तंवर ने बताया कि मुहाना मंडी में बढ़ती हुई अपराधिक घटनाओं और मंडी की यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापारियों में चिंता का माहौल है। यहां प्रतिदिन हजारों व्यापारी, मजदूर व किसान आते हैं, लेकिन सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने मुहाना थानाधिकारी से आग्रह किया कि मंडी परिसर में पुलिस की गशत बढ़ाई जाये। इस अवसर देवेंद्र जैन, सतीश रावत, इमरान क़ुरैशी, राजेंद्र कूलवाल, राजेश सैनी, राहुल सेठी, रामेश्वर सैनी, विक्की मावर, आकाश सैनी व रवि सैनी समेत कई लोग मौजूद थे।

### पीआरएसआई जयपुर चैप्टर पुरस्कृत



**जयपुर** । पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा भोपाल में 25 से 27 दिसम्बर के मध्य आयोजित 44वीं ऑल इण्डिया पब्लिक रिलेशन्स कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने पीआरएसआई जयपुर चैप्टर को दो पुरस्कार प्रदान किए जिन्हें चैप्टर के अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने ग्रहण किए। इस अवसर पर सांसद राव उदयप्रताप सिंह एवं पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक भी उपस्थित थे। सचिव देवीसिंह नरूका ने बताया कि जनसम्पर्क प्रोफेशनल्स की 64 वर्ष से सक्रिय इस सोसायटी के देश में 25 चैप्टर हैं। पीआरएसआई जयपुर चैप्टर को वर्ष 2022 में श्रेष्ठ कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित करने के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पीआरएसआई जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष रविशंकर शर्मा को भी उनके जनसम्पर्क और जनसंचार क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। देवीसिंह नरूका ने आगे बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में 30 से भी अधिक विशेषज्ञों ने जनसम्पर्क और सम्बन्धित विषयों पर अपने गवेषणात्मक उपयोगी विचार प्रस्तुत किए। कॉन्फ्रेंस में देशभर से लगभग 300 प्रतिभागियों ने सहभागिता की जिसमें जयपुर चैप्टर के 16 प्रतिनिधि भी सम्मिलित थे।

### नेहा ने जीता मिस इंडिया-ग्लैम खिताब



**जयपुर** । रविसूर्या ग्रुप एवं अनंता रिसोर्ट जयपुर प्रजेंट एस.के.जे. ज्वैलर्स मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम, सीजन 4 का ग्रांड फिनाले अनंता रिसोर्ट जयपुर के भव्य बेन्क्वीट हॉल में संपन्न हुआ। 30 मिस एवं 10 मिसेज कैटेगरी की पार्टिसिपेंट्स के बीच हुए कड़े मुकाबले में मॉडल्स ने रैंप पर मंदाकिनी साड़ीज, रामाज् कुर्तीज, बौद्धी ट्री के डिजाइनर आउटफिट्स के साथ एसकेजे ज्वैलर्स की गोल्ड एवं रियल डायमंड ज्वैलरी को शोकेस किया। मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम के फाउंडर डायरेक्टर पवन टांक, सीईओ कीर्ति टांक, रविसूर्या ग्रुप के चेयरमैन रवींद्र प्रताप सिंह, पूर्व फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड सुपर मॉडल व बॉलीवुड अभिनेत्री सयाली भगत, राजस्थान खादी बोर्ड के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड फैशन डिजाइनर हिम्मत सिंह और बिग बॉस फेम मनु पंजाबी, एसकेजे ज्वैलर्स के डायरेक्टर उदय जोशी, मंदाकिनी साडीज के डायरेक्टर प्रशांत पौद्दार, सोहित टेलर मौजूदगी में नेहा शेखावत को मिस इंडिया ग्लैम सीजन 4 की विजेता घोषित किया गया। मिसेज इंडिया ग्लैम सीजन 4 का खिताब सुमन ब्याडवाल ने जीता। इनके अलावा अभिषेकता तंवर मिस इंडिया ग्लैम की फर्स्ट रनर अप, दीपिका सिंह सैकंड रनर अप एवं अंकिता राठौड़ थर्ड रनर अप चुनी गई। मिसेज इंडिया ग्लैम कैटेगरी में सोनू शेखावत को फर्स्ट रनर अप, गगनप्रीत कौर को सैकंड रनर अप एवं श्वेता जैन को थर्ड रनर अप चुना गया। साथ ही कविता चौधरी को मिस इंडिया ग्लैम राजस्थान 2023 एवं अंजू यादव को मिसेज इंडिया ग्लैम राजस्थान 2023 और रीना सिंह को मिस इंडिया ग्लैम इंटरनैशनल 2023 के टाइटल प्रदान किए गए।

### दूध पिलाकर होगा नववर्ष का स्वागत

**जयपुर** । विश्वकर्मा थाना और हरि ओम जन सेवा समिति राजस्थान की ओर से अंग्रेजी नव वर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर, शनिवार की शाम को 7 बजे से विश्वकर्मा थाने के बाहर दूध जलेबी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राजन जांगिड़ ने बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों को दूध पिला कर बिना नशे के जश्न मनाने का संदेश दिया जाएगा। समिति प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल और जयपुर शहर अध्यक्ष सुरेश जांगिड़ ने बताया कि दूध महोत्सव के पीछे यही मकसद है कि युवा नए साल के नाम पर शराब के नशे में न डूबे।

### रेनू सिंह रोटरी क्लब पर्ल की अध्यक्ष

**जयपुर** । रोटरी क्लब जयपुर पर्ल जो महिलाओ द्वारा महिलाओ के लिए कार्य करती है। आगामी 2 वर्षो के लिए रेनू सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। अध्यक्ष द्वारा आज कार्यकारिणी गठित की गई। इसमें सचिव गायत्री शर्मा व प्रेसीडेंट अनुराधा शर्मा को बनाया गया। वर्ष 23-24 की टीम सेक्रेटरी रेखा कौशिक वाइस प्रेजिडेंट डॉ अंजना वर्मा, मेंबरशिप ग्रोथ कमलेश बोयत , कोषाध्यक्ष संतोष गोयल , डायरेक्टर संतोष माखीजा, सरिता राजोरिया सर्विस प्रोजेक्ट संगीता यादव, पब्लिक इमेज एडवोकेट राजकुमारी सोशल मीडिया, आई टी.वोकैशनल सर्विस शशि जैन,अमिता भार्गव, रश्मि गोयल स्नेहलता को बनाया गया ये सभी अनुराधा जोशी के सहयोग से कार्यक्रम करेंगी। कार्यकारिणी द्वारा महिलाओ के सशक्तिकरण, बच्चों व बालिकाओं के विकास कार्यक्रमो पर काम करने का संकल्प लिया।

### जयसिंहपुरा खोर में लेपर्ड से दहशत

**जयपुर** । जयसिंह पुरा खोर में एक बार फिर पैंथर की दस्तक हुई है । रविवार देर रात चाहल कदमी करता हुआ पैंथर सीसीटीवी में कैद हुआ है। पैंथर का वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि आए दिन यहां पैंथर और अन्य वन्यजीव आते रहते हैं जिससे उन्हें और उनके पशुओं की जान को खतरा है, वन विभाग की इस ओर ध्यान देना चाहिए। स्थानीय निवासियों ने इसकी सूचना वन विभाग को भी दी।

### शिक्षा शास्त्री के आवेदन सिर्फ आज

**जयपुर** (कासं)। जगद्गुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में प्री-शिक्षाशास्त्री, प्री-शास्त्री-शिक्षाशास्त्री (चार वर्षीय) एवं प्री-शिक्षाचार्य में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 76 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2022-23 में द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (बीएड), चारवर्षीय इंटीठोटेड शास्त्री-शिक्षाशास्त्री (बीए-बीएड) एवं शिक्षाचार्य (एमएड) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नियमानुसार प्रवेश परीक्षा (प्री-टेस्ट) होगी।




## Bicarbonate of Soda Day

It comes by many names, Baking Soda, Sodium Bicarbonate, or my personal favourite Bicarbonate of Soda, because it never hurts to use more words to say things. It's become a fairly integral part of our society, being used in everything from tackling the most difficult cleaning jobs to making our cookies and cakes come out nice and fluffy. Bicarbonate of Soda Day reminds us just how much a part this simple little salt plays in our lives, and encourages us to take a look at its origins.

**#THE YEAR THAT WAS**

# Biggest Scientific Breakthroughs of 2022

From photos of the infant universe to an energy advancement that could save the planet



Nuclear Fusion.

Scientists in many fields got little attention over the last two years as the world focused on the emergency push to develop vaccines and treatments for COVID-19. But labs and researchers remained busy, and this year they've reported a dizzying series of major discoveries and achievements. Here's a look at some of the most stunning scientific breakthroughs of 2022:

### Nuclear Fusion

Scientists at the Lawrence Livermore National Laboratory in California announced in December that they had produced the first fusion reaction that created more energy than was used to start it. The long-elusive achievement marked a major breakthrough in harnessing the process that fuels the sun. "This milestone moves us one significant step closer" to "powering our society" with zero-carbon fusion energy, Energy Secretary Jennifer Granholm said.

### The James Webb Telescope

Popular Science magazine this year named NASA's James Webb Space Telescope the Innovation of the Year in aerospace technology. Unlike the Hubble space telescope, which scanned the heavens from low Earth orbit, the Webb telescope is camped hundreds of thousands of miles farther out, sitting in Earth's shadow, where it is permanently blocked from sunlight. Its view further protected by a multilayer sunshield, it sits at the temperature (-370 degrees Fahrenheit) best suited for its infrared sight.

### Transplant Promise

A group of Yale scientists reported in the journal Nature this summer that they succeeded in reviving cells in the hearts, liver, kidneys, and brains of pigs that had been lying dead in a lab for an hour. The researchers accomplished the feat by using a device much like a heart-lung machine to pump a custom-made solution, dubbed OrganEx, into the pigs' bodies. The pigs' hearts started beating and sent the solution through their veins.

The pigs weren't revived, but their organs started functioning again, and they "never got stiff like a typical dead pig."

### Changing an Asteroid's Trajectory

If you've watched Armageddon or Deep Impact or some other movie about an asteroid threatening to wipe out life on Earth, relax. NASA this year proved with its Double Asteroid Redirection Test (DART) mission that it has the ability to deflect a giant space rock off a collision course with our planet. NASA sent the 1,100-pound DART spacecraft slamming into a 525-foot-diameter asteroid, Dimorphos, at 14,000 miles per hour to see whether the impact force would be enough to change its trajectory.

### AI for Artists

Artificial intelligence is opening up new possibilities for businesses and households, and now new text-to-image generators are giving everyone from artists to urban planners to reconstructive surgeons a new tool to help them visualize ideas. DALL-E 2, which Open AI released in July, looks at hundreds of millions of captioned images to turn text prompts written by users into images.

### New Vaccines to Fight Malaria

Malaria, found in more than 90 countries, kills an estimated 627,000 people every year. Vaccines could help reduce or eliminate the toll, but scientists have struggled to develop a highly effective one. This year, though, the technology used to create mRNA vaccines against COVID-19 has helped a research team led by George Washington University develop two experimental mRNA vaccine candidates that are highly effective in reducing malaria infection and transmission, according to a study published in December in npj Vaccines.

### Cancer Treatments Advance

Scientists reported progress on several fronts in the battle against cancer. A team led by Chris Jones, a professor of Pediatric Brain Tumor Biology at the Institute of Cancer Research, worked with the company BenevolentAI to use artificial intelligence tools to come up with a new drug combination to fight diffuse intrinsic pontine glioma, an incurable childhood brain cancer. The proposed combination extended survival in mice by as much as 14 percent and has been tested in a small group of children.

### Creating Life without Sperm or Eggs

In experiments at the Weizmann Institute of Science in Israel, researchers created mouse embryos inside a bioreactor that were made up of stem cells cultured in a Petri dish – no egg, no sperm. The embryos developed normally, starting to elongate on day three and developing a beating heart by day eight. It was the first time scientists ever managed to grow fully synthetic mouse embryos outside the womb.



Creating Life without Sperm or Eggs.

**#HISTORY**

# When a Japanese poster was worth a thousand words! (...2)

Japan tried its best to woo the Indians and Indian soldiers during WWII through its posters depicting the cruelty of British Raj and the dreams of a free Asia. But did their strategy really work?



**Sandeep Mukherjee**

*The writer is a historian with a special interest Asian history.*

The posters are moving, haunting and thought provoking. Each poster evokes a moment of misery under the Empire, and some even attempt to give alternative outcomes, should India free herself from the shackles of the Raj. The approach to south Asian figures is strange and sardonic, in a sweeping, over-generalised way - men and women drawn out as dark and meagre, with protruding eyes and a pointy chin. The highly stylised approach is evocative of cartoons, even manga, in places. The colours, still remarkably well-preserved, are often either garish or muted in tones - depending upon the printing techniques of lithography or offset.

Several figures are repeated. Among them are the rotund, crude caricature of Winston Churchill-portrayed as the ambassador of the Empire-and the figure of a dark, sparsely-clothed, furious-looking Indian, who is often holding a weapon over the British Prime Minister. This dark, turbaned figure, appearing time and time again, can be viewed as a metaphor for self-empowerment against the Empire.


There is a desperate image of a woman-perhaps the embodiment of Mother India-holding a dying body and standing among a sea of bodies at the Jallianwala Bagh massacre of 1919. In the background can be seen a slew of Indians holding sickles and other weapons, a fluttering tiranga with Gandhi's chakra emerging from within the crowd, chasing uniformed men carrying rifles. The text in Hindi and Bengali reads, "Any Indian whose blood doesn't boil at the memory of the Amritsar massacre cannot be called an Indian. This is the golden opportunity for revenge." This can be seen as a haunting reminder of Jallianwala Bagh, particularly juxtaposed against the fact that soldiers, fighting in World War I for the British, would have only just returned home to be greeted by news of the massacre. The sheer consideration for detail and nuances from history in the poster is really quite remarkable.



Entire Asia is moving towards victory. Come let us break our shackles and fight for freedom.



Britain destoryed India's cotton industry.




A poster depicting Winston Churchill feeding on India's poor.

### Awake, Arise & Destroy

In another image, Churchill can be seen at the centre of a web, his head placed upon the body of a spider that has spun a web of submission. In his hands is a bag of gold coins-riches from the subcontinent-and around him are submissive figures of Indians in pleading or praying positions. They are clothed like ascetics, and their hands are shown folded in devotion, portraying the peace-loving nature of the locals. The caption, when translated, reads, "An unprecedented opportunity to win freedom presents itself. Awake, arise and destroy the English shackles."

Another poster shows Churchill seated at a table eating meat carved in the shape of India-allegorical of the sheer consumption of the subcontinent by the Empire-while a British officer carves the form of a Union Jack into the back of a withering Indian, whose hands and feet are bound with chains. Behind Churchill is a dark figure, holding a stick and coming towards him in anger. The text reads, "Beat the devil with sticks and save India."

Yet another poster evokes the tragedy of the Great Bengal Famine, depicting a British couple, possibly based on Churchill and his wife, indulging in a lavish meal of succulent meat and wine, while beneath the dinner table lie starved Indians. The text reads, "Kill all the British who are sucking Indian blood."

There is another image that shows the thumbs of mulmul workers being cut in Dhaka and their looms destroyed so they can no longer weave the historic cloth locally. This leaflet referenced the "deindustrialisation of India," where Britain all but destroyed the cotton industry by imposing export duties and forcing the population to purchase imported British cotton. A similar image shows Churchill himself cutting off the hands of a weaver. There is another one that depicts what the conditions of life are under the British rule-death, disease and famine-and what they could be, should India gain independence-peace and prosperity.

There is a sole poster depicting a fluttering Japanese flag along with its grand armies-taking up more than half the page, a sign of the vastness of support and power-and the flags of Britain and America in another corner-much smaller and meeker in comparison. In the foreground, Churchill can be seen treating shackled Indians like slaves, and perhaps for the first time in this poster, one can see a difference in the kinds of facial features of the Indians, representing, we can assume, different communities. Behind Churchill, as always, is the figure of the dark turbaned man.

What is striking is the combined use of language and historical imagery in these posters, which served a two-fold purpose-to lure the common man with the prospect of a better life free from the Empire, and secondly, to attempt to convert the sepoys to the side of the Axis powers. Propaganda aimed at civilians seems to be mostly in Hindi, Bengali or Burmese and evokes plight and strife. In contrast, propaganda aimed towards the sepoys-martial races-seems to be in Urdu, the language most commonly read across the fighting belt of Undivided Punjab.

In this strand of propaganda, historian Yasmin Khan discusses one poster with the omnipresent figure of the sepoy's wife. There is a chubby child in her arms and one of the Urdu captions on the page reads: "After bidding farewell to you, we kept on looking for you on the horizon." The poster is labelled Milap, or reunion. There is no text in Gurmukhi or Nepalese, and so one can assume that the Axis powers knew it would be near-impossible to convert the Sikh and Gurkha soldiers, who since the Revolt of 1857, had remained loyal to the British Army.



This poster features UK's Prime Minister Winston and depicts how UK destoryed India's mulmul weavers.




This poster appeals to Indians to join Nippon to drive out the devil Britain from India.

### Home Rule

So who was helping create these images? A series of posters bears the signature of the "Azad Hindustan League." They are mostly text-based, appealing to fellow Indians in several languages (Urdu, Bengali, Burmese, English) to join their cause for independence, and help Nippon-Japan-in driving out the Devil-England-from India. The handwriting seems amateurish for a local and in places, reminiscent of the finesse of Japanese calligraphy, particularly in the smaller lines of text. There are several instances of hyphenation, line-breaks or merging of words in unusual places. In light of these oddities, it might be fair to conclude then that even if members of the Azad Hindustan League were consulted in the creation of these posters, it was the Japanese hand that rendered them.

Though this paper war is fascinating and a remarkable attempt at conversion of allegiances, it did not yield the desired effect it had intended. In retaliation, the British embarked on their own endeavour, printing and distributing pro-British, anti-Japanese and anti-German flyers within India and Burma, hoping to keep the loyalty of their most precious colony.

> Though this paper war is fascinating and a remarkable attempt at conversion of allegiances, it did not yield the desired effect it had intended. In retaliation, the British embarked on their own endeavour, printing and distributing pro-British, anti-Japanese and anti-German flyers within India and Burma.

The folio from the British Library, near the conclusion, reads, "Japan has so far miscalculated…this wishful thinking led her to believe that the occupation of India would be a simple and an easy matter, but…Japan has been forced to call a temporary halt to her plans." Ultimately though, the Second World War flattened out the Raj, leaving England a victor on the war front but a pauper almost everywhere else. The crumbling structures of imperial governance-no doubt, made weaker by all forms of rebellion, including the perpetuating propaganda from the Axis powers-paved the way for eventual Home Rule in 1947.

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com




The poster compares the life of Indians under British Rule with a life in independent India.

**#TRIED&TASTED**

# Vegetarian Indian Bash

Discover some of our greatest vegetarian Indian recipes for a homemade feast.

When the New Year approaches there are two things that come to mind – one is the Grand New Year Eve party and the New Year Resolutions.

As for any other party first of all draw out a list of guests you would like to grace your New Year party. Once that is done, design a menu that will be liked by all your guests.

If you want to have a theme party then first of all inform all your guests of the theme so that they come to party appropriately dressed. Then get down to planning the food around the theme. Once that is done, list out what you can prepare at home and what you will need to order from outside. Food taken care of, you should then concentrate on the décor which again should suit the theme.

A buffet party is ideal because generally there are a large number of invitees. Not just that, by having a buffet you can more or less be assured that food will not be wasted. For people will pick up what they want to eat rather than being in a dilemma of having to finish what is served to them on the plate for fear of offending the host. Also prepare a few dishes which should be in adequate amounts rather serving a number of dishes.

Lastly remember that the food that you serve should be presented attractively. So go ahead have a great party and greater year that follows.

## Saag Paneer



### Ingredients

- **2** tbsp ghee, or cooking oil
- **1** tsp turmeric
- **1** tsp chilli powder or Kashmiri chilli powder
- **450g** paneer, cut into 3cm cubes
- **500g** spinach, mature fresh or frozen
- **1** large onion, finely chopped
- **3** garlic cloves
- **thumb-sized** piece of ginger
- **1** green chilli, roughly chopped, (include seeds for extra spice)
- **1** tsp garam masala
- **½** lemon, juiced, to serve

### Preparation

1. Melt the ghee, whisk in with the turmeric and chilli powder, then add the cubed paneer and toss well. Set aside. If using frozen spinach, microwave for 3-5 mins, then place in a sieve and squeeze out most of the water.
2. If using fresh spinach, place in a colander, pour over boiling water, drain and cool, then put in a tea towel and squeeze out most of the water. Roughly chop.
3. Blitz the onion with the garlic, ginger and green chilli. Cook the paneer in a large non-stick frying pan over medium heat for around 8 mins, tossing the pan so they become golden all over. Remove and set aside on a plate, leaving spices behind in the pan. Tip the onion mix into the pan, add a pinch of salt and turn the heat down.
4. Fry until caramel coloured, around 10 mins, adding a splash of water if it looks a little dry. Add the garam masala, stir to coat the onion mix, fry for 2 mins.
5. Add the spinach and cook for a further 2-3 mins, adding 100ml water to release all the flavours from the bottom of the pan. Season to taste. Add the paneer and cook for 2-3 mins to heat through. Spoon into bowls and squeeze over a little lemon juice, to serve.

## Indian Butternut Squash Curry

### Ingredients

- **200g** brown basmati rice
- **1** tbsp olive oil
- **1** butternut squash, diced
- **1** red onion, diced
- **2** tbsp mild curry paste
- **300ml** vegetable stock
- **4** large tomatoes, roughly chopped
- **400g** can chickpeas, rinsed and drained
- **3** tbsp fat-free Greek yogurt
- **small** handful coriander, chopped



### Preparation

1. Cook the rice in boiling salted water, as per pack instructions. Meanwhile, heat the oil in a large frying pan and cook the butternut squash for 2-3 mins until lightly browned. Add the onion and the curry paste and fry for 3-4 mins more.
2. Pour over the stock, then cover and simmer for 15-20 mins, or until the squash is tender. Add the tomatoes and chickpeas, then gently cook for 3-4 mins, until the tomatoes slightly soften.
3. Take off the heat and stir through the yogurt and coriander. Serve with the rice and some wholemeal chapattis if you like.

## Cabbage Koshimbir

### Ingredients


- **1** tbsp sunflower oil
- **1** tsp black mustard seed
- **1** tsp cumin seeds
- **½** white cabbage, finely shredded or coarsely grated
- **1** red onion, finely sliced
- **1** green chilli, chopped (optional)
- **½** lemon, juiced

### Preparation

1. Heat the oil in a frying pan and warm the mustard and cumin seeds until they sizzle and crackle, then remove from the heat. Combine everything together in a mixing bowl with a large pinch of salt and serve. (Can be made a day ahead and kept in the fridge.)



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# लालगढ़ क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का काम चार महीने से बंद

## 830 मीटर लंबे ब्रिज में अभी भी करीब 300 मीटर काम बाकी

**बीकानेर, (कासं)।** लालगढ़ क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का काम चार महीने से बंद है। वो भी तब जब ब्रिज का काम पूरा होने से दो साल देरी से चल रहा है। रोज करीब 50 हजार लोगों को यहां से निकलने राहत मिलती लेकिन चार साल से लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। 83 करोड़ की लागत से 830 मीटर लंबे ब्रिज में अभी भी करीब 300 मीटर काम बाकी है।

2017 के आसपास ओवरब्रिज का काम शुरू हुआ था। पूरा रास्ता बंद है। ये वो रास्ता है जहां पूगल और खाजूवाला से आने वाले वाहन मंडी तक आते हैं या जोधुपर-जयपुर बाईपास और श्रीगंगानगर रोड़ की तरह वाहनों को जाने में आसानी होती थी। इसके अलावा रामपुरा, मुक्ताप्रसाद की और जाने का आसान रास्ता था। इसी को देखते हुए 83 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज बनाने की योजना बनी। 2020 दिसंबर तक इसे पूरा करना था। 2022 भी खत्म होने वाला है। अब ठेकेदार ने काम पूरी तरह बंद कर दिया। आने जाने वालों को चक्कर काटकर रामपुरा की ओर जाना पड़ रहा है।

ब्रिज ना बनने के कारण इस रोड़ की पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है। पैदल चलना भी दूभर हो गया। यूं कहें लालगढ़ रामपुरा वालों के लिए रास्ता ही अब गजनेर रोड होकर आने जाने के लिए बचा है जबकि इससे पहले ये रास्ता सबसे सुगम था। आरएसआरडीसी और ठेकेदार के बीच चल रही खींचतान को देखते हुए 2023 में भी पूरा ब्रिज तैयार हो जाए तो गनीमत होगी। कलेक्टर-संभागीय आयुक्त भले ही तमाम जगहों का मौका मुआयना करते हों पर इस ब्रिज को लेकर अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

आरओबी को पूरा करने के लिए डेड लाइन दिसंबर 2020 थी लेकिन 2019 में आए कोरोना के कारण श्रमिक और मशीनें नहीं मिली। उस वक्त सरकार ने भी तमाम निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा था ताकि कोरोना ना फैले। उसके बाद दूसरी लहर आई लेकिन तब काम शुरू कर दिया था। तब रेलवे की भी अनुमति नहीं थी लेकिन बाद में मिल गई। 830 मीटर लंबे ब्रिज का करीब 500 मीटर हिस्सा ही तैयार हो पाया है। रेलवे पोर्सन पूरा बाकी है। इसे पूरा करने के लिए आरएसआरडीसी फर्म को कई पत्र लिख चुका है लेकिन ठेकेदार पर जूं तक नहीं रेंग रही। इन सबका खामियाजा शहरवासी भुगत रहे हैं।

- **83 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज बनाने की योजना बनी थी**

कोरोना के बाद जब ओवरब्रिज निर्माण का समय पूरा हो गया तो ठेकेदार ने काम में ढिलाई करनी शुरू कर दी। तर्क दिया कि जब टेंडर हुआ था तब दरें कुछ और थी और अब महंगाई बढ़ गई इसलिए पुरानी दरों पर काम संभव नहीं है। इसीलिए अब तक ये काम बंद हैं। आरएसआरडीसी दरों में संशोधन करना नहीं चाहती। वो अपनी शर्तों पर अड़ी है। ऐसे में दोनों के बीच चल रही खींचतान की वजह से काम रुका हुआ है। हालांकि दिसंबर तक ठेकेदार को काम शुरू करने के लिए अंतिम डेड लाइन दी हुई थी। ठेकेदार पर नोटिस का कोई असर नहीं हुआ।

24 सितंबर को ओवरब्रिज का एक हिस्से की शटरिंग ढह गई थी। आरकेबी रेनू इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लिमिटेड ने पुलिस में केस दर्ज कराया था कि मौके से गुजर रही एक डंपर की टक्कर से शटरिंग सरक गई थी लेकिन ये बात किसी के गले नहीं उतर रही। डंपर का कोई नुकसान नहीं हुआ और वो मौके से फरार हो गई लेकिन इतनी मजबूत शटरिंग सरक गई। जांच पुलिस के पास पहुंची लेकिन उसकी भी रिपोर्ट अभी तक फाइनल नहीं हुई ना अभी तक पुलिस के पास ऐसे कोई सबूत पहुंचे। सवाल घटिया सामग्री उपयोग होने का लग रहा है।

सुरेन्द्र सिंह राठौड़, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आरएसआरडीसी का कहना है कि ठेकेदार ने काम रोका हुआ है। कुछ लिटिगेशन का मामला है। वह कुछ दरों में संशोधित चाहता है। हमने दिसंबर तक काम शुरू करने के लिए नोटिस दिया है। ये अंतिम मौका है फर्म के पास। अगर अब काम शुरू नहीं करता तो जनवरी में हम नए सिरे से टेंडर लगाएंगे। शहर तकलीफ में हैं मैं समझता हूं पर ये पीड़ा फर्म नहीं महसूस करेगी।

# सादुलपुर क्षेत्र में दो दिनों से बादलों की आवाजाही

## मावठ होने पर रबी की फसलों में पैदावार बढ़ने की उम्मीद



राजगढ़ क्षेत्र के गांवों में आसमान में बादलों की आवाजाही रही।

**सादुलपुर, (निसं)।** मौसम में लगातार उतार-चढाव जारी रहने के कारण कभी कोहरा कभी उत्तरी हवाओं के कारण अत्यधिक ठंड तथा दो दिनों से आसमान बादलों के ढका रहने के कारण सर्दी का असर कुछ कम रहा। साथ ही हवा की गति भी कम रही। हांलाकि बुधवार देर रात्रि से ही मौसम में बदलाव जारी है। गुरूवार अल सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे एवं अलसुबह नौ बजे हल्की बूंदें गिरने लगी।

- **दो दिन से आसमान बादलों के ढका रहने से सर्दी कम रही**

इस दौरान गांव भाकरां, हरपालु सावलं, खैरू बडी, राघा बडी व जीराम बास आदि गांवों सहित तहसील राजगढ क्षेत्र में बादलवाही के चलते हल्की नॉर्मल बूंदें गिरी। मौसम पूरे दिन हवा बंद रहने से मुख्यता शुष्क रहा। बादलवाही एवं मौसम शुष्क रहने से लोगों को सर्दी एवं कोहरे से राहत मिली। वहीं मावठ का इंतजार किए हुए लोगों को बादल वाही को एक सुकून के रूप में देखा और कहा कि पौष महीने में पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगर मावठ हो जाती है तो गेहूं, सरसों, जौ, चना सहित रबी की फसलों में भरपूर पैदावार होने की उम्मीद बढ जाती है।

वहीं शेखावाटी में गुरुवार को मौसम ने कई रंग दिखाए। यहां मध्य रात्रि को ही कोहरे के बादल छाने लगे। सवेरे तक गहरा कोहरा छा गया। इस दौरान कंपकंपा देने वाली सर्दी रही।

दस बजे के बाद सूर्य देवता ने दर्शन दिए। उसके बाद मौसम खुल गया। दोपहर होने तक यहां आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। साथ ही हल्की हवा चलने लगी। ऐसे में सर्दी से बचने के लिए लोग दिनभर गर्म वस्त्रों से लदे रहे।

# अनूपगढ़ में मावठ के बाद गिरा पारा

**अनूपगढ़, (कासं)।** लगातार चार दिन तक घना कोहरा छाने के बाद गुरूवार सुबह इलाके में बादल छाने का असर मौसम पर दिखाई दिया। आज सुबह सर्दी के मौसम की पहली मावठ हुई जो फसलों के लिए काफी लाभदायक होगी। दो दिन सूरज के निकलने के कारण तापमान में बढ़ोतरी के बाद एक बार फिर दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। हालांकि तेज हवाओं के नहीं चलने से सर्दी का अहसास ज्यादा नहीं हो रहा।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम विभाग ने 28 व 29 दिसम्बर को बूंदाबांदी के साथ बारिश की संभावना भी व्यक्त कर रखी थी। यह मावठ रबी फसलों के लिए अमृत के समान है। खेतों में सरसों और चना की बुवाई कुछ समय पहले ही हुई है। अब फसलों को बढ़वार के लिए सिंचाई की आवश्यकता है। ऐसे में बारिश होने से खासकर असिंचित और ट्यूबवेल से सिंचाई वाली फसलों को बड़ा फायदा होगा। किसानों ने बताया कि सर्दी बढ़ चुकी है और यह मौसम खरीफ की फसल को पकने में सहायक है अगर मावठ होती है तो अन्नदाताओं की अच्छी ऊपज होने की उम्मीदों को पंख लग सकते हैं। किसानों ने बताया कि आज जो क्षेत्र में मावठ गिरी है उसे किसानों के चेहरे खिल गए हैं।

इस समय रवि का सीजन चल रहा है रवि की फसलों को अधिक पानी की आवश्यकता होती है। खासतौर से गेहूं की फसल के लिए समय पर सिंचाई की अधिक आवश्यकता होती है। राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों में सरसों की फसल के लिए जहां पानी की आवश्यकता पूरी होगी वही चने की फसल को भी बड़ी राहत मिलेगी।

# प्रखर परमार हत्या प्रकरण : मास्टरमाइंड सहित तीन गिरफ्तार

**धौलपुर (निस)।** धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा के भाजपा नेता व मध्यप्रदेश के ग्वालियर के जाने माले कॉलेज संचालक प्रशांत परमार के बेटे प्रखर परमार का अपहरण के बाद हत्या करने वाले मास्टरमाइंड सहित 3 आरोपियों को ग्वालियर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गुरुवार को मृतक प्रखर के परिजनों और छत्रिय समाज सहित अन्य लोगों ने ग्वालियर में पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कलेक्ट्रट रोड पर चक्का जाम कर दिया।

इस दौरान आक्रोशित लोगों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, सख्त से सख्त सजा और उनके मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग प्रशासन से की। करीब 3 घंटे से अधिक चले चक्का जाम को प्रशासन ने आक्रोशित परिजनों को आश्वासन देकर खुलवाया। प्रखर परमार की हत्या की जानकारी लगते ही क्षित्रय समाज के लोग गुरुवार को सिटी सेंटर स्थित सत्यम टावर स्थित प्रखर के घर पहुंचे और पुलिस के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्ट्रेट रोड पर चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित छतरी समाज के लोगों और परिजनों ने प्रशासन के सामने मांग की कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और आरोपियों के मकान पर बुलडोजर चलाया जाए।

- **लोगों ने ग्वालियर में पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कलेक्ट्रट रोड पर चक्का जाम किया**

तीन घंटे से अधिक चले चक्का जाम को खुलवाने के लिए प्रशासन ने मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर चक्का जाम खुल सका। आपको बता दें कि प्रखर परमार हत्याकांड का मुख्य आरोपी करन वर्मा पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद हत्या की बात को तो स्वीकर करता रहा, लेकिन प्रखर की बॉडी कहां फैंकी है, उसको लेकर बार-बार गुमराह करता रहा। आखिरकार पुलिस की पूछताछ में आरोपी टूट गया और उसने पुलिस के सामने खुलासा किया कि उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रखर की रस्सी से गला दबाकर हत्या की, फिर गोली मारी, फिर उसकी पहचान छुपाने के लिए झांसी ले जाकर उसकी लाश को जलाया। जहां बुधवार देर रात पुलिस ने झांसी के ठाफ लैंड चौकी के पास झाड़ियों से प्रखर परमार की अधजली हुई लाश बरामद कर ली। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड के पीछे पैसे का लेन देन बताया जा रहा है।


प्रखर परमार की हत्या के बाद कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम प्रक्रिया में काफी समय लग गया। जिस कारण गुरुवार दोपहर बाद ही उनकी बॉडी परिजनों को मिल सकी। इसके बाद प्रखर हॉस्पिटल एंड कॉलेज बरुआ ग्वालियर बायपास ग्वालियर में शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# 'जेईई-मेन में आवेदन नहीं करने पर नहीं मिल पाएगी आईआईटी'

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2023 की आवेदन प्रक्रिया जारी है। अब तक करीब 4.15 लाख विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जनवरी है। परीक्षा 24 से 31 जनवरी के मध्य 14 शिफ्टों में होगी। इस वर्ष परीक्षा के लिए हो रहे आवेदन की गति गत वर्षों की अपेक्षा बहुत धीमी है।

अभी तक इस परीक्षा में शामिल होने वाले संभावित विद्यार्थियों से आधे विद्यार्थियों ने भी आवेदन नहीं किए हैं। इसकी बड़ी वजह बोर्ड पात्रता के असमंजस के रूप में सामने आ रही है। विद्यार्थी 75 प्रतिशत बोर्ड प्राप्तांकों के आधार पर ही एनआईटी-ट्रिपलआईटी में प्रवेश को लेकर परेशान हैं। इस आधार पर जेईई मेन के लिए आवेदन करने के बारे में विचार कर रहे हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने कहा कि बार-बार नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा यह स्पष्ट किया जा रहा है कि 75 प्रतिशत बोर्ड प्राप्तांकों का मामला परीक्षा के बाद एनआईटी-ट्रिपलआईटी में प्रवेश के लिए ही है। जेईई-मेन परीक्षा देने के लिए बोर्ड पात्रता की कोई अनिवार्यता नहीं है। ऐसे में ये सलाह दी जाती है कि परीक्षा में हर योग्य विद्यार्थी शामिल हो। जेईई-मेन परीक्षा देने की योग्यता बोर्ड में 12वीं पास होना ही है। आहूजा ने बताया कि आईआईटी में प्रवेश लेने के लिए बोर्ड पात्रता 75 एवं 65 प्रतिशत से अतिरिक्त संबंधित बोर्ड में कैटेगरी अनुसार टॉप-20 पर्सेन्टाइल में क्वालीफाई होना भी है। परन्तु स्टेट बोर्ड्स के हजारों विद्यार्थी यदि इसी असमंजस के चलते परीक्षा में शामिल नहीं होते हैं तो वो टॉप-20 पर्सेन्टाइल में क्वालीफाई होने और जेईई-एडवांस्ड के जरिए आईआईटी में प्रवेश के योग्य होने के बावजूद भी आईआईटी की पढ़ाई से वंचित रह सकते हैं।

# नगर पालिका की रोक के बाद भी सड़क सीमा में निर्माण कार्य चालू



निर्माणकर्ता द्वारा मुख्य सड़क की जगह को अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है।

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना के छावनी में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष केशव देव मोदी की कोठी के सामने मुख्य सड़क पर बिना निर्माण स्वीकृति के निर्माण कार्य धड़ल्ले से हो रहा है। 28 दिसंबर को अतिक्रमण प्रभारी ने मास्टर प्लान की अवहेलना करने पर बिना निर्माण स्वीकृति रोड सीमा में ही कार्य कर रहे निर्माणकर्ता को पाबंद किया गया था, लेकिन इसके बाद भी अवैध निर्माणकर्ता द्वारा मौके पर निर्माण कार्य चालू कर रखा है। निर्माणकर्ता द्वारा मुख्य सड़क की जगह को अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है।

- **अतिक्रमण प्रभारी ने मास्टर प्लान की अवहेलना करने पर पाबंद किया था**

पूर्व में भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा उक्त सड़क सीमा में निर्माण कर रहे व्यक्ति को पाबंद किया गया था जिसके चलते मौके पर निर्माण कार्य बंद था लेकिन विगत 2 दिन से सड़क सीमा में अवैध निर्माण करने वाले के द्वारा निर्माण कार्य चालू कर दिया गया है। पूर्व में भी स्थानीय लोगों द्वारा निर्माण को लेकर नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया गया था। मुख्य सड़क की जगह को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए अवैध निर्माणकर्ता के खिलाफ कार्यवाही कर सड़क सीमा को सुरक्षित करवाने की मांग की थी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगरपालिका के पूर्व जनप्रतिनिधि द्वारा अवैध निर्माण करता का समर्थन किया जा रहा है जिसके चलते नगर पालिका प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी आंखें मूंद रखी हैं।

अतिक्रमण प्रभारी सत्यपाल ने बताया कि मौके पर जाकर अतिक्रमण करने वाले निर्माणकर्ता को पाबंद किया गया है। आगे की कार्रवाई को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

अधिशाषी अधिकारी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि सड़क सीमा में अगर निर्माणकर्ता द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एनिकट में डूबा युवक

**उदयपुर, (निसं)।** मवेशियों को चराने ले गए युवक की एनिकट में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बैकरिया थानाक्षैत्र पीपला गांव निवासी सोनाराम (22) पुत्र मनराराम की एनिकट में डूबने से मौत हो गई। बुधवार दोपहर में वह बैलों को पानी पिलाने के लिए एनिकट पर गया था। जहां पांव फिसलने पर गिरने से पानी में डूब गया। इसको देख ग्रामीणों ने बाहर निकाल बैकरिया चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई गेहरीलाल ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## हादसे में एक की मौत, दो घायल

**डूंगरपुर।** सदर थाना क्षेत्र में बीती रात दो बाईकों की आमने सामने जबरदस्त भिंडत हुई। भिड़ंत इतनी भयंकर हुई कि दुर्घटना में एक युवक मौत हो गई वही दो अन्य युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर सदर थाना पुलिस पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार माथूगामडा रेलड़ा निवासी सचिन पुत्र हीरालाल कटारा अपने साथी सुनील के साथ बाइक पर सवार कोटना से डूंगरपुर की ओर जा रहे थे।

# रावतभाटा क्षेत्र में पीले नजर आने लगे खेत



उपखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में खेतों में सरसों की फसल लहराने लगी है

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में सरसों से इन दिनों खेत पीली आभा लिए नजर आने लगे हैं। मौसम के बदलते मिजाज से क्षेत्र की हजारों बीघा कृषि भूमि इन दिनों पीली चुनरिया ओढ चुकी है।

इन दिनों खेत में सरसों की फसल लहलहा रही है। चहुंओर पीली चादर से नजारे मनमोहक बने हुए है। अब तक सर्दी की कमी से बेनूर हो रही रबी की फसलों को इन दिनों बढ़ी ठंडक ने नया जीवन दिया है। सर्दी के साथ सुबह के समय छाया हल्का कोहरा व ओस की बूंदों से फसलों का खोया हुआ नूर लौटने लगा है।

उपखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में इन दिनों खेतों में सरसों एवं गेंहू की पैदावार लहराने लगी है। ग्रामीण अंचल में इस वर्ष सरसों, गेंहू सहित अन्य फसलों की बंफर फसल होगी। किसान अपने परिवार के साथ पैदावार की सार संभाल में व्यस्त है। किसानो को इस बार सरसों, लहसुन व गेंहू की पैदावार से अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है। रबी की फसलों के लिए सर्दी का मौसम भी अभी ठीक है। जिससे भी किसानों को लाभ मिलेगा।

## महिला से जेवरात ठगे

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के रानी रोड़ पर अज्ञात बदमाश महिला को क्राइम ब्रांच का बताकर महिला के जेवरात खुलवा ठगी कर ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित देबारी निवासी जमनाशंकर बछावत पुत्र जगनाथ ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 27 दिसंबर को मैं, मेरी पत्नी पन्नादेवी एवं पुत्रवधु निशा बैन शिल्पग्राम जाने के लिए सूरजपोल पर खड़े थे। जहां कार लेकर आए व्यक्ति ने भी शिल्पग्राम मेले में जाने की बात कहते हुए कार में बिठाया। रास्ते फतहसागर रोड पहुंचने पर कार वाले ने कहा हम क्राईम ब्रांच से है तथा हिरणमगरी में घटना हुई है सभी से अपने आभूषण व नकदी निकलवाकर लिफाफे में रखते हुए दूसरा लिफाफा पकड़ा दिया। कुछ ही देर बाद आगे साहब के होने की बात कहते हुए लिफाफा पकड़ा कर हमें मल्लातलाई में कार से उतार कर चला गया। शिल्पग्राम मेले में जाने के बाद देखा तो लिफाफे में जेवरात नहीं थे। बदमाश ने पुलिस चैकिंग के बहाने पत्नी के हाथ से चार सोने की चुडियां खुलवा कर धोखे से हड़प ली।

# जिओ नेटवर्क नहीं आने से उपभोक्ता परेशान

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय के आवासन मंडल कॉलोनी के निवासियों को जिओ कम्पनी का नेटवर्क पूरी तरह से नहीं मिलने से उपभोक्ताओं के आवश्यक काम बाधित हो रहे हैं। एक ओर सरकार हर काम डिजिटल करने पर जोर दे रहे है, वहीं जिओ कम्पनी उपभोक्ताओं को नेटवर्क भी उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। ऐसे में लोग एक-दूसरे को आवश्यक सूचना तक नहीं भेज पा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार यहां के सेक्टर तीन में तो दिन भर लोगों को घर के बाहर जाकर अपने फोन के माध्यम से जरूरी सूचना देनी पड़ती है। इसी बीच अनेक बार आवाज तक कट हो जाती है। जिससे अन्य व्यक्ति तक आदमी अपना संदेश नहीं दे पाता है। ई मेल खुलना तो दूर की बात व्हाट्सएप मेसेज तक नहीं जाते हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस विषय में जब जिओ के कर्मचारियों से शिकायत की जाती है तो वे समस्या का समाधान करने की बजाए उल्टे उपभोक्ता को घर बदलने की नसीहत देते हैं। कर्मचारी बोलते हैं कि यहां तो नेटवर्क ऐसे ही आएगा, आप लोग घर ही बदल लो।

उच्च अधिकारियों को लंबे समय से शिकायत की गई लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला है। इसके चलते उपभोक्ता जिओ के एक महीने का नेट रीचार्ज़ करवाकर ठगा सा महसूस करता है। यह समस्या करीब छह महीने से भी अधिक समय से चल रही है। मजे की बात है कि खुद जिओ के ही कर्मचारी सिम पोर्ट करने की बात पर जोर देते हैं। यहां जिओ उपभोक्ता वीरेन्द्र कुमार, राजवीर, नरेश, संदीप आदि ने बताया कि जिओ नेटवर्क के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कस्टमर केयर पर बार-बार शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों ने समस्या के शीघ्र ही समाधान की मांग की है।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया

**उदयपुर, (कासं)।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी व साथी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी नाथू पुत्र अमरा कालबेलिया, अमरा पुत्र भेरू, भेरू पुत्र रंगलाल कालबेलिया के खिलाफ प्रकरणका दर्ज करवाया कि 11 सितबर को घर आए आरोपी मुझे गाडी में डाल कर अपहरण कर ले गए।

जहां से शहर के समीप एक चौराहा पर स्थित होटल में रखा वहां से मुझे जयपुर ले गया जहां मेरे साथ नाथू पुत्र अमरा ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। कुछ दिनों तक जयपुर में रहने के बाद आरोपी ने मुझे छोड़ दिया। इस पर घर लौट कर परिजनों को घटना की जानकारी देकर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक वल्लभनगर रविन्द्र प्रताप सिंह कर रहे है।

# शिल्पग्राम उत्सव : बिहू, पुंगचोलम छपेली, गिद्दा ने जमाया रंग

## राजस्थान का चरी व चरकुला नृत्य मनभावन रहा

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से आयोजित दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव में नवें दिन मुक्ताकाशी रंगमंच पर 'लोक धारा' में लोक कला प्रस्तुतियों की अविरल धारा सी बही। जिसमें गुजरात से गुवाहाटी तथा उत्तराखण्ड से तेलंगाना की कलाओं का समागम देखने को मिला। इनमें असम के बिहू, मणिपुर का पुंग चोलम छपेली तथा गिद्दा ने अपना रंग जमाया। शिल्प के आंगन के इस दिवसीय उत्सव का शुक्रवार को समापन होगा।

दस दिवसीय उत्सव में गुरूवार को 'लोक धारा' का आयोजन मुक्ताकाशी रंगमंच पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुजरात के गरबा से हुई इसके बाद तेलंगाना का माधुरी नृत्य में ढोल वादकों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड का छापेली नृत्य वहां की परंपराओं का वाहक नृत्य बन सका। रंगमंचीय कार्यक्रम में दर्शकों को सर्वाधिक आनन्द असम का बिहू नृत्य देख कर हुआ। फाल्गुन मास में मनाये जाने वाले बिहू पर्व में उल्लसित युवक युवतियों ने पेपा की टेर और गोगोना के साथ बिहू नृत्य का अनुपम सौन्दर्य बरसाया। पूर्वोत्तर राज्य से ही पुंग चोलम की प्रस्तुति मनोरम बन सकी। पुंग वादक कलाकारों ने एक साथ एक ताल पर सामूहिक पुंग वादन करते हुए अपनी भंगिमाओं से दर्शकों के मानयस पटल पर छाप छोड़ी।

- **मुक्ताकाशी रंगमंच पर 'लोक धारा' में लोक कला प्रस्तुतियां छाई**
- **शिल्प के आंगन के उत्सव का आज समापन होगा**

कार्यक्रम में पंजाब की बालाओं द्वारा गिद्दा नृत्य में वैवाहिक व मांगलिक अवसरों की मस्ती को दर्शाया। जिसमें आपसी नोंक झोंक और मस्ती ने दर्शकों को रिझाया। इस अवसर पर ही पश्चिम बंगाल का नटुवा नृत्य जहां एक्रोबैटिक प्रस्तुति बन सकी वहीं हरियाणा के घूमर में घेरदार लहंगा पहनी नर्तकियों ने श्रृंगार के प्रलोभन में नृत्य किया। 'लोक धारा' में ही राजस्थान का चरी व चरकुला नृत्य मनभावन प्रस्तुति बन सकी। इस अवसर पर भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सहचव अमिता प्रसाद सरभाई भी मौजूद थी। इससे पूर्व दिनभर हाट बाजार में कलात्मक वस्तुओं की खरीद का दौर चरम पर चला। रंगमंच पर केन्द्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता व संयुक्त सचिव ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किये।

शिल्पग्राम उत्सव में अपनी कला दिखाने आए 'मंकी मैन' के नाम से विख्यात अंतर्राष्ट्रीय कलाकार जानकीलाल की कला को लोग बड़े शौक से निहार रहे है। शिल्पग्राम के हाट बाजार में कभी गाडिया लोहार तो कभी कालबेलिया का वेश धारण किये जानकी लाल लोगों से हंसी मजाक करते नजर आते हैं। उम्र के सत्तर दशक पार करने के बाद भी इस कलाकार का कला के प्रति आज भी वहीं जज्बा है।

## संक्षिप्त

### श्रीमद् भागवत सप्ताह शुरू

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। श्याम मंदिर बास कृपाल नगर में श्रीमद् भागवत सप्ताह के शुभारंभ पर मंदिर से गांव के मुख्य बाजारों से यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान डीजे के आगे महिलाएं खूब नाचते हुए और मंगल गीत गाते गाए। भागवत कथा वाचन सुबह 10 से सायं 4 तक होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बास कृपाल नगर के श्याम मंदिर प्रांगण में आयोजित संगीत में श्रीमद् भागवत सप्ताह का वाचन भागवताचार्य सुरेंद्र कुमार शास्त्री वृंदावन धाम खेड़ा कल्याणपुर वाले करेंगे। 29 दिसंबर को श्रीमद् भागवत सप्ताह की शुरुआत सुबह 9.15 बजे कलश यात्रा निकालकर की गई। 5 जनवरी को समापन पर हवन एवं भंडारा किया जाएगा। कथा का वाचन प्रत्येक दिन सुबह 10 से 4 बजे तक मंदिर परिसर में होगा।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लाडपुर में सोनी देवी ऐचरा की तृतीय पुण्यतिथि में उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन ऐचरा परिवार समस्त ग्राम वासियों व रक्तकोश फाउंडेशन के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर सभी व्यवस्थाएं को अंतिम रूप दिया गया।

### युवक चोरी की बाइक सहित पकड़ा

**टोंक,** (निसं)। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह चारण ने बताया कि आसूचना के आधार पर शोकत पुत्र शहजाद खान बंजारा 23 साल को कोतवाली लाकर पूछताद की तो उसने राजटाकीज तलाई के पास से एक मोटरसाईकिल चुराना स्वीकार करने पर उसकी निशानदेही पर मोटरसाईकिल बरामद कर ली गई। आरोपी युवक को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### व्यवसायिक प्रशिक्षण सम्पन्न

**मालपुरा,** (निसं)। हॉलिस्टिक हैल्थ केयर एण्ड वैलनेस फोर वुमैन के अन्तर्गत एमीनेन्ट टी टी गर्ल्स कॉलेज द्वारा सात दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया। छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कन्विनर डॉ. सुभा शर्मा द्वारा छात्राओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रोफेसर डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा,डायरेक्टर स्कुल ऑफ लॉ मणिपाल यूर्निवसिटी द्वारा छात्राओं को कानूनी जानकारियां दी गई एवं कानूनी रूप से आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित किया गया।

### गुरू गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया

**मालपुरा,** (निसं)। शहर के ट्रक स्टैण्ड स्थित गुरूद्वारा साहीब में गुरूवार को गुरू गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया गया। पार्षद महेन्द्र सिंह गंवारिया ने बताया कि इस अवसर पर गुरू गोविन्द सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला गया व गुरू ग्रन्थ के पाठ किये गये।



**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम कनिष्क विनोद माथुर से बदलकर कनिष्क माथुर पुत्र श्री विनोद माथुर कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता-43 केसर नगर-ए, मुहाना मंडी रोड, सांगानेर, जयपुर

I Komal Singh Chouhan S/o Chetan Singh Chouhan R/o 4 J 38, Kudi Bhagtasni Housing Board, Jodhpur, Rajasthan-342005, have changed my name to Kamal Singh Chouhan

I Kishor Singh Rathore S/o Narayan Singh Rathore R/o- A-54, Jain Vihar, Ward- No-33, Sanganer, Jaipur declares that Kishor Singh Rathore & Kishor Singh both are my name so enter it.

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# 'कांग्रेस ने देश तोड़ने व भाजपा ने देश जोड़ने का कार्य किया'

- बौंली में आयोजित जनआक्रोश महासभा को डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने संबोधित किया



बौंली में आयोजित जनआक्रोश महासभा में राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया व टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने भाग लिया।

**बौंली,** (निसं)। देश की आजादी के साथ ही सबसे अधिक समय शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने शुरू से ही देश तोड़ने एवं भारतीय जनता पार्टी ने देश जोड़ने का कार्य किया है। इस सत्य को पूरा देश जानता है भाजपा के अल्प समय के शासन काल के कार्य को देख कर प्रत्येक बुद्धिजीवी नागरिक वह चाहे किसी भी समाज का हो जान गया है।

यह विचार बौंली नगरपालिका मुख्यालय के जगत शिरोमणिजी की धर्मशाला में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की कांग्रेस सरकार के जंगलराज, भ्रष्टाचार, व कुशासन के विरुद्ध जनआक्रोश महासभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने व्यक्त किए। सांसद मीणा ने कहा कि 1962 में चीन ने देश काफी हिस्सा छीन लिया था अब देश में भाजपा की मोदी सरकार है भाजपा सरकार की सेना ने चीनी सैनिकों को ठोक पीटकर भगा दिया है। कांग्रेस ने राहुल के नाना जवाहरलाल नेहरू के समय से ही देश तोड़ने का कार्य किया है भाजपा ने जम्मू कशमीर से धारा 370 हटा कर एवं राम मंदिर का निर्माण कर देश की जनता को एक कर दिया है।

कांग्रेस इन सब का भय दिखाकर धर्म और जाति के आधार पर अपना वोट बैंक तैयार करके शासन कर रही थी। इस मंच पर तीन सांसद है जिसमें करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया एससी से हैं टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ओबीसी से हैं और मैं एसटी से हूं। राजस्थान सरकार द्वारा ईस्ट कैनाल परियोजना पर केंद्र सरकार के ऊपर झूठे आरोप लगाए जाते हैं जबकि राजस्थान सरकार अपने हिस्से की राशि दें केंद्र की हिस्से की राशि हम तीनों सांसद लाकरके देंगे यह वचन आमसभा में देते हैं। इस योजना में मध्यप्रदेश की पांच नदियों का पानी आना है इस वजह से मध्य प्रदेश सरकार की मंजूरी आवश्यक है।

उपस्थित जनसभा को टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, करौली धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष रतनलाल आजाद सहित अनेकों वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष डॉ भरत लाल मथुरिया, कार्यक्रम जिला संयोजक प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश गोयल, बौंली बामनवास विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश डंगोरिया, मंडल अध्यक्ष रामअवतार मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसहाय भागणा एवं भगवान सिंह नरूका सहित अनेकों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। सभा के दौरान पंडाल में जमा भीड़ को देखकर भाजपा नेताओं में काफी उत्साह नजर आया। सभी वक्ताओं ने आने वाले समय में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

## सीएलजी बैठक का आयोजन

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना परिसर में गुरुवार को प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने सीएलजी सदस्यों की आगामी दिनों में नववर्ष को लेकर किसी भी प्रकार की शहर में अप्रिय घटनाओं, क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

विराटनगर वृताधिकारी संजीव चौधरी ने बताया कि गुरुवार को एसपी मनीष अग्रवाल के निर्देश पर 31 दिसंबर की पार्टी और क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव सीएलजी मीटिंग ली गई। वहीं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने बैठक में सभी सदस्यों से क्षेत्र में संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और पुलिस को सूचना देने के साथ ही पुलिस की मदद करने की बात कही गई। आगामी नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास जताया कि अपराधियों में भय आमजन में विश्वास यही पुलिस का कार्य रहेगा। वही नववर्ष को लेकर आमजन में युवाओं के लिए संदेश भी दिया है कि वह नववर्ष शांतिप्रिय तरीके से बनाए। सोशल मीडिया पर चल रही है फेक सामग्रियों को बिना वेरीफाई करें न फैलाएं यह गलत है व अपराध भी है। ऑनलाइन फ्रोडिंग से बचने व किसी भी लोभ लालच में आकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी को न देने की बात कही। इस दौरान राजपाल सिंह, रमेश गुप्ता, रमेश गुर्जर, विजय मुहानिया, उप सरपंच रोहिताश कुमार मीणा, महेंद्र कुहार, अमर सिंह यादव, बाबू खान सहित सीएलजी सदस्य प्रागपुरा थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## सार-समाचार

### पौषबड़ा महोत्सव आयोजित



**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे में श्री प्राचीन गंगा माता मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस दौरान पुजारी परिवार द्वारा आराध्य देवी माँ गंगा की आरती करके गरम गरम हलवे व दाल के पकोड़ों का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा भक्तों ने माँ गंगा के दरबार मे शीश झुकाकर, मनोकामना मांगकर पूजा अर्चना करके प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी विजय कुमार मिश्रा ने माता का भव्य श्रृंगार किया। इस मौके पर अशोक मिश्रा, सुरेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, सुनील कुमार शर्मा, सुनील भादुपोता, सुमित शर्मा, संजय कुमार, संजय सोनी, विकास शर्मा, आशुतोष माटोलिया, उमेश मिश्रा, बंटी मिश्रा, पुरुषोत्तम मिश्रा, आदित्य मिश्रा, बनवारी, भानु, रविंद्र मिश्रा, शिव शंकर मिश्रा सहित अनेक भक्त गण उपस्थित रहे।

### अजमेर-आगरा फोर्ट ट्रेन का ठहराव शुरू

**नरैना,** (निसं)। नरैना स्टेशन पर रेलयात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा अजमेर आगरा फोर्ट अजमेर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22987/88 का दो मिनट का ठहराव गुरुवार से प्रारंभ किया गया है। अजमेर जयपुर रेल यात्री संघ के भगवती नारायण भटनागर ने बताया कि गुरूवार को प्रातः ट्रेन के नरैना पहुंचने पर चालक, सहचालक अजय टेलर, रामप्रकाश टांक व ट्रेन मेनेजर का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। अजमेर आगरा फोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नरैना में हो जाने से दैनिक रेलयात्रियों सहित नरैना धार्मिक नगरी आने वाले श्रृद्धालुओं को भी राहत मिलेगी। साथ ही भटनागर ने बताया कि उपरोक्त ट्रेन के ठहराव के लिये रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव,सांसद राज्यवर्धन राठौर,विधायक निर्मल कुमावत,जनरल मेनेजर उत्तर पश्चिम रेलवे को पत्र लिखकर मांग की गई थी।

### रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन


**चौमूं,** (निसं)। मोरीजा रोड, चार दुकान स्थित जाग्रति हॉस्पिटल में 2 जनवरी को आयोजित होने वाले 16वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं धाम मंदिर के महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के द्वारा से किया गया। कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता है, बल्कि मानव की नसों में बनता है , इसलिए युवाओं को अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए ताकि किसी अनजान की जान बचाई जा सके ।

## पावटा में भव्य स्वागत से अभिभूत हूँ: दीया कुमारी

**पावटा,** (निसं)। राजसमंद सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री दीयाकुमारी के पावटा आगमन पर बिशन सिंह शेखावत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सांसद दीया कुमारी का भव्य स्वागत किया। जिसमें बिशन सिंह भोनावास ने चांदी का मुकुट पहना व कमलजीत सिंह ने तलवार भेंट कर एवं जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर व वाइस चेयरमैन पावटा नरपत सिंह ललाणा एवं गजेंद्र सिंह भोनावास, शक्ति सिंह प्रागपुरा ने चुनरी ओडा कर व बिल्लू सिंह पावटा, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल प्रागपुरा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर के स्वागत किया।

इस मौके पर दीया कुमारी ने कार्यकर्ताओं को सबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी ने राजस्थान में झूठा वादा कर सत्ता पर काबिज हुए हैं। 4 साल बीत जाने के बाद भी किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ वहीं पूरे देश में प्रदेश में सबसे महंगी बिजली राजस्थान सरकार किसानों और आम जन को दे रही है। वहीं उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता बिल्कुल परेशान है राजस्थान में महिलाओं की सुरक्षा नहीं हो रही है महिलाएं दिन में बाहर नहीं निकल सकती है राजस्थान में भ्रष्टाचार और बलात्कार घटनाएं आम बात हो गई है। इस मौके पर विनोद सिंह कल्याणपुरा, मोहित शर्मा प्रागपुरा, जोगिंदर सिंह राजनोता , कुलदीप सिंह ठीकरिया, मोनू सिंह तुलसीपुरा, शक्ति सिंह खेलना, पवन सिंह कुजोता,दीपू सिंह पांचू डाला, पवन सिंह कारोली, शेर सिंह बुचारा, महेंद्र सिंह फतेहपुरा, संदीप सिंह फतेहपुरा, जितेंद्र सिंह बडनगर, हुकुम सिंह बडागांव, विकास सिंह करोडी, सीपी शर्मा रामपुरा, नरेंद्र गुर्जर रामपुरा, पवन गुर्जर रामपुरा, महेश चोरिया बागावास, जितेंद्र सिंह बागावास, नवीन सिंह भोनावास, लौकी बन्ना भोनावास, दिनेश सिंह भोनावास, नितेश सिंह भोनावास, सोमदत्त यादव, राव रतिराम यादव, युवा नेता गिरवर सिंह, महेश गुर्जर, विनोद गिठाला, मीनू राठी, रिंकू राजपूत सहित हजारों युवाओं के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पावटा में घनश्याम तिवाड़ी का जगह-जगह स्वागत



राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के पावटा आगमन पर ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों, सदस्यों ने स्वागत किया।

**पावटा,** (निसं)। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के पावटा आगमन पर तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा व नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण महासभा पदाधिकारियों, सदस्यों व युवाओं द्वारा माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाडी द्वारा 8 जनवरी 2023 को विप्र शंखनाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर पोस्टर विमोचन किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाडी ने राजस्थान सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। लगातार परीक्षाओं में नकल हो रही है जिसके कारण पेपर लीक हो रहे हैं। इसके पीछे राजनीतिक षड्यंत्र है, लेकिन सरकार के पास कोई ठोस तंत्र नहीं है। राजस्थान में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकार में गैंगस्टर और गुंडागर्दी को मंत्रियों का संरक्षण प्राप्त है। इस मौके पर नगर महामंत्री चंद्र प्रकाश गौड, गजानंद टीलावत, दीपक शर्मा, प्रमोद शर्मा, घनश्याम शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, भुवनेश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, जितेंद्र शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, धीरज वशिष्ठ, नितेश शर्मा, अमित शर्मा, आदित्य गौड, विमल शर्मा, योगेश शर्मा, दीपक पटेल, ललित शर्मा, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमैन नरपत सिंह, बिशन सिंह शेखावत, हरद्वारी लाल स्वामी, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, जुगल किशोर यादव सहित युवा व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाई

**मालपुरा,** (निसं)। शहर के शास्त्री नगर जयपुर रोड आवासीय कॉलोनी मे रहने वाले एक युवक ने आर्थिक तंगी से परेशान हो बुधवार की रात अपने ही घर में फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि बुधवार की सवेरे दूरभाष पर मिली सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच फांसी के फंदे से झूल रहे 38 वर्षिय युवक राकेश पुत्र गंगाबिशन रेगर के शव को उतार पुलिस सुरक्षा में ले सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मौके पर पहुंची पुलिस इन्वेस्टिगेशन टीम ने मृतक युवक के कमरे से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनो से मिली जानकारी मे मृतक राकेश लम्बे समय से आर्थिक तंगी से परेशान व तनाव में था। जिसका उपचार भी चल रहा था। बुधवार की शाम को खाना खाने के बाद राकेश अपने कमरे में चला गया सवेरे 8 बजे तक भी नहीं जागने पर परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो राकेश लौहे के कुंदे से रस्सी से बनाये गये फांसी के फंदे से झूल रहा था।


**ड्राइडन पब्लिक सी.सै.स्कूल, हसनपुरा-ए जयपुर**

क्रमांक-डीपीएस/01/22-23 दिनांक-29.12.2022

**ई-निविदा सूचना**

विद्यालय के तीन मंजिला भवन के लगभग 13000 वर्ग फीट क्षेत्र में रंग कलर व आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य हेतु एक मुश्त मय सामग्री ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अनुभवी सेवा प्रदाता एकल/फर्म ई-मेल drydanschool@gmail.com पर दिनांक 31.12.2022 सायं 5 बजे तक भेजें।

व्यवस्थापक

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त-तृतीय**
**राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853

**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट संख्या-3/09 जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 257.48 वर्ग मीटर का आवंटन श्री बी.के.शर्मा पुत्र श्री अमर नाथ शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5180 दिनांक 30/06/1980 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-प्रथम में दिनांक 20/09/1991 को करवाया गया। श्री बी.के.शर्मा (श्री बलदेव कृष्ण शर्मा) की मृत्यु दिनांक 10/02/2022 को हो जाने के पश्चात श्रीमती कान्ता शर्मा पत्नी स्व.श्री बलदेव कृष्ण शर्मा के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास/फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देंवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती कान्ता शर्मा पत्नी स्व.श्री बलदेव कृष्ण शर्मा पक्ष में उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 9/L/456 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 67.50 वर्ग मीटर का आवंटन श्रीमती रक्षा बैन पत्नी श्री अशोक कुमार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4045 दिनांक 29.12.2009 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-अष्टम में दिनांक 15.09.2011 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती रक्षा बैन पत्नी श्री अशोक कुमार के द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम में दिनांक 28.10.2010 को उक्त आवास का मुख्तारनामा आम श्री अविनाश गोयल पुत्र श्री नेमीचन्द गोयल को नियुक्त किया गया। तत्पश्चात श्री अविनाश गोयल पुत्र श्री नेमीचन्द गोयल के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री कमलेश सोनी पुत्र स्व. श्री रामेश्वर लाल सोनी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 19.09.2011 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री कमलेश सोनी पुत्र स्व. श्री रामेश्वर लाल सोनी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री बृजमोन मीना पुत्र श्री रतन लाल मीना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर सप्तम में दिनांक 01.06.2022 को करवाया गया। श्री बृजमोहन मीना पुत्र श्री रतन लाल मीना के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री बृजमोहन मीना पुत्र श्री रतन लाल मीना के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट संख्या-11/43 (एफ.एफ.), मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 172.90 वर्ग मीटर का नियमितिकरण पत्र कमांक 4811 दिनांक 16.02.1995 श्री बाल कृष्ण गर्ग के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-प्रथम में दिनांक 20.02.1995 को करवाया गया। श्री बाल कृष्ण गर्ग की मृत्यु दिनांक 13.12.2016 को हो जाने के पश्चात श्री राजीव कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री बाल कृष्ण गर्ग के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, अपंजीकृत वसीयतनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लेट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। एवम् श्रीमती कल्पना गुप्ता पत्नी श्री राजीव कुमार गुप्ता निवासी- 11/43 मालवीय नगर, जयपुर व श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री पुरूषोत्तम भाटी, निवासी-12/332 मालवीय नगर, जयपुर द्वारा वसीयत पत्र उनके समक्ष लिखी होने का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री राजीव कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री बाल कृष्ण गर्ग के पक्ष में उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर


# राष्ट्रीय कला पर्व का दूसरा दिन केनवास के नाम रहा

- 16 राज्यों से आये चित्रकारों ने रंगों को उकेरा

**टोंक,** (निसं)। 16वें राष्ट्रीय कला पर्व का कल्पना मेरिज गार्डन में दूसरा दिन गुरुवार कलर से सजे केनवास का रहा। भारत के विभिन्न 16 राज्यों से आये चित्रकारों ने अपनी कूंची से रंगों के द्वारा कैनवास रूपी फलक पर उकेरा।

कला पर्व की अध्यक्ष अनु दासोत ने बताया कि दिल्ली से आयी वरिष्ठ महिला कलाकार सुमित्रा अहलावत ने कैनवास पर तारकोल द्वारा सुंदर स्त्री का सजीव एवं मनमोहक चित्रण किया। गुजरात से आयी निरुपमा टांक ने कैनवास पर गुजरात की लोककला को सजीव आकार दिया। नागपुर से आये चित्रकार हेमंत हरिभाऊ ने प्राकृतिक सौंदर्य को कैनवास पर जल रंग तकनीक में जीवंत रूप दिया। राजस्थान के शेखावाटी के चित्रकार पवन नवल ने राजस्थान की संस्कृति को कैनवास पर यथार्थ रूप में उकेरा।

वहीं कलकत्ता, बैंगलोर, दिल्ली एवं अन्य राज्यों से आये चित्रकारों ने अपने -अपने भावों को अपनी विधा में कैनवास पर साकार रूप दिया। लखनऊ से आये विकास रावत ने लकडी से सुंदर मूर्तिशिल्प का निर्माण किया। 16 वें राष्ट्रीय कला पर्व में विद्यार्थी कलाकारों ने भी बढ चढ कर प्रतिभाग किया और उनके द्वारा निर्मित कलाकृतियों को वरिष्ठ कलाकारों पसंद किया जा रहा हैं। यह कला पर्व वरिष्ठ एवं युवा कलाकारों का अद्भुत संगम हैं। स्थानीय दर्शको एवं कलाकारों एवं कला प्रेमियों ने इस कार्यक्रम का अवलोकन किया। स्थानीय दर्शकों में डॉ. हनुमान सिंह खरेडा, अनु दासोत, पुष्पेंद्र जैन, राजेश शर्मा, अनिल शर्मा, जसवंत सिंह नरुका ,शैलेंद्र सिंह भाटी,पुरुषोतम सोनी, अजय मिश्रा,नरेंद्र साहू, महेश गुर्जर, गुरुदयाल कुमावत,उमेश साहू, पूनम सालोदिया, शाईस्ता खान,मोनू बंजारा, गिरिराज प्रसाद शर्मा, महेश जांगिड परसराम मीना आदि का सहयोग रहा।

## रात्रि चौपाल में विधायक का स्वागत किया

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के कुशासन के खिलाफ जन आक्रोश यात्रा को लेकर विधायक रामलाल शर्मा रात्रि चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत ढाकला की ढाणी वार्ड नंबर 18 काला भाटा रोड मोरीजा में पहुंचे।

इस दौरान विधायक रामलाल शर्मा जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अपराधी बेखौफ होकर अपराधों को अंजाम देने का काम कर रहे हैं तथा भ्रष्टाचार में डूबी सरकार हाथ पर हाथ धरकर बैठी हुई है। ग्रामवासियों द्वारा विधायक रामलाल शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, गुड्डू सैनी प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, महेश सेरावत उपाध्यक्ष भाजपा नगर मंडल, बाबूलाल गुर्जर सरपंच फतेहपुरा, रामु चोपड़ा, हीरालाल सैनी, बाबूलाल सैनी, गिरधारी सैनी,किशोर सैनी, राजू रेवाड़ बनवारी स्वामी, सुरेश सैनी, पप्पू सैनी, ओम प्रकाश सैनी, लालचंद सैनी, गजानंद सैनी, कालूराम सैनी, गोवर्धन सैनी, हरफूल सैनी, शंकर लाल सैनी, बनवारीलाल सैनी, भानु प्रताप सैनी, चौथमल सैनी, महेश कुमार सैनी, राम नारायण सैनी, मोहनलाल सैनी, सुभाष सैनी, किशनलाल स्वामी सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## चिकित्सा एवं जांच शिविर एक को

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय अग्रवाल समाज की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत एक जनवरी को नववर्ष के उपलक्ष्य में मेगा निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सचिव प्रमोद सिंघानिया ने बताया कि श्री अग्रवाल सभा संस्थान के तत्वावधान में जयपुर की विक्षात है एस.सी.आर.हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के सहयोग से अग्रवाल भवन मातौर रोड पर सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस शिविर में रोग विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा रोगियों की निशुल्क जांच एवं परामर्श के साथ दवाईयां भी दी जाएगी। शिविर में मुख्य रूप से नाक कान गला, मूत्र रोग, हड्डी रोग, हर्निया, पाइल्स, अपेंडिक्स गुर्दे में पथरी आदि के साथ जनरल फिजिशियन डाक्टर दूरबीन व आधुनिक यंत्रों से जांच करेंगे।

## बच्चों ने लजीज पकवान बनाये

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के स्टेप बाई स्टेप स्कूल में गुरुवार को छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत निदेशक महेश सैनी, डॉक्टर माधव सिंह, पूर्व भू अभिलेख अधिकारी सुवालाल सैनी, डॉ. विनोद गुप्ता सीएचसी प्रभारी रींगस, वैज्ञानिक सीताराम सैनी, डॉक्टर चिरंजी लाल सैनी, पूर्व ब्लॉक शिक्षाधिकारी साधूराम सैनी, राजू बागवान , सुभाष गढ़वाल, बनवारी लाल सैनी, दिलीप सिंह शेखावत ,मुकेश शर्मा,रतन डूडी ने की। मेला आयोजक महेश सैनी ने बताया कि बाल मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा भिन्न-भिन्न पकवानों, फास्ट फूड इत्यादि की स्टाल लगाई गई जिनमें पाव-भाजी, छोले-भटूरे, गोल-गप्पे , आलू-टिकिया, खमन, दही-पपडी, पनीर चिल्ला, भेलपुरी, इडली-सांभर, आइसक्रीम, बायो-टी समेत एक दर्जन पकवानों की स्टॉले लगाई गई। इस आयोजन से बच्चों के द्वारा अपने खाना बनाने के हुनर और व्यावसायीकरण की शिक्षा का अच्छा प्रदर्शन किया गया।

# विवेकानंद संदेश रथ यात्रा टोंक पहुंची, जगह-जगह हुआ स्वागत

- तिरंगा वाहन रैली व विवेकानंद की वेशभूषा में सजे महिला-पुरुष, युवा रहे आकर्षक का केन्द्र



विवेकानंद संदेश रथ यात्रा के टोंक पहुंचने पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

**टोंक,** (निसं)। भारत की आजादी अमृत महोत्सव एवं विवेकानंद केन्द्र कन्या कुमारी के स्वर्ण जयंती के अवसर पर भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से निकाली जा रही विवेकानंद संदेश रथ यात्रा के गुरुवार को टोंक पहुंचने पर टोंक शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

जिसमें शहर के तिरंगा वाहन रैली व विवेकानंद की वेशभूषा में सजे महिला पुरुषों, युवाओं व स्कूली बालको, स्काउट व गाईड ने उत्साह के साथ भाग लिया, शोभायात्रा का शहर वासियों ने जगह जगह तोरण द्वार कर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया।

विवेकानंद सन्देश यात्रा आयोजन समिति टोंक के समन्वयक हितेश कुमार ने बताया कि विवेकानंद संदेश यात्रा का रथ गुरुवार को दोपहर कामधेनु सर्किल पहुंचा, जहां से तिरंगा दो पहिया वाहन रैली के साथ रामलीला मैदान रथ पहुंचा। रामलीला मैदान से रथ में साथ चल रही विवेकानंद जी की प्रतिमा पर अतिथियों के साथ साथ सभी जन माल्यार्पण व पुष्पवर्षा की। रामलीला मैदान पर योग समिति टोंक के बच्चों द्वारा भव्य योग प्रदर्शन किया गया। सन्देश यात्रा को अतिथियों द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के जयकारे गुंजते रहे। शोभायात्रा में पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा जयपुर सह प्रभारी नरेश बंसल, यात्रा संयोजक मणिकांत गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, महामंत्री विष्णु शर्मा, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, विवेकानंद सन्देश यात्रा आयोजन समिति टोंक के समन्वयक हितेश कुमार, शिक्षाविद बाबूलाल शर्मा, रमेश काला, मुरारी सिंहल आदि व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

## बस सेवा में विस्तार करने की मांग

**खैरथल,** (निसं)। नागरिक अधिकार मंच द्वारा विधायक दीपचंद खैरिया से खैरथल किशनगढ़बास रुट पर शटल बस सेवा में विस्तार करने की मांग की है। मंच के अध्यक्ष बी एल शर्मा ने विधायक को प्रेषित पत्र में कहा है कि बहुत लंबे समय से खैरथल किशनगढ़बास रुट पर मात्र दो शटल बस सेवा चल रही है जबकि यात्री भार पहले से चार गुना ज्यादा हो गया है। इसके अलावा किशनगढ़बास परिवहन सेवा का जंक्शन होने से चारों दिशाओं को जाने आने वाले यात्रियों को सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं होने पर शटल से ही किशनगढ़बास जाना आना पड़ता है। शटल बस सेवा की कमी के कारण यात्रियों को जान जोखिम में डालकर अवैध परिवहन सेवा का सहारा लेना पड़ता है। पत्र में किशनगढ़ रोड पर खड़ी होने वाली बस के आगे बने नगरपालिका के कचरा स्टैंड को भी यहां से अन्यत्र स्थानांतरित कराने की मांग की गई है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धंक (कै.व.वै.) उ.प.रे. बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति महोदय एवं उनकी ओर से खुली **निविदा संख्या 13/यांत्रिक/कै.व.वै/2022-23 दिनांकः-27.12.2022** जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 20.01.2023 समय 15:00 बजे तक का है। के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। **1. कार्य का नाम** : अपग्रेडेशन एण्ड रिनोवेशन ऑफ बीकानेर डिवीजन आर.ए.-21 दो माह के लिए। **2. अनुमानित लागत** : रू. 982280/- **3. बयाना राशि** : रू. 19700/- (ऑन लाईन नेट बेंकिंग पेमेंट और पेमेंट गेटवे के माध्यम से वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबन्धक, उ.प.रे. बीकानेर के पक्ष में। **4. टेंडर फार्म जमा कराने का समय व तारीख** : दिनांक 20.01.2023 समय 15.00 बजे तक **5. निविदा खुलने की तारीख व समय** : दिनांक 20.01.2023 समय 15:30 बजे तक **6.टेंडर फार्म शुल्क** : शून्य **7. वेबसाईट का विवरण** : www.ireps.gov.in

1109-DG/22

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

# खेल जगत



मुझे लगता है कि हार्दिक के पास एक अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण हैं। सबसे मुश्किल काम एक समूह में अपने खिलाड़ियों को एक साथ खेलने के लिए प्रेरित करना, बात करना और प्रबंधन करना है और बाकी करीबी मैचों में कप्तानी करने के अनुभव के साथ आएगा। - कुमार संगकारा

पूर्व श्रीलंकाई कप्तान, हार्दिक पांड्या के बारे में।

**आज का खिलाड़ी ▶ नेमार**



विश्वकप के बाद अपना पहला मैच खेल रहे ब्राजील के स्टार नेमार को पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की स्ट्रासबर्ग के खिलाफ 2-1 से जीत के दौरान लाल कार्ड का सामना करना पड़ा। नेमार को 61वें मिनट में स्ट्रासबर्ग के मिडफील्डर एड्रियन थॉमसन को पकड़ने पर पहला पीला कार्ड मिला। इसके एक मिनट बाद गलत तरीके से डाइव लगाने पर उन्हें दूसरी चेतावनी के तौर पर लाल कार्ड मिला। इस फारवर्ड ने रेफरी क्लेमेंट टरपिन से बहस भी की लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। नेमार को 2017 में पीएसजी से जुड़ने के बाद पांचवी बार लाल कार्ड मिला है।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## अफगानिस्तान के टी-20 कप्तान बने राशिद खान

काबुल, 29 दिसंबर। स्टार लेग स्पिनर राशिद खान को बृहस्पतिवार को अफगानिस्तान का नया टी20 कप्तान बनाया गया जो मोहम्मद नबी की जगह लेंगे। 24 वर्ष के राशिद को टी20 विश्व कप 2021 से पहले भी कप्तान बनाया गया था लेकिन उन्होंने टीम की घोषणा के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। उनका दावा था कि चयन को लेकर उनसे सलाह नहीं ली गई थी। नबी ने 2022 टी20 विश्व कप के बाद कप्तानी छोड़ दी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने एक बयान में कहा ,'' राशिद खान अफगानिस्तान क्रिकेट में बड़ा नाम है। उनके पास इस प्रारूप में दुनिया भर में खेलने का अनुभव है जिससे उन्हें टीम को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद मिलेगी।''

## हैलैंड का रिकॉर्ड, मैनचेस्टर सिटी ने लीड्स को हराया

लीड्स, 29 दिसंबर। एरलिंग हैलैंड के रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में लीड्स को 3-1 से पराजित किया। हैलैंड ने दो गोल दागे और इस तरह से वह सबसे कम मैचों में 20 गोल करने वाले खिलाड़ी बने। नार्वे के स्टार फुटबॉलर ने 14 मैचों में यह कारनामा किया। उन्होंने रिकॉर्ड बनाने के बाद कहां,'' स्ट्राइकर होने के नाते मैं दो गोल और कर सकता था, लेकिन यही जिंदगी है। मैं क्या कर सकता हूं। मुझे और अभ्यास करना होगा।'' मैनचेस्टर सिटी की इस जीत के बाद उसके और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के बीच अब केवल पांच अंकों का अंतर रह गया है। हैलैंड ने केविन फिलिप्स का 1999-2000 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ा। फिलिप्स ने तब संडरलैंड की तरफ से खेलते हुए 21 मैचों में 20 गोल किए थे।

## मोरक्को ने अफ्रीकन नेशंस कप से हटने की धमकी दी

रबात, 29 दिसंबर। विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला मोरक्को अफ्रीकी नेशंस फुटबॉल चैंपियनशिप के मेजबान अल्जीरिया से राजनयिक विवाद के कारण अगले महीने होने वाले इस टूर्नामेंट का बहिष्कार कर सकता है। मोरक्को फुटबॉल महासंघ ने कहा है कि उसकी टीम को मोरक्को की राजधानी रबात से अल्जीरिया के शहर कांसटेनटाइन तक सीधी उड़ान मिलने पर ही वह इस टूर्नामेंट में भाग लेगा। पिछले साल इन दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध खत्म होने के बाद अल्जीरिया ने मोरक्को के सैन्य और व्यावसायिक विमानों को अपने हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने से प्रतिबंधित कर दिया था। मोरक्को फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि उसने प्रतिभागी देशों को सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर अफ्रीकी यूनियन को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उसने मांग की है कि उनकी राष्ट्रीय टीम को निजी विमान में सीधे कांसटेनटाइन तक उड़ान भरने की अनुमति मिलनी चाहिए। अल्जीरिया की सरकार ने अभी तक इस मांग पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अफ्रीकन नेशंस कप 13 जनवरी से चार फरवरी के बीच खेला जाएगा। मोरक्को विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला अफ्रीका महाद्वीप का पहला देश बना था।

## सूर्यकुमार और मंधाना वर्ष के टी-20 क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में

दुबई, 29 दिसंबर। भारतीय बल्लेबाजों सूर्यकुमार यादव और स्मृति मंधाना को वर्ष 2022 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में वर्ष के टी20 क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। सूर्यकुमार को टी20 विश्व कप विजेता इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन, पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और जिम्बाब्वे के बल्लेबाजी ऑलराउंडर सिकंदर रजा के साथ पुरुष वर्ग में शीर्ष सम्मान के लिए नामित किया गया है। महिला वर्ग में मंधाना को पाकिस्तान की गेंदबाजी ऑलराउंडर निदा डार, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्रा की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। सूर्य कुमार ने 2022 में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक वर्ष में 1000 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने इस वर्ष टी20 अंतरराष्ट्रीय में 1164 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 187.43 रहा। उन्होंने इस साल 68 छक्के लगाए जो कि टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक छक्के का रिकॉर्ड है। वह इस वर्ष टी20 रैंकिंग में विश्व के नंबर एक बल्लेबाज भी बने। पिछले साल आईसीसी की वर्ष की टी20 महिला क्रिकेटर चुनी गई मंधाना ने सबसे छोटे प्रारूप में फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। चाहे वह भारतीय महिलाओं में सबसे तेज अर्धशतक (23 गेंद पर) हो या फिर इस प्रारूप में 2500 से अधिक रन बनाना हो, मंधाना ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

## संतोष ट्रॉफी : कर्नाटक ने लगाया जीत का चौका

नयी दिल्ली, 29 दिसंबर। कर्नाटक ने 76वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप (संतोष ट्रॉफी) के ग्रुप-एक में अपना वर्चस्व बरकरार रखते हुए गुरुवार को त्रिपुरा को 10-0 से रौंदकर जीत का चौका लगाया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के दूसरे मुकाबले में गुजरात ने लद्दाख को 2-0 से मात दी। कर्नाटक के सामने त्रिपुरा एक दोयम दर्जे की टीम नजर आई। इस एकतरफा मुकाबले में कर्नाटक के लिये शेल्टन पॉल एम. ने दूसरे व 27वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि रॉबिन यादव (16वें), प्रशांत कलिंगा (30वें), एम. सुनील कुमार (40वें), अभिषेक शंकर पोवार (54वें), अप्पू (78वें), अंकित पी. (81वें), राजागणपति के. (86वें) और कमलेश पी. (90 6 मिनट में) ने एक-एक गोल किया। गुजरात की जीत में जय कनानी (28वां) और रुतिग अहिर्राओ (50वां मिनट) ने एक-एक गोल से योगदान दिया।

# ऑस्ट्रेलिया ने 17 साल बाद घरेलू सरजमीन पर प्रोटियाज को पछाड़ा

## तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली



मेलबर्न, 29 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वॉर्नर (200 नाबाद) के दोहरे शतक और एलेक्स कैरी (111) के शतक के बाद गेंदबाजों के उमदा प्रदर्शन से गुरुवार को दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 182 रन से रौंद दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 189 रन बनाये, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 575/8 के स्कोर पर पारी घोषित की। दक्षिण अफ्रीका 386 रनों से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में चौथे दिन 204 रन पर ढेर हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया ने 17 साल बाद दक्षिण अफ्रीका को घरेलू टेस्ट सीरीज में हराते हुए तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का तीसरा मुकाबला चार जनवरी से सिडनी में खेला जायेगा।

दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत 15/1 के स्कोर से की। प्रोटियाज को ऑस्ट्रेलिया की बढ़त कम करने के लिये बड़ी साझेदारियों की जरूरत थी लेकिन टेम्बा बावुमा (65) के अलावा कोई बल्लेबाज विकेट पर समय नहीं बिता सका। उंगली में चोट से उबर रहे मिचेल स्टार्क ने सारेल एरवी (21) को तेज यॉर्कर पर पगबाधा आउट करके ऑस्ट्रेलिया को सुबह पहली सफलता दिलाई। स्कॉट बोलैंड ने थ्यूनिस डी ब्रुइन (28) को दूसरी स्लिप में कैच कराया जबकि खाया जोंडो (एक) के रन आउट होने से दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 65 रन हो गया। बावुमा और काइल वेरिन (33) ने पांचवें विकेट के लिये 63 रन जोड़े। बावुमा ने 144 गेंदें खेलकर छह चौकों के साथ 65 रन बनाये, जबकि वेरिन ने 40 गेंदों पर 33 रन का योगदान दिया।

इस साझेदारी ने पहले सत्र में दक्षिण अफ्रीका को संभाल लिया था लेकिन बोलैंड (49/2) ने लंच के बाद चौथे ओवर में वेरिन को पगबाधा आउट कर दिया। पुछल्ले बल्लेबाजों के विकेट पर आने के बाद स्पिनरों ने मोर्चा संभाल लिया। नेथन लायन ने बावुमा, मार्को यैनसेन और कागिसो रबाडा को आउट किया, जबकि लुंगी एनगिडी स्टीव स्मिथ का शिकार हुए और प्रोटियाज 204 के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी।

इस जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में 78.57 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं मजबूत हो गयीं, जबकि दक्षिण अफ्रीका 50 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर फिसल गयी है। भारत इस तालिका में 58.93 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। डब्ल्यूटीसी चक्र पूरा होने के बाद तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल जून 2023 में लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर खेला जायेगा।

## मन में कोई बुरी भावना नहीं है, ऑस्ट्रेलिया लौटकर अच्छा लग रहा है : नोवाक जोकोविच



एडिलेड, 29 दिसंबर। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फिर से दोहराया है कि एक साल पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पूर्व ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित किए जाने को लेकर उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है और वह उस देश लौटकर अच्छा महसूस कर रहे हैं जहां उन्होंने काफी सफलताएं हासिल की हैं। जोकोविच को कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण 12 महीने पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। तब ऑस्ट्रेलिया में टीकाकरण को लेकर सख्त नियम थे।

बाद में कोविड-19 से जुड़े कड़े दिशा निर्देशों को वापस ले लिया गया और नवंबर में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने जोकोविच पर लगा तीन साल का प्रतिबंध भी हटा दिया। उसने जोकोविच को 16 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने के लिए वीजा भी प्रदान किया।

जोकोविच मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उन्हें अगले सप्ताह एडिलेड इंटरनेशनल में भाग लेना है। उन्होंने गुरुवार को कहा,'' ऑस्ट्रेलिया वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह ऐसा देश है जहां मैंने बहुत सफलताएं हासिल की हैं, विशेषकर मेलबर्न में। मैं सभी ग्रैंड स्लैम में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में सबसे अधिक सफल रहा हूं। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि आगे सब कुछ अच्छा रहेगा। निश्चित तौर पर दर्शकों की प्रतिक्रिया को लेकर मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता।'' जोकोविच ने कहा,'' मैं अच्छी टेनिस खेलने और दर्शकों में अच्छी भावनाएं लाने की कोशिश करूंगा।''

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते है स्टार्क



मेलबर्न, 29 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क बाएं हाथ की चोट के कारण भारत के खिलाफ फरवरी में शुरू होने वाली टेस्ट शृंखला से बाहर हो सकते हैं। स्टार्क ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद गुरुवार को कहा, भारत हमारा अगला बड़ा दौरा है और हमें देखना होगा कि चोट के ठीक होने की समय-सीमा क्या है। यह मेरा गेंदबाजी वाला हाथ है, इसलिये मुझे थोड़ी सावधानी बरतनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि चोट पूरी तरह ठीक हो जाए।

गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन कैच लेने की कोशिश करते हुए स्टार्क के बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गयी। स्टार्क ने इसके बाद भी मैच में हिस्सा लिया, हालांकि वह अनिश्चितकाल के लिये टीम से बाहर हो गये हैं।

स्टार्क के साथी कैमरन ग्रीन भी दाएं हाथ की उंगली फ्रैक्चर होने के कारण अनिश्चितकाल के लिये क्रिकेट से दूर हो गये हैं, हालांकि भारत में होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले उनके फिट होने की संभावना है। स्टार्क ने कहा, विडंबना यह है कि ग्रीन मुझसे पहले टीम में वापस आ जायेंगे। मांसपेशियों की तुलना में हड्डियां ज्यादा जल्दी ठीक होती हैं। मेरा खयाल है कि हम दोनों एक ही डॉक्टर के पास जायेंगे। उन्होंने कहा, सभी को उम्मीद है कि मैं भारत दौरे के शुरुआती हिस्से से ही बाहर रहूंगा। ज़ाहिर है कि यह मेरी चोट के ठीक होने पर निर्भर करेगा। स्टार्क ने चोट के बावजूद दूसरी पारी में 18 ओवर फेंकते हुए एक विकेट लिया। ग्रीन ने भी पहली पारी में अर्द्धशतक जड़ा, हालांकि टीम के डॉक्टरों ने उन्हें गेंदबाजी करने की सलाह नहीं दी।

कप्तान पैट कमिंस ने चोटों के बावजूद योगदान देने के लिये स्टार्क और ग्रीन की प्रशंसा करते हुए कहा, यह शायद इस सप्ताह सभी अविश्वसनीय उपलब्धियों का जिक्र करने का अच्छा समय है। स्टार्क उंगली की चोट के कारण खेल से दूर होने जा रहे हैं, फिर भी मैदान में जाकर खेलना बहादुरी की बात है। कैम ग्रीन भी टीम के लिये बहादुरी से खेले। टीम के सभी खिलाड़ी एक दूसरे के लिये कुछ भी करने को तैयार हैं।

## विलियम्सन के दोहरे शतक से न्यूजीलैंड को 174 रन की बढ़त



कराची, 29 दिसंबर। केन विलियमसन ने टेस्ट मैचों में अपना पांचवां दोहरा शतक जड़ा जबकि निचले क्रम के बल्लेबाज ईश सोढ़ी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 65 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन गुरुवार को यहां पहली पारी में 174 रन की बढ़त हासिल की।

विलियमसन ने नाबाद 200 रन बनाए। उन्होंने रहस्यमयी स्पिनर अबरार अहमद पर एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा और फिर एक रन लेकर दोहरा शतक पूरा किया जिसके तुरंत बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने नौ विकेट पर 612 रन पर पारी समाप्त घोषित कर दी। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए थे। विलियमसन और सोढ़ी ने सातवें विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी की। पाकिस्तान की तरफ से इस महीने के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में 17 विकेट लेने वाले अबरार ने 205 रन देकर पांच विकेट हासिल किए।

विलियमसन और सऊदी में पहले सत्र में 79 रन जोड़े। इन दोनों ने सुबह छह विकेट पर 440 रन से न्यूजीलैंड की पारी आगे बढ़ाई और सहजता से रन बटोरे। पाकिस्तान के नई गेंद लेने के बावजूद भी वे क्रीज पर टिके रहे। बाएं हाथ के स्पिनर नौमान अली (185 रन देकर तीन) और अबरार उन पर खास प्रभाव नहीं डाल पाए। सोढ़ी ने अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 63 रन भी पाकिस्तान के खिलाफ 2014 में बनाया था।

## द. अफ्रीकी बल्लेबाजों के गेंदबाजी क्रीज पर आगे निकलने से स्टार्क, कमिंस नाखुश

मेलबर्न, 29 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट की दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज थ्युनिस डिब्रून को अपनी नाखुशी जाहिर कर दी थी क्योंकि वह गेंदबाजी छोर पर गेंद फेंक जाने से पहले काफी आगे निकल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के 32 साल के तेज गेंदबाज स्टार्क ने शुरुआत में डिब्रून को मजाक में कहा कि वह 'पिच के बीच में खड़े हैं' लेकिन बाद में कड़ा रुख अपनाते हुए दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज को चेतावनी दी कि अगर वह लगातार आगे निकलते रहेंगे तो वह उन्हें 'मांकडिंग' (गेंदबाज के गेंद फेंकने से पहले ही क्रीज से आगे निकलने पर रन आउट करना) कर देंगे।

दक्षिण अफ्रीका पर पारी और 182 रन की जीत के बाद स्टार्क ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, ''मैंने कल रात (बुधवार को) उससे (डिब्रून) बात की क्योंकि वह कल ऐसा कर रहा था। इसके बाद जब मैं रुका तो वह पिच के बीच में खड़ा था। डिब्रून अंततः 28 रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। स्टार्क ने कहा, ''उसने कहा कि वह जानबूझकर ऐसा नहीं कर रहा।

## आईपीएल ने हमारी जिंदगियां बदल दी, एसए-20 लीग से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को फायदा होगा : डिविलियर्स



जोहानिसबर्ग, 28 दिसंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने एबी डिविलियर्स की जिंदगी बदल की और इस पूर्व दिग्गज बल्लेबाज को उम्मीद है कि स्वदेश में पहली एसए20 लीग (दक्षिण अफ्रीका 20 लीग) से दक्षिण अफ्रीका में युवा पीढ़ी को ऐसा ही फायदा मिलेगा।

पहली एसए20 लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और इसकी शुरुआत 10 जनवरी को न्यूलैंड्स में होगी। लीग का पहला मुकाबला एमआई केपटाउन और पार्ल रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। लीग की सभी टीम को आईपीएल फ्रेंचाइजी ने खरीदा है।

वर्ष 2008 में आईपीएल की शुरुआत से लेकर पिछले साल संन्यास लेने तक इस लुभावनी टी20 लीग में खेलने वाले डिविलियर्स ने कहा कि एसए20 से खेल को दक्षिण अफ्रीका में वह बढ़ावा मिलेगा जिसकी उसे जरूरत है। डिविलियर्स ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से कहा, ''मुझे लगता है कि एसए20 दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए सही समय पर हो रहा है। हमने देखा है कि इन लीग ने संबंधित देशों में कितना अच्छा काम किया है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे युवाओं को इस आधार और मंच से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिलेगा।''

डिविलियर्स की आगामी टी20 लीग के दौरान जिन खिलाड़ियों पर नजर रहेगी उनमें एमआई केप टाउन के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस शामिल हैं।

इस साल आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में शिखर धवन का टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन का रिकॉर्ड तोड़कर सुर्खियां बटोरने वाले 19 साल के ब्रेविस ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने आईपीएल और कैरेबियाई प्रीमियर लीग में प्रभावित करने के बाद क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के टी20 चैलेंज में सिर्फ 57 गेंद में 162 रन की तूफानी पारी खेली।

## रजनीगंधा अचीवर्स ने जोधपुर कारिसिल व सुजान इंडियन टाइगर्स ने बेदला पोलो को हरा फाइनल में


### महाराजा गजसिंह व युवराज शिवराज सिंह भी रहे मैच के दौरान मैदान में उपस्थित



जोधपुर। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, पाबूपुरा में चल रहे 23वें जोधपुर पोलो सीजन 2022 में गुरुवार को महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप (10 गोल) टूर्नामेंट के सेमीफाइनल रजनीगंधा अचीवर्स व जोधपुर कारिसिल तथा सुजान इण्डियन टाइगर्स व बेदला पोलो के बीच खेला गया। पहले सेमीफाइनल में अचीवर्स ने आधे गोल की शुरुआती बढ़त के साथ खेल रही जोधपुर कारिसिल टीम को साढ़े छह के मुकाबले नौ गोल कर ढ़ाई गोल के अन्तर से व दूसरे सेमीफाइनल में सुजान इण्डियन टाइगर्स ने बेदला पोलो को चार के मुकाबले आठ गोल कर चार गोल के अन्तर से हराते हुए में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट का फाइनल शुक्रवार 30 दिसम्बर को खेला जायेगा। फाइनल के पश्चात् अबू सियर कप का प्रदर्शन मैच भी खेला जायेगा। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के संरक्षक महाराजा गजसिंह जी व युवराज शिवराज सिंह मैदान में उपस्थित थे।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव जंगजीत सिंह ने बताया कि पहले सेमीफाइनल में जोधपुर कारिसिल टीम की ओर से खेलते हुए टीम के तीन हैण्डीकेप के खिलाड़ी ध्रुवपाल गोदारा एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने सभी छह गोल किए। ध्रूवपाल ने दूसरे चक्कर में दो, तीसरे चक्कर में एक व चौथे चक्कर में तीन गोल किए। मुकाबले में रजनीगंधा अचीवर्स टीम के साऊथ अफ्रीकी खिलाड़ी छह हैण्डीकेप के क्रिस मैकेंजी ने पहले व तीसरे चक्कर में दो-दो गोल, व चौथे चक्कर में एक गोल, चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सैय्यद शमशेर अली ने दूसरे, तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल में बेदला पोलो की ओर से खेलते हुए टीम के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी अभिमन्यु पाठक ने पहले चक्कर में एक गोल, पांच हैण्डीकेप के साऊथ अफ्रीकी खिलाड़ी लांस डी एरिक वाटसन ने दूसरे चक्कर में एक गोल व राव हिम्मतसिंह बेदला ने चौथे चक्कर में दो गोल किए। मुकाबले में सुजान इण्डियन टाइगर्स टीम के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सिद्धांत शर्मा ने पहले चक्कर में एक गोल व तीसरे चक्कर में दो गोल, विरमदेवसिंह कृष्णावत ने दूसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल, दो हैण्डीकेप के खिलाड़ी भवानीसिंह कालवी ने तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल और चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी एच.एच. महाराजा पद्मनाभसिंह जयपुर ने चौथे चक्कर में एक गोल किया। दोनों ही मैचों के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्क्रोटीचीनी व इंग्लैण्ड के निक पेपर थे, पहले मैच के रैफरी हर्षवर्धनसिंह भांवरी व दूसरे मैच के सैय्यद बशीर अली थे। दोनों मैचों की कॉमेंट्री अंकुर मिश्रा, राजवी शैलेन्द्रसिंह ने सम्मिलित रूप से की।

## विश्वकप में खेलने को प्रतिबद्ध हूं, लेकिन टीम प्रबंधन कहता है तो संन्यास ले लूंगा : वॉर्नर



मेलबर्न, 29 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवरों के विश्वकप में खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन यदि टीम प्रबंधन कहता है कि संन्यास लेने का यही समय है तो वह ऐसा कर देंगे।

इस 36 वर्षीय बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में दोहरा शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की थी। यह उनका 100वां टेस्ट मैच था। वॉर्नर से पूछा गया क्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेलबर्न में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच उनका बॉक्सिंग डे पर आखिरी टेस्ट होगा, उन्होंने कहा,'' मैं अगले साल होने वाले विश्व कप में खेलने के लिए प्रतिबद्ध हूं।''

इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा,'' मैं खुद को फिट रखूंगा और लगातार रन बनाने की कोशिश करूंगा, लेकिन यदि वे (टीम प्रबंधन) मुझसे आकर कहते हैं कि (संन्यास लेने का) यही समय है तो मैं अलविदा कहने के लिए तैयार हूं।''

वॉर्नर मंगलवार को अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले दुनिया के 10वें बल्लेबाज बने। वह अपने 100वें टेस्ट मैच में दोहरा शतक पूरा करने वाले केवल दूसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा,'' मुझे इस तरह की पारी खेलने का भरोसा था। मैं जानता हूं कि मैं बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखता हूं।''



*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, रॉबर्ट वाड्रा द्वारा किये गये 125 बीघा जमीन घोटाले पर एक्शन कब लेंगे? पूनिया ने इस प्रकरण में गहलोत सरकार की संलिप्तता का भी आरोप लगाया और कहा कि, गहलोत सरकार इस प्रकरण पर पर्दा डालने में जुटी हुई है।*

# 'सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग मैंने नहीं रखी, यह तो पूरा राजस्थान गा रहा है'

## एस.सी. आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी बैरवा ने इस संदर्भ में आगे यह भी कहा कि, उनकी इस मांग करने का बदला एस.सी. आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की फाइल रोक कर लिया गया

जयपुर, 29 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में ए.आई.सी.सी. के प्रभारी महासचिव सुखजिंदर सिंह रंधावा से राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा ने मुलाकात की तथा प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री के उम्मीदवार तौर पर पेश करने का उनसे बदला लिया गया।

बैरवा ने रंधावा से कहा कि उन्होंने सचिन पायलट को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाने की मांग भर रखी थी और इसका खामियाजा उन्हें अनुसूचित जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की फाइल से चुकाना पड़ा। बैरवा ने जल्द ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की

- **गहलोत के बजट पेश करने की बात पर कहा- अभी कौन सी तारीख तय हो गई, कौन सा बजट आ रहा है, इन बातों का कोई सिर पैर नहीं, ये ख्याली पुलाव है।**

ओर से अगला बजट पेश करने की बात पर कहा कि अभी बजट की न तो तारीख आई है और न आलाकमान ने कोई निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 सितंबर को विधायकों ने जो कुछ किया, उससे उनके कंठ सूखे हुए हैं। गहलोत के बजट पेश करने की बात पर उन्होंने कहा कि अभी कौन सी विधानसभा की तारीख तय हो गई है, कौन सा बजट आ रहा है। इन बातों का कोई सिर पैर नहीं है। ये ख्याली पुलाव हैं। अभी विधानसभा का कोई लैटर नहीं आया है।

बैरवा ने कहा कि जब मैंने अनुसूचित आयोग का चार्ज लिया था, तभी मुख्यमंत्री ने संवैधानिक दर्जा देने की बात कही थी।

पंजाब, केरल जैसे कई स्टेट में पहले से ही अनुसूचित जाति आयोग का संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। जब राज्यसभा चुनाव थे, तो भी हमसे वादे किए गए कि इस मांग को पूरा किया जाएगा और तब हेलीकॉप्टर हमें ले जाने के लिए खड़े रहे। वह दिन था और आज का दिन है। नियम क्या है, मुझे पता नहीं। अनुसूचित जाति आयोग का चेयरमैन मुझे आलाकमान ने बनाया है और अनुसूचित जाति को न्याय दिलाने के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं, क्योंकि मेरा काम ही यह है। अगर मैं इनकी रक्षा नहीं कर सका तो मेरा कोई काम नहीं।

बैरवा ने कहा कि मेरी गलती सिर्फ इतनी थी, कि मैंने मीडिया को यह कह दिया था कि सचिन पायलट जैसे योग्य व्यक्ति को मुख्यधारा में लाया जाए तो कोई बुराई नहीं है। उसके बाद से फाइल मुख्यमंत्री की टेबल पर पड़ी है सब काम कम्प्लीट है, लेकिन आज तक अनुसूचित जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया गया है।

खिलाड़ी लाल बैरवा ने कहा कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग मैंने नहीं रखी। यह तो पूरा राजस्थान गा रहा है। अभी जब यात्रा चली थी कन्याकुमारी से तो मैं मध्यप्रदेश, केरल ओर कर्नाटक गया था। वहां भी लोग यही कह रहे थे कि पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जाए। अब मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय आलाकमान लेगा ओर समय कभी कम नहीं होता है, जब जागो तभी सवेरा होता है।

खिलाड़ी बैरवा ने यह भी कहा कि आलाकमान राजस्थान पर पूरी नजर रखे हुए हैं और 2023 में राज कैसे आए उसके लिए वर्किंग चल रही है।

# 'रॉबर्ट वाड्रा द्वारा हड़पी गई 125 बीघा जमीन किसानों को कब वापस मिलेगी, राजस्थान की सरकार उस पर कब पहल करेगी, कब एक्शन लेगी?: डा. पूनिया

## डा. पूनिया ने यह भी कहा कि, रॉबर्ट वाड्रा के जमीन घोटाले पर राहुल गांधी और अशोक गहलोत बड़े दिल का परिचय देकर, राजस्थान के किसानों की जमीनें हड़पे जाने का कोई समाधान करेंगे क्या?

जयपुर, 29 दिसम्बर (का.सं.)। भाजपा की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कहा कि, इस देश में बहुत लंबे समय, 55 साल, तक कांग्रेस पार्टी को शासन करने का मौका मिला, पर इसे जनता ने 2014 में ठीक तरीके पहचाना और यही कारण था कि कांग्रेस की भ्रष्ट नीति, अराजकता, जातिवाद, सांप्रदायिकता, छद्म धर्मनिरपेक्षता को हिन्दुस्तान की जनता ने नकार दिया, पर इसमें सबसे बड़ा कारण करप्शन था।

नेहरू गांधी परिवार इसमें संलिप्त रहा और पूरी कांग्रेस पार्टी के देश में शायद सैकड़ों ऐसे मसले हैं जो भ्रष्टाचार के नाते इतिहास में दर्ज हो गए।

नेहरू के मंत्रिमंडल में मेनन जब रक्षा मंत्री थे, तब एक जीप घोटाले की गूंज उठी थी, उसके बाद कालांतर में आपने देखा होगा कि, कभी बोफोर्स के नाम पर, कभी दवा घोटाले के नाम पर, कभी कोयला के नाम पर, कभी स्पेक्ट्रम के नाम पर, घोटाले की एक लंबी फेहरिस्त कांग्रेस के हिस्से में जुड़ी रही, जिसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ। इतना तो राजस्थान की और हिंदुस्तान की जनता ने सब्र कर लिया होगा, लेकिन सब्र की सीमा तब टूटती है जब नेहरू गांधी खानदान के दामाद पर सीधे-सीधे उंगली उठती है।

2008 से 2013 के बीच 125 बीघा जमीन इसी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने एक व्यक्ति को आवंटित कर दी, जिसका कोई अस्तित्व नहीं है, बाद में यह सारी चीजें घूमते-घूमते जब इसका कनेक्शन देखा गया तो रॉबर्ट वाड्रा और उनकी मां की कंपनी

- **डा. पूनिया ने आगे कहा, "सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा राजस्थान के किसानों की जमीन हड़पने वाले माफिया से कम नहीं हैं, मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार ने इस पर पर्दा डालने की कोशिश की, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।"**
- **उन्होंने कहा, "कांग्रेस सरकार का राजस्थान के किसानों से कोई सरोकार नहीं है, उसकी मंशा ऐसी लगती है कि "ना खाता, ना बही, सोनिया गांधी जो कहें वही सही," वे इस तर्ज पर राज चला रहे हैं?"**

स्काइलाइट हॉस्पिटेलिटी का सीधा सीधा उसमें जुड़ाव देखा गया। कालांतर में जब यह मुददा हाइकोर्ट में गया और इसकी सुनवाई शुरू हो गई, तब इनको फिक्र हुई और कोर्ट में इस मामले को खारिज करने के लिए। लेकिन यह मामला दुबारा सुर्खियों में आ गया जब हाइकोर्ट ने उनकी अपील को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि अभी इस पर सुनवाई जारी रहेगी। यानी यह एक प्रकार से स्वीकारोक्ति है कि कहीं ना कहीं रॉबर्ट वाड्रा की और उसके परिवार की कोई संलिप्तता इस लैंड अलॉटमेंट में रही है। यह मामले आटे में नमक जितने भ्रष्टाचार का नहीं बल्कि नमक में आटे के भ्रष्टाचार का है।

सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा राजस्थान के किसानों की जमीन हड़पने वाले माफिया से कम नहीं हैं और जिस तरीके के कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने, कांग्रेस की सरकार ने इस पर पर्दा डालने की कोशिश की, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

शुचिता, नैतिकता की बात करने वाले मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक तौर पर माना था कि कांग्रेस शासन में राजस्थान में तबादलों में भी भ्रष्टाचार होता है।

बहुत सारी चीजें हैं जिसकी एक लंबी फेहरिस्त है। लेकिन आज मेरा फोकस सिर्फ रॉबर्ट वाड्रा द्वारा हड़पी गई 125 बीघा जमीन के बारे में है। राजस्थान की कांग्रेस पार्टी की सरकार, उनके मुख्यमंत्री और राहुल गांधी ने यात्रा निकाली उनसे हमने कुछ सवाल किए थे। मैं उनसे फिर पूछता हूँ कि इस तरीके से किसानों की जमीन हड़पने पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे।

कांग्रेस सरकार का राजस्थान के किसानों से कोई सरोकार नहीं है, उनकी मंशा ऐसी लगती है कि ना खाता, ना बही, सोनिया गांधी जो कहें वही सही, इस तर्ज पर वो राज चला रहे हैं।

डॉ. पूनिया ने कहा, राहुल गांधी की यात्रा में कुछे चीजें बड़ी रोचक थीं, जैसे भगवान राम, जिन पर भगवान श्रीराम के कांग्रेस की धारणा समय-समय पर बदलती रहती, इनको भगवान राम जन्मभूमि पर ऐतराज था, रामसेतु पर ऐतराज था, ये जय सियाराम, जय श्रीराम के भेद को नहीं जानते। चाकूकारिता की पराकाष्ठा यह है कि कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से की है। एक सज्जन हैं यहां कांग्रेस में उन्होंने राहुल गांधी की तुलना महात्मा गांधी से की। हालांकि खुद राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी से मेरी तुलना नहीं हो सकती, तो फिर राम से कैसे होगी।

कुल मिलाकर कांग्रेस का जो चरित्र है चाटुकारिता का, भ्रष्टाचार का और भगवान राम के अस्तित्व को नहीं मानने का है।

रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े जो जमीन घोटाले पर मेरा कहना है कि अशोक गहलोत या खुद राहुल गांधी, क्योंकि स्वयं राहुल गांधी के परिवार पर आरोप है, क्या उदारता से, निरपेक्षता से, ईमानदारी से बड़े दिल का परिचय देंगे और राजस्थान के किसानों की जमीनों को हड़पने जो काम किया है, उसका कोई समाधन करेंगे क्या?

## प्रदेश में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

झोटवाड़ा में 1 नया मरीज मिला है। वहीं 2 संक्रमितों का पता गलत मिला है। प्रदेश में आज, गुरुवार को 9653 जांच की गई हैं।

दूसरी ओर, पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश में केवल 5 मरीज ही ठीक हुए, जिससे एक्टिव केस बढ़कर 91 हो गए हैं। इनमें 76 लोगों का इलाज जयपुर में चल रहा है।

प्रदेश में गुरूवार को करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। ज्ञातव्य है कि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

## 'मुख्यमंत्री समकक्ष...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नेताओं ने एक साथ कहा कि कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़े नेताओं को सरकार के इनाम में जबरदस्त तवज्जो मिली है। हंगामे के बाद प्रभारी रंधावा ने इन सभी को यह आश्वासन दिया कि आगे इनके साथ कुछ गलत नहीं होगा और कम से कम संगठन की नियुक्तियों में इन नेताओं को तवज्जो दी जाएगी।

रंधावा के साथ फीडबैक बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी यह स्वीकार किया कि सरकार को समर्थन देने वाले निर्दलीय और बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए विधायकों के चलते उनके निर्वाचन क्षेत्रों में रह चुके कांग्रेस प्रत्याशियों और उनके कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं हो सकी। वहीं, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी ने भी इस बात को स्वीकार किया कि इन विधानसभाओं में कांग्रेस के प्रत्याशी इग्नोर हुए हैं, लेकिन अब रंधावा के इस तरह के फीडबैक से कांग्रेस पार्टी को फायदा मिलेगा। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी मनीष यादव और सुभाष मील ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हम जैसे युवाओं को मौका दिया और कांग्रेस के ही बागियों के चलते हम चुनाव हारे। भाजपा के वोट हमारी विधानसभा में ना के बराबर थे, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बगावत करने वाले निर्दलीय एमएलए को सरकार में लाकर ताकत दी गई, जिससे न केवल हम कांग्रेस के उम्मीदवार विधानसभा में कमजोर हुए, बल्कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी इन निर्दलीय विधायकों ने प्रताड़ित किया। यहां तक कि इन विधायकों के चलते कांग्रेस के साथ रहे नेताओं को पंचायत या नगरपालिका में टिकट भी नहीं दिए गए। इन उम्मीदवार रहे नेताओं ने आरोप लगाया कि निर्दलियों ने अपनी विधानसभा क्षेत्र में पैसे लेकर सरकार का दुरुपयोग किया, जिससे आम जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि हमने प्रभारी रंधावा से इस बात की शिकायत की है कि इन लोगों ने हमारे क्षेत्र में कांग्रेस को मारने का काम किया है, जिस पर उन्होंने सकारात्मक रुख भी दिखाया है और आगे संगठन में नियुक्तियों के लिए हमें आश्वस्त किया है।

फीडबैक के दौरान ही एक नेता ने सुझाव दिया कि विधानसभा उम्मीदवार छह माह पूर्व ही तय किया जाए या फिर जिसे पार्टी चुनाव लड़ाना चाहती है उसे इस बारे में तैयार रहने का इशारा किया जाए।

## 'आरोपियों के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पेपर लीक मामले पर मलिंगा ने कहा कि यह बात बिल्कुल सही है कि पेपर लीक हुए हैं और इसमें कहीं न कहीं कमी है, इसे लेकर सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बेचारा गरीब आदमी जो साल के दो-दो लाख रु. खर्च कर रहा है उस पर अन्याय नहीं होना चाहिए। मलिंगा ने कहा कि छोटी-मोटी कार्रवाई से कुछ नहीं होगा। इस पर बड़ा एक्शन लेना होगा। पेपर लीक में कोई भी शामिल हो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने आरपीएससी को लेकर कहा कि सरकारी एजेंसी क्या इसलिए बनाई जाती है कि बार-बार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो, चाहे कितना भी बड़ा आदमी हो उसे माफ नहीं करना चाहिए।

मलिंगा बोले कि जो लोग पेपर लीक कर रहे हैं या नंबर दो के काम कर रहे हैं, उनके घर को ध्वस्त करना चाहिए। चाहे इनकी कितनी भी प्रॉपर्टी है, उस पर योगी की तरह बुलडोजर चलाना चाहिए। ये बेईमानी का धंधा है, इसे खत्म करना चाहिए।

## क्षेत्रीय राजनीतिक दल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांधला, उंचा गांव और कैराना से होकर गुजरेगी।

राहुल गांधी के नेतृत्व वाली यात्रा का उद्देश्य देश को प्रेम और घ्रणा से युक्त कर एकजुट करना है, लेकिन उत्तर प्रदेश के तीनों प्रमुख नेताओं के इसमें शामिल होने से इन्कार करने का प्रमुख कारण यह है कि यह यात्रा एक ऐसे राजय की राजनीतिक भूमि पर हो रही है जहां से लोकसभा के लिए 80 सांसद निर्वाचित कर भेजे जाते हैं।

सूत्रों ने बताया कि अखिलेश और जयन्त, दोनों ही कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश से नाराज हैं जिन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हाल ही के हफ्तों में क्षेत्रीय दलों की भूमिका को बहुत कम महत्व दिया है।

यादव और चौधरी, दोनों का यह मानना है कि कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में कोई जनाधार शेष नहीं रह गया है क्योंकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में राज्य में कांग्रेस के सिर्फ दो ही सांसद जीते थे। एक तो अमेठी से राहुल गांधी और दूसरा रायबरेली से सोनिया गांधी, जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी चुनाव हार गए थे। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ 2 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे।

सपा और आर.एल.डी. को लगता है कि यदि वे दोनों यात्रा में शामिल हो गए तो उनके समर्थकों की कांग्रेस के प्रति विश्वसनीयता बढ़ जाएगी। दोनों नेता कांग्रेस को उत्तर प्रदेश के रिक्त राजनैतिक स्थान को भरने की अनुमति देने के लिए तैयार नहीं है और कांग्रेस भी उन्हें मध्य प्रदेश, राजस्थान कर्नाटक या अन्य ऐसे राज्यों में समायोजित करने के मूड़ में हीं हैं जहां उसकी राजनीतिक स्थिति सुदृढ़ है।

लखनऊ के प्रो. रमेश दीक्षित ने राष्ट्रदूत को बताया कि बताया कि क्षेत्रीय पार्टियों के साथ कांग्रेस का व्यवहार स्वयं को श्रेष्ठ मानकर चलने वाला रहा है। प्रो. दीक्षित, जो स्वयं एक राजनेता हैं, ने कहा कि भाजपा के विरूद्ध किए जाने वाले किसी भी संयुक्त संघर्ष में कांग्रेस अपने लिए सीटों के बड़े शेयर की मांग करती है और उन सीटों पर उनके अधिकांश नेता हा जाते हैं।

उसके नेताओं में कुछ हजार से अधिक वोट प्राप्त करने की सामर्थ्य नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बहुत ही सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है और भारत जोड़ो यात्रा से मिल रहे रिस्पांस से उसे भावनाओं में बहने की जरूरत नहीं है। अपने जनाधार को वोटों में तब्दील करने के लिए कांग्रेस को और अधिक मेहनत करनी होगी।

एक परिपक्व राजनीतिक पर्यवेक्षक राम प्रसाद विभोर ने कहा कि क्षेत्रीय नेताओं में अहम बहुत है ओर इसीलिए उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि भाजपा से मुकाबला कर उसे हराया जाना चाहिए कांग्रेस के लिए क्षेत्रीय पार्टियों को मांगों को कभी-कभी स्वीकार किए जाने की आवश्यकता है। भले से इसे पूर्णतया उचित नहीं माना जा सकता।

## राज्यपाल ने विधानसभा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को इस सम्बंध में प्रभावी कार्य योजना बना कर कार्य करने को कहा। उन्होंने कोचिंग संस्थाओं के प्रभावी नियन्त्रण, वहां शुल्क का निर्धारण, तनाव व दबाव रहित शिक्षण व्यवस्था, साप्ताहिक अवकाश, उचित स्वास्थ्य देखभाल, योग एवं खेल के माध्यम से तनाव प्रबन्धन जैसे मुद्दों को सम्मिलित करते हुए इस सम्बंध में शीघ्र कुछ किए जाने के भी सुझाव दिए।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री गहलोत के समक्ष विभिन्न समाचार पत्रों में पेपर लीक के संबंध में प्रकाशित खबरों पर भी गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लोक सेवा के लिए कार्मिकों का चयन पारदर्शी तरीके से किया जाना राज्य सरकार का संवैधानिक और नैतिक दायित्व है। उन्होंने राज्य सरकार स्तर पर इस सम्बंध में तत्काल उचित कार्ययोजना का निर्माण करते हुए उसका कठोरता से अनुपालन करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक होना परीक्षा की तैयारी कर रहे लाखों बेरोजगार युवाओं के साथ छल है। इससे लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य जुड़ा हुआ है। उन्होंने पेपर लीक करने में संलिप्त कोचिंग संस्थानों, संगठित अपराधियों और भर्ती संस्थानों के पदाधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने की आवश्यकता जताई।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल मिश्र ने मुख्यमंत्री गहलोत को पेपर लीक प्रकरण और कोटा में कोचिंग संस्थाओं में छात्र-छात्राओं की बढ़ती आत्महत्याओं में त्वरित संज्ञान लेकर कार्यवाही करने के लिए पृथक से पत्र भी लिखे हैं।

## यू.पी. के क्षेत्रीय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है, के राज्य-स्तरीय गठबन्धनों के लिये प्रयासरत हैं।

राहुल गांधी की यात्रा को कई विपक्षी नेताओं, जिनमें डी.एम.के. के एम.के. स्टालिन, शिवसेना यू.बी.टी. के आदित्य ठाकरे तथा एम.एन.एम. के कमल हासन भी शामिल हैं, का समर्थन मिला है, जबकि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों महबूबामुफ्ती तथा फारूक अब्दुल्ला-के यात्रा के अन्तिम चरण में शामिल होने की सम्भावना है। लेकिन उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों के बीच एकता की उम्मीदे ध्वस्त हो गई हैं।

अखिलेश यादव के अतीत के गठबन्धन अनुभव अच्छे नहीं रहे हैं। 2017, समझौते के अनुसार, कांग्रेस को 100 सीटें आवंटित की गई थीं लेकिन कांग्रेस केवल 7 सीटें ही जीत पाई थी। 2019 के लोकसभा चुनावों में, बसपा, सपा की 5 सीटों की तुलना में 10 सीटें जीतकर अपेक्षाकृत बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी।

इस समय, जब राहुल गांधी अपनी यात्रा के कारण, राजनैतिक आकर्षण हासिल कर रहे हैं, अखिलेश स्वयं को कांग्रेस से दूर रखना चाहते हैं। सपा के हल्कों में यह माना जा रहा है कि अगर अखिलेश, राहुल गांधी के साथ गठबन्धन करते हैं तो कांग्रेस, सपा की कीमत पर लाभ में रहेगी। इसके साथ ही, सपा के हल्कों में यह भी आशंका है कि राहुल की यात्रा छोटी-मोटी पार्टियों तथा जातिगत ग्रुपों को अपनी और खींचेगी, जिन्होंने इस साल हुये विधान सभा चुनावों में सपा को समर्थन दिया था।

# 'अब कहीं से भी अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए कर सकेंगे मतदान'

## चुनाव आयोग ने रिमोट वोटिंग की सुविधा देने की योजना बना रहा है तथा इसके लिए सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों से चर्चा की जायेगी

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर। अब देश में कहीं से भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव हो सकेगा। भारतीय निर्वाचन आयोग ने रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से गृह नगर से देश में अन्य जगह बसे नागरिकों को रिमोट वोटिंग की सुविधा देने पर काम शुरू कर दिया है। इस पहल से प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए वापस अपने गृह राज्य / नगर जाने की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि वह घरेलू प्रवासियों के लिए

- **चुनाव आयोग की इस पहल से प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए वापस अपने गृह राज्य / नगर जाने की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी।**
- **चुनाव आयोग इसके लिए एक प्रोटोटाइप आर.वी.एम. (रिमोट वोटिंग मशीन) तैयार करवा रहा है।**

रिमोट वोटिंग की सुविधा तैयार है, जिससे प्रवासी मतदाताओं को मतदान करने के लिए अपने गृह राज्यों की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है। दरअसल, आयोग ने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आर.वी. एम.) विकसित की है और इसके प्रदर्शन के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों को आमंत्रित किया है।

प्रोटोटाइप आर.वी.एम. एक रिमोट पोलिंग बूथ से कई निर्वाचन क्षेत्रों को संभाल सकता है। इसकी खूबी यह है कि यह एक रिमोट पोलिंग बूथ से ही 72 तक निर्वाचन क्षेत्रों का मतदान करा सकती है। बता दें कि आम चुनाव 2019 में मतदाता मतदान 67.4 प्रतिशत था। जिस कारण चुनाव आयोग 30 करोड़ से अधिक मतदाताओं के अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करने के मुद्दे के बारे में चिंतित है। साथ ही आयोग ने यह भी कहा कि विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अलग-अलग मतदान होते हैं। आयोग ने बहु-निर्वाचन क्षेत्र प्रोटोटाइप रिमोट ई.वी.एम. सिस्टम का प्रदर्शन करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त 8 राष्ट्रीय और 57 राज्यीय दलों को 16 जनवरी 2023 को आमंत्रित किया है। इस अवसर पर आयोग की तकनीकी विशेषज्ञ समिति के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। आयोग ने इस सिस्टम में किसी भी तरह के बदलाव या आपत्ति दर्ज कराने को लेकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से 31 जनवरी 2023 तक लिखित जवाब देने का भी अनुरोध किया है।

## तमिलनाडू सरकार अपना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। सरकार एक "स्टेट फैमिली डेटाबेस (एस.एफ.डी.बी.) है, जिसे राज्य के लिये " सिंगल सोर्स ऑफ रेज़िडेन्ट डाटा" बताया जा हा है। ऐसा माना जा रहा है कि एस.एफ.डी.बी., जो प्रत्येक नागकि को यूनिक मक्कल आई.डी. उपलब्ध करायेगा, नागरिकों के डेटा के व्यापक भण्डार का काम करेगा।

तमिलनाडु सरकार के सूत्रों ने इस बात से इनकार किया कि प्रस्तावित आईडेन्टिफिकेशन नम्बर हर तरह से आधार जैसा ही है। आधार के विपरीत, तमिलनाडुवारियों को कोई फिज़िकल कार्ड नहीं दिया जायेगा। यह एक ऐसा बैकएन्ड नम्बर होगा, जो, भिन्न स्पैलिंग या अन्य कारणों से, किसी व्यक्ति की डुप्लीकेट पहचान से बचने में सरकार की मदद करेगा। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि मक्कल आई.डी. का उद्देश्य भिन्न-भिन्न प्रकार के डेटाबेस, जो विभिन्न सरकारी विभागों में अस्तित्व में हैं, को एकीकृत करना होगा।

लेकिन भाजपा इसके पीछे डी.एम.के. नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार की कोई ऐसी कुत्सित चाल देख रही है जिसका उद्देश्य केन्द्र सरकार के आधार कार्ड की जड़ खोदना है। भाजपा का कहना है कि आधार कार्ड की जड़ खोदना है। भाजपा का कहना है कि आधार कार्ड के जरिये भ्रष्टाचार के मामले तथा कल्याणकारी योजनाओं की अनेकानेत "लीकेज" जानकारी में आई हैं। तमिलनाडु के भाजपा उपाध्यक्ष नारायणन त्रिपाठी ने कहा, "द्रमुक सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त होना चाहती है तथा यही कारण हे कि वह आधार को हटाकर, अपना निजी नम्बर लाना चाहती है, जिसमें कोई भी धांधली कर सके।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908